RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 105
नई दिल्ली, शनिवार, 18 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



आने वाले समय में हिंदी का महाकुंभ बनेगा विश्व हिंदी सम्मेलन

विदेश-10

# शिंदे धड़े वाली ही असली शिवसेना

## ● चुनाव आयोग ने सत्तासीन गुट को ही तीर-कमान चुनाव चिह्न आवंटित करने का आदेश दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**कई** महीनों की रस्साकशी के बाद आखिर महाराष्ट्र में बाला साहेब ठाकरे की स्थापित राजनीतिक पार्टी शिवसेना मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट को मिल गई है। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को शिंदे के नेतृत्व वाले समूह को ही शिवसेना नाम और उसका चुनाव चिह्न तीर-कमान आवंटित कर दिया। चुनाव आयोग के इस कदम को उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

शिंदे द्वारा दायर छह महीने पुरानी याचिका पर सर्वसम्मत आदेश में तीन सदस्यीय आयोग ने ठाकरे गुट को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नाम और मशाल चुनाव चिह्न को बनाए रखने की अनुमति दी, जो उसे राज्य में विधानसभा उपचुनावों के समाप्त होने तक एक अंतरिम आदेश में दिया गया था। यह पहली बार है जब ठाकरे परिवार ने 1966 में बालासाहेब ठाकरे द्वारा स्थापित पार्टी का नियंत्रण खो दिया है। पार्टी ने हिंदुत्व को अपनी प्रमुख विचारधारा के रूप में अपनाया था और 2019 तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन किया था, जब उद्धव ठाकरे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस की मदद से सरकार बनाने के लिए गठबंधन तोड़ दिया था। आयोग ने 78 पृष्ठ के अपने आदेश में कहा है कि पार्टी का नाम शिवसेना और पार्टी का चिह्न तीर-कमान याचिकाकर्ता गुट द्वारा बनाए रखा जाएगा। इसने कहा कि पिछले साल अक्टूबर में शिंदे गुट को आवंटित बालासाहेबंची शिवसेना का नाम और दो तलवारें और ढाल के चिह्न पर तत्काल प्रभाव से रोक लग जाएगी और इसका उपयोग नहीं किया जाएगा। आयोग ने कहा कि वर्ष 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना के 55 विजयी उम्मीदवारों में से एकनाथ शिंदे का समर्थन करने वाले विधायकों के पक्ष में लगभग 76 फीसदी मत पड़े। महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनाव में शिवसेना के विजयी उम्मीदवारों के पक्ष में मिले मतों से 23.5 प्रतिशत मत उद्धव ठाकरे धड़े के विधायकों को मिले थे। आयोग ने कहा कि प्रतिवादी (ठाकरे गुट) ने चुनाव चिह्न और संगठन पर दावा करने के लिए पार्टी के 2018 के संविधान पर बहुत भरोसा किया था, लेकिन पार्टी ने संविधान में संशोधन के बारे में आयोग को सूचित नहीं किया था। आयोग ने कहा कि शिवसेना का 2018 में संशोधित किया गया संविधान आयोग के रिकॉर्ड में नहीं है। आयोग ने कहा कि उसने पाया कि पार्टी का संविधान, जिस पर ठाकरे गुट पूरा भरोसा कर रहा था, अलोकतांत्रिक था।

### फैसले से वास्तविक लोगों की जीत हुई: शिंदे

**पायनियर समाचार सेवा।** मुम्बई



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एक नाथ शिंदे ने निर्वाचन आयोग द्वारा उनके धड़े को वास्तविक शिवसेना के रूप में मान्यता दिए जाने के फैसले को सचाई एवं लोगों की जीत बताया। उन्होंने आयोग के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संवाददाताओं से कहा कि मैं निर्वाचन आयोग को धन्यवाद देता हूं। लोकतंत्र में बहुमत का महत्व होता है। यह सच्चाई और लोगों की जीत है और साथ ही यह बालासाहेब ठाकरे का आशीर्वाद भी है। हमारी शिवसेना वास्तविक है। भाजपा नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि एकनाथ शिंदे के पक्ष में आए निर्वाचन आयोग के फैसले ने तय कर दिया है कि शिंदे असली शिवसेना का (शेष पेज 8)

### आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे : ठाकरे

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**शिवसेना** (ठाकरे गुट) नेता उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे गुट को वास्तविक शिवसेना मानने संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले को शुक्रवार को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि हम एकनाथ शिंदे गुट को वास्तविक शिवसेना के रूप में मान्यता देने संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगे। ठाकरे ने उपनगरीय बांद्रा में अपने मातोश्री आवास पर संवाददाताओं से कहा कि शिंदे गुट ने हमारे तीर-कमान चिह्न को चुरा लिया है, लेकिन लोग इस चोरी का बदला लेंगे। उन्होंने दावा किया कि भारत में कोई लोकतंत्र नहीं बचा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह घोषणा करनी चाहिए कि देश में तानाशाही शुरू (शेष पेज 8)

# सीलबंद लिफाफे में स्वीकार नहीं सरकार के सुझाव: सुप्रीम कोर्ट

## ● पीठ ने कहा- पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ऐसा नहीं कर सकते, अदालत स्वयं बनाएगी समिति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अडाणी-हिंडनबर्ग मामला



**अडाणी**-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट से केंद्र सरकार को झटका लगा है। सर्वोच्च न्यायालय ने हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों के बाद हाल में अडाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट के मद्देनजर बाजार के लिए नियामक उपायों को मजबूत बनाने की खातिर विशेषज्ञों की समिति पर केंद्र के सुझाव को सीलबंद लिफाफे में स्वीकार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया।

पीठ ने कहा कि वह निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखना चाहती है। इसलिए वह सीलबंद लिफाफे में केंद्र सरकार के सुझाव को स्वीकार नहीं करेगी। इसके साथ ही, पीठ ने किसी मौजूदा न्यायाधीश से प्रस्तावित समिति के कामकाज की निगरानी की संभावना से भी इनकार किया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और जनहित याचिकाकर्ताओं की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम इसे आदेश के लिए बंद कर रहे हैं। सुनवाई की शुरुआत में विधि अधिकारी ने कहा कि उन्होंने सीलबंद लिफाफे में समिति के सदस्यों के नाम और दायरे पर एक नोट दिया है।

उन्होंने कहा कि इसे दो इरादों को ध्यान में रखकर दिया गया है। पहला- एक समग्र दृष्टिकोण लिया जाना है ताकि सचाई सामने आए। दूसरा- शेयर बाजार पर प्रभाव डालने वाला कोई अनपेक्षित संदेश बाहर नहीं जाए, क्योंकि यह धारणाओं पर आधारित बाजार है। पीठ के समक्ष शेयर बाजार के निवेशकों को हुए नुकसान का जिक्र किया गया। विधि अधिकारी ने कहा कि उन्हें किसी भी न्यायाधीश द्वारा समिति की निगरानी पर कोई आपत्ति नहीं है। पीठ ने कहा कि हम सीलबंद लिफाफे में सुझावों को स्वीकार नहीं करेंगे। हम पारदर्शिता सुनिश्चित करना चाहते हैं। यदि हम सीलबंद लिफाफे में आपके सुझाव लेते हैं, तो इसका स्वत: मतलब है कि दूसरे पक्ष को कोई जानकारी नहीं होगी। पीठ ने यह भी कहा कि हम निवेशकों की सुरक्षा के लिए पूर्ण पारदर्शिता चाहते हैं। हम एक समिति बनाएंगे। इससे अदालत के प्रति भरोसे की भावना होगी।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश मामले की सुनवाई कर सकते हैं और वे समिति का हिस्सा नहीं हो सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने 10 फरवरी को कहा था कि अडाणी समूह के शेयरों की कीमतों में भारी गिरावट की पृष्ठभूमि में भारतीय निवेशकों के हितों को बाजार की अस्थिरता को देखते हुए संरक्षित करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही न्यायालय ने केंद्र से नियामक तंत्र को मजबूत बनाने के लिए एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में क्षेत्र के विशेषज्ञों की एक समिति बनाने पर विचार करने को कहा था। वकील एम एल शर्मा और विशाल तिवारी, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश (शेष पेज 8)

बीबीसी सर्वे

## सीबीडीटी ने कहा आंकड़े दुरुस्त नहीं

**नई दिल्ली।** मीडिया समूह बीबीसी की भारत में संचालित विभिन्न संस्थाओं की तरफ से दिखाई गई आय और लाभ के आंकड़े भारत में उनके परिचालन के अनुरूप नहीं हैं। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह दावा किया गया। यह बयान ब्रिटिश मीडिया इकाई के खिलाफ तीन दिनों तक चले आयकर अधिकारियों के सर्वे के एक दिन बाद आया है। आयकर विभाग के प्रशासनिक निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने अपने बयान में मीडिया संगठन का नाम लिए बगैर कहा कि एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मीडिया कंपनी की विदेशी इकाइयों ने विदेश भेजी गई कुछ रकम पर कर का भुगतान नहीं किया है। हालांकि आयकर अधिकारियों ने यह साफ किया कि इस बयान का संबंध ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के भारत स्थित परिसरों पर हुए सर्वे से संबंधित है। आयकर विभाग का सर्वे ऑपरेशन करीब 60 घंटों तक दिल्ली एवं मुंबई स्थित परिसरों पर चला। गत 14 फरवरी को शुरू हुआ यह ऑपरेशन बृहस्पतिवार रात को जाकर खत्म हुआ।

# मेयर चुनाव में मतदान नहीं कर सकेंगे मनोनीत पार्षद

## ● सुप्रीम कोर्ट ने मेयर चुनाव के लिए 24 घंटे में अधिसूचना जारी करने का दिया आदेश भाजपा को झटका

## ● एल्डरमैन यानी मनोनीत पार्षदों के वोट डालने की उपराज्यपाल व निगम की दलीलों को कोर्ट ने किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**सुप्रीम** कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी को झटका देते हुए निर्देश दिया है कि दिल्ली के महापौर चुनाव में मनोनीत पार्षद वोट नहीं डाल पाएंगे।

मनोनीत पार्षदों के वोट डालने को लेकर उठे विवाद के कारण तीन बार से मेयर चुनने की कोशिश नाकाम हो चुकी है। कोर्ट के फैसले से निगम सदन में चल रही रस्साकशी अब खत्म हो सकती है। कड़ा रुख अपनाते हुए सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को महापौर, उप महापौर और स्थाई समिति के सदस्यों के चुनाव की तारीख तय करने के लिए एमसीडी की पहली बैठक बुलाने को लेकर 24 घंटे के भीतर नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मनोनीत पार्षद महापौर के चुनाव में मतदान नहीं कर सकते हैं।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला की पीठ ने निर्देश दिया कि दिल्ली के महापौर का चुनाव एमसीडी की पहली बैठक में कराया जाएगा और महापौर के निर्वाचन के बाद वह उपमहापौर के चुनाव की अध्यक्षता करेंगे। एमसीडी पिछले तीन मौकों पर हंगामे के बीच महापौर का चुनाव नहीं कर सकी, क्योंकि मनोनीत सदस्यों के मतदान के अधिकार को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षदों के बीच हर बार टकराव हो गया। शीर्ष अदालत का आदेश सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय द्वारा जल्द चुनाव कराने के लिए दायर याचिका पर आया है।

पीठ ने उपराज्यपाल की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और नगर निगम का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) संजय जैन की इस दलील को खारिज कर दिया कि महापौर चुनाव में एल्डरमैन (उपराज्यपाल द्वारा एमसीडी में नामित पार्षद) मतदान कर सकते हैं। पीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि दिल्ली नगर निगम एक महत्वपूर्ण वैश्विक (शेष पेज 8)

## अरुणाचल को भारत का अभिन्न अंग बताने वाला प्रस्ताव अमेरिकी संसद में पेश

**भाषा।** वाशिंगटन

**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति को बदलने की चीन की सैन्य आक्रामकता का विरोध करते हुए अमेरिकी सीनेट में अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देने के लिए बृहस्पतिवार को एक द्विदलीय प्रस्ताव पेश किया गया। इस प्रस्ताव में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति को बदलने के लिए चीन द्वारा सैन्य बल के उपयोग, विवादित क्षेत्रों में गांवों के निर्माण, भारतीय राज्य अरुणाचल के शहरों एवं क्षेत्रों के लिए मंदारिन भाषा के नामों के साथ मानचित्रों का प्रकाशन करने तथा भूटान में चीन के क्षेत्रों के विस्तार समेत चीनी उकसावे की निंदा की गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि चीन अरुणाचल प्रदेश के अपना क्षेत्र होने का दावा करता है और इसे वह दक्षिण तिब्बत कहता है और उसने अपनी आक्रामक और विस्तारवादी नीतियों के तहत ए दावे किए हैं। डेमोक्रेट पार्टी के नेता जेफ मर्कले और रिपब्लिकन नेता (शेष पेज 8)

# भाजपा ने अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस पर किया पलटवार

## ● भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को निशाना बनाने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस पर जोरदार हमला करते हुए उन पर न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बल्कि भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली को भी निशाना बनाने का आरोप लगाया। वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने संवाददाताओं से कहा कि सोरोस का ऐलान भारत के खिलाफ युद्ध थोपने जैसा है और इस युद्ध तथा भारत के हितों के बीच में मोदी खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि सभी को एक स्वर में सोरोस की टिप्पणी की निंदा करनी चाहिए। सोरोस ने कहा है कि भारतीय व्यवसाई गौतम अडानी के कारोबारी साम्राज्य में उथल-पुथल ने निवेश के अवसर के रूप में भारत में विश्वास को हिला दिया है और यह भारत में लोकतांत्रिक पुनरुद्धार के द्वार खोल सकता है। सोरोस ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से पहले अपने एक भाषण में कहा, मोदी इस विषय पर चुप हैं, लेकिन उन्हें विदेशी निवेशकों और संसद में सवालों के जवाब देने होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने कहा, यह भारत की संघीय सरकार पर मोदी की मजबूत पकड़ को काफी कमजोर करेगा और बहुत जरूरी संस्थागत सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए दरवाजे खोलेगा।

मैं भोला हो सकता हूं, लेकिन मैं भारत में लोकतांत्रिक पुनरुद्धार की उम्मीद करता हूं। ईरानी ने आरोप लगाया कि सोरोस भारतीय लोकतंत्र को तबाह करना चाहते हैं और चाहते हैं कि यहां कुछ चुनिंदा लोग सरकार चलाएं। ईरानी ने दावा किया कि सोरोस ने भारत समेत विश्व की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में हस्तक्षेप के लिए एक अरब डॉलर से अधिक का कोष बनाया है। उन्होंने कहा, एक विदेशी ताकत जिसके केंद्र बिंदु में जॉर्ज सोरोस (शेष पेज 8)

## स्कूटी के वीआईपी नंबर के लिए 1.12 करोड़ की बोली

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला

**शौक** के लिए लोग क्या-क्या करने को तैयार हो जाते हैं! हिमाचल प्रदेश में अपनी स्कूटी के लिए वीआईपी नंबर लेने को एक व्यक्ति ने 1.12 करोड़ रुपए की बोली लगा दी। यह चौंकाने वाला मामला शिमला जिले के तहत आने वाले कोटखाई का है, जहां वाहन मालिक पंजीकरण और लाइसेंसिंग प्राधिकरण को वीआईपी नंबर (एचपी 99-9999) हासिल करने के लिए भारी-भरकम रकम चुकाने के लिए तैयार है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बोली के लिए आरक्षित मूल्य 1000 रुपए था। इस वीआईपी नंबर को लेने के लिए 26 लोग बोली लगा रहे थे। सर्वाधिक ऑनलाइन बोली 1,12,15,500 की प्राप्त हुई है। शुक्रवार को बोली की प्रक्रिया बंद हो गई। सबसे ऊंची बोली लगाने वाले का विवरण अभी ज्ञात नहीं है और यदि वह पैसे जमा नहीं करता है तो नंबर दूसरे बोली लगाने वाले के पास चला जाएगा। (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,002 | ↓ 316 | |
| निफ्टी | 17,944 | ↓ 91 | |
| सोना | 55,950 | ↓ 285 | /10g |
| चांदी | 65,005 | ↓ 620 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### कराची में पुलिस प्रमुख कार्यालय पर आतकंवादी हमला, चार की मौत

**कराची।** पाकिस्तान से सबसे घनी आबादी वाले शहर कराची में शुक्रवार को आठ हथियारबंद आतंकवादियों ने पुलिस प्रमुख कार्यालय पर हमला कर दिया, जिसके बाद अर्धसैनिक बलों और हमलावरों के बीच शुरू हुई भीषण गोलीबारी में दो आतंकवादी और दो अन्य लोग मारे गए। देशभर में आतंकी हमलों में वृद्धि के बीच सुरक्षा बलों पर हुआ यह ताजा हमला है। हमला स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 7 बजकर 10 मिनट पर हुआ। कराची पुलिस के एक प्रवक्ता ने एक बयान में पुष्टि की कि कराची पुलिस प्रमुख के मुख्यालय पर हमला हुआ है। बयान में कहा गया है, "गोलीबारी जारी है। कराची के पुलिस प्रमुख जावेद ओदहो ने भी एक ट्वीट कर पुष्टि की कि उनके कार्यालय पर हमला हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

# टीटीपी और हिज्बुल आतंकी संगठनों की सूची में बने रहेंगे

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक समीक्षा बैठक के बाद कहा कि पाकिस्तान स्थित और कश्मीर केंद्रित हिज्बुल मुजाहिदीन और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) वैश्विक आतंकवादी संगठन बने रहेंगे और उनके दर्जे में बदलाव का कोई कारण नजर नहीं आता।

तहरीक -ए-तालिबान पाकिस्तान, हिज्बुल मुजाहिदीन और आर्मी ऑफ इस्लाम (एवं अन्य सहयोगी संगठनों) के विदेशी आतंकवादी संगठनों के दर्जे पर समीक्षा बैठक के बाद बृहस्पतिवार को संघीय रजिस्टर में ब्लिंकन का बयान अधिसूचित किया गया। ब्लिंकन ने कहा कि प्रशासनिक रिकॉर्ड की समीक्षा और अटॉर्नी जनरल तथा वित्त मंत्री से विचार विमर्श के बाद वह इस नतीजे पर पहुंचे कि जिन परिस्थितियों के आधार पर इन्हें विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था वे अब भी नहीं बदली हैं। (शेष पेज 8)

### सरकार ने जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** केंद्र ने शुक्रवार को दो समूहों पर प्रतिबंध लगा दिया और विध्वंसक और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए एक व्यक्ति को आतंकवादी घोषित कर दिया। केंद्र ने जम्मू एंड कश्मीर गजनवी फोर्स (जेकेजीएफ) पर प्रतिबंध लगा दिया, जिसका गठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी संगठनों के आतंकवादियों को लेकर किया गया है। सरकार ने खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) पर भी प्रतिबंध लगा दिया, (शेष पेज 8)

# तुर्किये का दिल जीतकर वतन लौटे हिंदीस्तानी





टीम से मिलते एनडीआरएफ के डीआईजी गंभीर सिंह चौहान। गाजियाबाद के हिंडन एयर बेस पर शुक्रवार को तुर्किये में 10 दिन तक राहत बचाव अभियान पूरा कर वापस लौटी एनडीआरएफ टीम।

**अजीत तिवारी।** नई दिल्ली/गाजियाबाद

## ● टीम की वापसी के दौरान एयरपोर्ट के बाहर बिलख पड़ी महिला कहा- खुदा के फरिश्ते दस दिन बाद घर लौटे

## ● भारतीय दल के ऑपरेशन दोस्त ने मिलाया दिलों को, माइनस सात डिग्री का तापमान भी नहीं डिगा सका हौसले को

**तुर्किए** में विनाशकारी भूकंप के बाद राहत-बचाव कार्य के लिए पहुंचा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) करीब दस दिन तक वहां काम करने के बाद शुक्रवार को वतन लौट आया।

लेकिन इस छोटे से अंतराल में जलजले की भयानक त्रासदी के बीच कई खुशनुमा यादें भी लेकर यह टीम लौटी है। माइनस सात डिग्री सेल्सियस की हाड़ जमा देने वाली ठंड में मलबों के ढेर में लगातार जिंदगी की आस ढूंढते इन हिंदीस्तानियों (तुर्किए के लोगों ने भारतीय टीम को प्यार से यह नाम दिया था) ने कब तुर्किए के बाशिंदों के दिलों में जगह बना ली, यह उन्हें भी पता नहीं चला। ऑपरेशन दोस्त के तहत एनडीआरएफ की चार टीम राहत बचाव कार्य में जुटी थीं।

टीम जब वतन वापसी के लिए एयरपोर्ट पर पहुंची तो अपने हिंदीस्तानी मददगारों से बिछड़ने के गम में एक महिला फूट फूट कर रोने लगी थी। उसकी आंखों में आंसू और हाथ दुआओं के लिए उठे थे। सदस्यों के पूछने पर महिला ने जो बयां किया वह दिल को छू लेने वाला था। महिला ने कहा कि वह नहीं चाहती कि पिछले 10 दिनों से उसके अपनों के लिए दिन रात एक कर देने वाले ये (शेष पेज 8)

### मलबे से दो जीवित और 183 शव निकाले

**एनडीआरफ** गाजियाबाद के प्रवक्ता राकेश चौहान ने बताया कि टीम ने तुर्किये के नूरदाग और हताये में बचाव अभियान चलाया था। जिसके तहत एनडीआरएफ ने दो लोगों को जीवित और 183 शव भी मलबे से निकाला था। जिंदा बाहर निकलने वालों में एक बच्ची भी थी। इसके अलावा हमारी एनडीआरएफ की टीम ने 34 आपदा वाले स्थान को क्लीयर किया।

### कुछ न मिला तो शाकाहारियों के लिए टमाटर-नमक लेकर आए

**डिप्टी** कमाडेंट दीपक तलवार ने कहा कि राहत-बचाव के दौरान भारतीय दल की स्थानीय लोगों ने बहुत मदद की। उनको जब पता चला कि अधिकांश भारतीय शाकाहारी हैं तो अभियान के दौरान कुछ न कुछ खाने को देते थे। कई बार तो टमाटर में नमक डालकर लाते थे। हालांकि टीम खाने से लेकर जरूरत का हर सामान अपने साथ ले गई थी। इसके बावजूद लोगों का प्यार और मदद काबिले तारीफ रहा।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 18 फरवरी, 2023



# अगले साल तैयार होगी नोएडा प्राधिकरण की नई बिल्डिंग, मिलेंगी तमाम आधुनिक सुविधाएं

● इमारत का 62 प्रतिशत काम पूरा



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-96 में बन रहे प्राधिकरण के ऑफिस की नई डेड लाइन एक जनवरी 2024 तय की गई है। प्राधिकरण के सभी क्षेत्रीय और प्रशासनिक कार्यालय नई बिल्डिंग में शिफ्ट किए जाएंगे।

इमारत का 62 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इससे पहली निर्माण कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जा चुका है। अब नए अनुबंध के तहत एमएस एसटी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इसका निर्माण कर रही है। जोकि प्रिंट रेट से 8.88 प्रतिशत अधिक है। कंपनी इमारत का निर्माण कर जनवरी 2024 में प्राधिकरण को हैंडओवर कर देगी।

प्राधिकरण की नई बिल्डिंग को बनाने के लिए प्रतिभा इंडस्ट्री लिमिटेड को चुना गया था। उसे 2019 तक निर्माण पूरा करना था।

तीन बार एक्सटेंशन देने के बाद निर्माण कार्य की गति काफी धीमी रही। इसलिए कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया था। जिस समय कंपनी ने काम करना बंद किया उस समय तक वो टावर.1 में ग्राउंड प्लस तीन फ्लोर और टावर.2 में ग्राउंड प्लस सात फ्लोर और ऑडिटोरियम का स्ट्रक्चर कार्य पूरा कर चुकी थी। यही नहीं टावर.1 में तीसरे फ्लोर तक प्लास्टर कार्य व स्टोन फ्लोरिंग दूसरे फ्लोर तक कर चुका था। प्राधिकरण वरिष्ठ प्रबंधक ने बताया कि कुल लागत बजट 231.91 करोड़ के सापेक्ष फर्म की ओर से 116.05 करोड़ रुपए खर्च किया जा चुका था। दो साल तक काम बंद रहने के बाद प्राधिकरण ने अक्टूबर में दोबारा से कार्य के लिए निविदा जारी की। इस बार 11 अक्टूबर 2022 को एसटी कंस्ट्रक्शन के साथ प्राधिकरण ने एग्रीमेंट साइन किया। कंपनी ने बचे हुए काम को 92 करोड़ 37 लाख रुपए में पूरा करेगी। ये काम 2024 जनवरी तक पूरा करना है। खास ये है कि ये टेंडर रिस्क कास्ट पर जारी किए गए। फिलहाल निर्माण कार्य जारी है।

### इमारत में यह खास

- परियोजना का निर्माण 24 हजार वर्गमीटर किया जा रहा है।
- पहला टावर ग्राउंड प्लस 3 यानी चार मंजिल बनेगा
- दूसरा टावर ग्राउंड प्लस सात फ्लोर कुल आठ फ्लोर का।
- आडिटोरियम 1780 वर्गमीटर क्षमता 488 नग

# मेडिकल पार्क के काम को तेज करने के निर्देश

● मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने किया औद्योगिक सेक्टर का दौरा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यूपी सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा द्वारा यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टर 28, 29, 32 33, मेडिकल डिवाइसेज पार्क, टॉय पार्क, अपेरल पार्क, एमएसएमई पार्क आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव महोदय द्वारा कार्यों की विकास की गति को और बढ़ाने तथा लैंडस्केपिंग पर अधिक कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

मुख्य सचिव महोदय द्वारा प्राधिकरण के सेक्टर 32 में स्थापित एवरी डेनिसन कंपनी का निरीक्षण भी किया गया। एवरी डैनीसन कंपनी के कार्यालय विश्व के 50 देशों में हैं।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण में 12 एकड़ में स्थापित इस कंपनी में लेटेस्ट हाई स्पीड कोटिंग टेक्नोलॉजी की मशीनरी लगाई गई है। कंपनी के एचआर साउथ एशिया निदेशक अमिताभ सागर वाइस प्रेसिडेंट एवं अजय कुमार द्वारा अपनी टीम के साथ मुख्य सचिव महोदय का स्वागत किया गया। एवरी डेनिशन कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा कदम कदम पर दिये गए सहयोग के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया।

तदोपरांत मुख्य सचिव द्वारा फैक्ट्री परिसर का भ्रमण किया गया तथा फैक्ट्री में लगी नवीनतम टेक्नोलॉजी की मशीनरी से सम्बंधित जानकारी प्राप्त की गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य सचिव महोदय के अतिरिक्त अनिल सागर, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास विभाग, डॉक्टर अरुण वीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण, मोनिका रानी, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, रवीन्द्र सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, शैलेंद्र भाटिया, विशेष कार्याधिकारी, शैलेंद्र कुमार सिंह, विशेष कार्याधिकारी, केके सिंह, महा प्रबंधक परियोजना सहित प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों के साथ उपस्थित रहे।



यूपी सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा अन्य पदाधिकारी।

Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिगूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिगूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिगूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे गी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतदद्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एलसी नंबर : 13100000772 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) सेरिंग दोर्जी (कर्जदार) कुसांग सेरिंग (सह–कर्जदार 1) पोताला कैटरर्स (सह–कर्जदार 2) | 30–01–2023/रू. 42,94,871/– (रूपए बयालीस लाख चौरानवे हजार आठ सौ इकहत्तर मात्र) एनपीए (09–12–2022) | यूनिट नंबर क्यू–0503, 5वां तल, प्लॉट नंबर जीएच–01, रिज रेजीडेंसी, सेक्टर–135, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201306 |
| (एलसी नंबर : 01400003406 नई दिल्ली शाखा) पंकज कुमार (कर्जदार) हीरा बेन (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 15,17,962/– (रूपए पंद्रह लाख सत्रह हजार नौ सौ बासठ मात्र) एनपीए (09–10–2022) | फ्लैट नंबर 38, सिंगल स्टोरी डीडीए जनता फ्लैट पाकेट–3, पश्चिम पुरी, नई दिल्ली– 110063 |
| (एलसी नंबर : 18900000098 बहादुरगढ़ शाखा) चंदर मोहन दरगान (कर्जदार) सुमन (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 25,34,844/– (रूपए पच्चीस लाख चौंतीस हजार आठ सौ चौवालीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | प्लॉट नंबर 114–115, भू तल, ब्लॉक एवं पाकेट ई–18, सेक्टर–03, रोहिणी, नई दिल्ली– 110085 |
| (एलसी नंबर : 13000000544 गुरूग्राम शाखा) राजीव नारंग (कर्जदार) अमीशा नारंग (सह–कर्जदार 1) वीना नारंग (सह–कर्जदार 2) | 30–01–2023/रू. 32,80,588/– (रूपए बत्तीस लाख अस्सी हजार पांच सौ अठासी मात्र) एनपीए (30–10–2022) | प्लॉट नंबर 72 ए, द्वितीय तल, ब्लॉक डी, मोती नगर, नई दिल्ली– 110015 |
| (एलसी नंबर : 11900001230 नोएडा शाखा) पूर्णिमा देवांगन (कर्जदार) टेक चंद देवांगन (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 37,47,158/– (रूपए सैंतीस लाख सैंतालीस हजार एक सौ अट्ठावन मात्र) एनपीए (08–11–2022) | फ्लैट नंबर 710, 7वां तल, टावर मर्करी दि एलियन कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच–सी3/1, ट्रोनिका सिटी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 24900000194 दिल्ली जनकपुरी शाखा) पल्लव गौड़ (कर्जदार) देवेश चंद्र गौड़ (सह–कर्जदार 1) हेमू गौड़ (सह–कर्जदार 2) | 30–01–2023/रू. 16,78,182/– (रूपए सोलह लाख अठहत्तर हजार एक सौ बयासी मात्र) एनपीए (09–10–2022) | सम्पत्ति सं. डी–195 का गाग, तृतीय तल, गली नंबर 8, जगत पुरी, मंडोली रोड, शाहदरा, दिल्ली–11093, नई दिल्ली–110032 |
| (एलसी नंबर : 09600001119 नई दिल्ली पश्चिम शाखा) प्रशांत कुमार आजाद (कर्जदार) दीपा आजाद (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 33,02,625/– (रूपए तेतीस लाख दो हजार छह सौ पच्चीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | सम्पत्ति सं. 1/2892 बी, खसरा नंबर 593, रियर साइड पोर्शन, जी एफ, राम नगर, शाहदरा, दिल्ली–11093, नई दिल्ली–110032 |
| (एलसी नंबर : 11900001735 नोएडा शाखा) बबली गारद्वाज (कर्जदार) देवानंद (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 20,08,680/– (रूपए बीस लाख आठ हजार छह सौ अस्सी मात्र) एनपीए (08–11–2022) | प्लॉट नंबर 446, द्वितीय तल, पुरानाप्लॉट नंबर 3,गुरू नानक गली, मेन रोड, मौजपुर, शाहदरा, दिल्ली, नई दिल्ली–110053 |
| (एलसी नंबर : 24900000614 दिल्ली जनकपुरी शाखा) सुधीर कुमार मिश्रा (कर्जदार) अभिषेक कुमार मिश्रा (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 26,83,703/– (रूपए छब्बीस लाख तिरासी हजार सात सौ तीन मात्र) एनपीए (09–10–2022) | प्लॉट नंबर ओ–21, प्रथम तल, फ्रंट पोर्शन, ब्लॉक ओ, खसरा नंबर 116, विजय विहार, बिंदापुर, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110044 |
| (एलसी नंबर : 01400004220 नई दिल्ली शाखा) कृष्ण कुमार मेहता (कर्जदार) मंजू कुमारी मेहता (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 77,99,327/– (रूपए सतहत्तर लाख निन्यानवे हजार तीन सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (08–11–2022) | सम्पत्ति सं. आरजैड–15, खसरानंबर 26/10, (निकट दादा देव हॉस्पिटल) ग्राम डाबरी एक्सटेंशन, नई दिल्ली– 110045 |
| (एलसी नंबर : 09600001352 नई दिल्ली पश्चिम शाखा) मूरजी आनंद पटेल (कर्जदार) भूमिका बेन पटेल (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 32,27,442/– (रूपए बत्तीस लाख सत्ताईस हजार चार सौ बयालीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | प्लॉट नंबर 1/6629/6, द्वितीय तल, छत के अधिकार सहित, खसरा नंबर 1684/314, गली नंबर 4, ग्राम सिकदरपुर, ईस्ट रोहतास नगर, शाहदरा, नई दिल्ली–110032 |
| (एलसी नंबर : 19700043927 गुरूग्राम – सोहना रोड शाखा) सुधीर कुमार (कर्जदार) सावित्री देवी (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 37,21,588/– (रूपए सैंतीस लाख इक्कीस हजार पांच सौ अठासी मात्र) एनपीए (14–12–2022) | यूनिट नंबर जी 1/1004, 10वां तल, ब्लॉक जी 1, प्लॉट जीएच–03, टेक जोन 4, पटेल नियो टाउन, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 19600043444 दिल्ली – सफदरजंग शाखा) दिनेश चंदर (कर्जदार) अनु (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 31,85,948/– (रूपए इकतीस लाख पिचासी हजार नौ सौ अड़तालीस मात्र) एनपीए (09–12–2022) | प्लॉट नंबर 79 एवं 80, प्रथम तल, छत के बिना, पाकेट नंबर 11, सेक्टर–22, रोहिणी, नई दिलली–110085 |
| (एलसी नंबर : 19600043468 दिल्ली – सफदरजंग शाखा) राकेश सागर (कर्जदार) नीरू सागर (सह–कर्जदार 1) इरशाद (सह–कर्जदार 2) | 30–01–2023/रू. 38,44,837/– (रूपए अड़तीस लाख चौवालीस हजार आठ सौ सैंतीस मात्र) एनपीए (30–10–2022) | फ्लैट नंबर डी 12/सी, प्लॉट नबर डी 12 ब्लॉक डी आरएचएस, प्रथम तल, छत के अधिकार नहीं, डीडीए कालोनी, न्यू जाफराबाद, नई दिल्ली–110032 |
| (एलसी नंबर : 13100001895 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) विक्रम शर्मा (कर्जदार) सीमा शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 94,25,715/– (रूपए चौरानवे लाख पच्चीस हजार सात सौ पंद्रह मात्र) एनपीए (09–10–2022) | फ्लैट नंबर 164, जीएफ, अरावली अपार्टमेंट्स, अलकनंदा, नई दिल्ली –110019 |
| (एलसी नंबर : 13100001962 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) शैलेन्द्र कुमार (कर्जदार) पुष्पा झा (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 22,76,120/– (रूपए बाईस लाख छहत्तर हजार एक सौ बीस मात्र) एनपीए (08–11–2022) | सम्पत्ति सं. एफ–383, प्रथम तल, गली नंबर 87, महावीर एन्क्लेव पार्ट–III, खसरा नंबर 111/1, ग्राम पालम, नई दिल्ली –110059 |
| (एलसी नंबर : 09200001934 रोहिणी शाखा) जितेन्द्र (कर्जदार) अमित कुमार (सह–कर्जदार 1) विजय पाल (सह–कर्जदार 2) सीमा (गारंटर 1) | 30–01–2023/रू. 18,79,941/– (रूपए अठारह लाख उनासी हजार नौ सौ इकतालीस मात्र) एनपीए (08–11–2022) | एच नंबर डब्ल्यू–28, सम्पूर्ण, गली नंबर 6, केएच नंबर 620/437, ग्राम मौजपुर, चंदर शेखर गली, बाबरपुर, शाहदरा, नई दिल्ली –110032 |
| (एलसी नंबर : 19000001706 राजनगर शाखा) रोहित गुप्ता (कर्जदार) पूजा गुप्ता (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 28,97,213/– (रूपए अट्ठाईस लाख सत्तानवे हजार दो सौ तेरह मात्र) एनपीए (24–11–2022) | सी 370/1, द्वितीय तल, खसरा नंबर 360, गजनपुरा, गली नंबर 16, नई दिल्ली –110053 |
| (एलसी नंबर : 25400000434 आजादपुर एनएसपी शाखा) राहुल शर्मा (कर्जदार) आशा शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 22,19,185/– (रूपए बाईस लाख उन्नीस हजार एक सौ पिचासी मात्र) एनपीए (08–11–2022) | आरजैड–एफ–907, प्रथम तल (मिडिल एलएचएस) केएच नबंर 50/20/2 एवं 21, ब्लॉक एफ, ग्राम पालम राज नगर–2, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, नई दिल्ली –110077 |
| (एलसी नंबर : 19000001913 राजनगर शाखा) सौरभ जोशी (कर्जदार) पूजा जोशी (सह–कर्जदार 1) प्रदीप दलकोटी (सह–कर्जदार 2) | 30–01–2023/रू. 25,67,369/– (रूपए पच्चीस लाख सड़सठ हजार तीन सौ उनहत्तर मात्र) एनपीए (09–10–2022) | फ्लैट नंबर 404, तृतीय तल एलएचएस प्लॉट नंबर 50, 51, 52, 69, 70 एवं 71, केएच नंबर 60, यूनिवन रेजीडेंसी, ग्राम अकबरपुर बेहरामपुर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001 |
| (एलसी नंबर : 2820000438 लाजपत नगर शाखा) प्रशांत (कर्जदार) निशांत गुप्ता (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 24,29,537/– (रूपए चौबीस लाख उन्तीस हजार पांच सौ सैंतीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | सम्पत्ति सं. 12/8115–16, तृतीय तल, खड़िया मोहल्ला, रोशनारा रोड, सब्जी मंडी, नई दिल्ली–110007 |
| (एलसी नंबर : 11900002909 नोएडा शाखा) शावेज (कर्जदार) सुहैल (सह–कर्जदार 1) नसीम फातमा (सह–कर्जदार 2) साहिबा खान (गारंटर 1) | 30–01–2023/रू. 1,34,64,672/– (रूपए एक करोड़ चौंतीस लाख चौंसठ हजार छह सौ बहत्तर मात्र) एनपीए (29–09–2022) | सम्पत्ति सं. ए–5/8–बी, झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र, इलाका शाहदरा, शाहदरा, नई दिल्ली–110095 |
| (एलसी नंबर : 19800042200 दिल्ली – पीतमपुरा शाखा) पवन पारीक (कर्जदार) अंजू देवी (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 15,77,388/– (रूपए पंद्रह लाख सतहत्तर हजार तीन सौ अठासी मात्र) एनपीए (09–10–2022) | फ्लैट नंबर एफएफ–2, फ्रंट एलएचएस, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 24, गंगा विहार, ब्लॉक डी, निकट वाटर टैंक, हदबस्त ग्राम सादुल्लाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (एलसी नंबर : 01400005027 नई दिल्ली शाखा) प्रकाश चंद्र उप्रेती (कर्जदार) गावना उप्रेती (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 37,28,447/– (रूपए सैंतीस लाख अट्ठाईस हजार चार सौ सैंतालीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | यूनिट नंबर टी171201 टावर नंबर टी 17 12 तल ग्रीन पार्क 3 क्लब टेरेस प्रोजेक्ट शेयर होम गुरूग्राम, हरियाणा–122505 |
| (एलसी नंबर : 24900001867 दिल्ली जनकपुरी शाखा) आकाश चौधरी (कर्जदार) अनीता देवी (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 30,60,753/– (रूपए तीस लाख साठ हजार सात सौ तिरेपन मात्र) एनपीए (30–10–2022) | प्लॉट नंबर 4425, प्लॉट नंबर 68, केएच नंबर 173, 174, द्वितस एवं तृतीय तल, गली नंबर 8, शंकर रोड त्रि नगर, नार्थ वेस्ट नई दिल्ली–110035 |
| (एलसी नंबर : 27300000576 द्वारका शाखा) रंजीत सिंह (कर्जदार) विनीता (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 23,34,137/– (रूपए तेईस लाख चौंतीस हजार एक सौ सैंतीस मात्र) एनपीए (09–12–2022) | सम्पत्ति सं. बी–72, तृतीय तल, फ्रंट मय छत, बी ब्लॉक, केएच नंबर 367, ग्राम बिंदापुर, सुभाष पार्क एक्सटेंशन, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059 |
| (एलसी नंबर : 196डी100180 दिल्ली – सफदरजंग शाखा) पुनीत सेठ (कर्जदार) संगीत सेठ (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 44,77,929/– (रूपए चौवालीस लाख सतहत्तर हजार नौ सौ उन्तीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | एफ032, अटलांटिस रहेजा, सेक्टर–31–32, हरियाणा–122001 |
| (एलसी नंबर : 01400004261 नई दिल्ली शाखा) लाखन सिंह (कर्जदार) अनीता मलिक (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 10,45,825/– (रूपए दस लाख पैंतालीस हजार आठ सौ पच्चीस मात्र) एनपीए (09–12–2022) | प्लॉट नंबर 1/6215, तृतीय तल, गली नंबर 4, पुराना प्लॉट नंबर 11, केएच नंबर 1253/688/343, ईस्ट रोहतास नगर, शाहदरा, नई दिल्ली–110032 |
| (एलसी नंबर : 01400004280 नई दिल्ली शाखा) लाखन सिंह (कर्जदार) अनीता मलिक (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 16,18,448/– (रूपए सोलह लाख अठारह हजार चार सौ अड़तालीस मात्र) एनपीए (09–12–2022) | प्लॉट नंबर 1/6215, तृतीय तल, गली नंबर 4, पुराना प्लॉट नंबर 11, केएच नंबर 1253/688/343, ईस्ट रोहतास नगर, शाहदरा, नई दिल्ली–110032 |
| (एलसी नंबर : 19600043137 दिल्ली – सफदरजंग शाखा) मुकेश (कर्जदार) प्रेम (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 15,67,141/– (रूपए पंद्रह लाख सड़सठ हजार एक सौ इकतालीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | एच नंबर 17/2989/1सी/ए/16 प्रथम तल, मय छत, खसरा नंबर 28, गली नंबर 16, रंजीत नगर, नई दिल्ली–110008 |
| (एलसी नंबर : 19600043237 दिल्ली – सफदरजंग शाखा) मुकेश (कर्जदार) प्रेम (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 11,69,088/– (रूपए ग्यारह लाख उनहत्तर हजार अठासी मात्र) एनपीए (09–10–2022) | एच नंबर 17/2989/1सी/ए/16 प्रथम तल, मय छत, खसरा नंबर 28, गली नंबर 16, रंजीत नगर, नई दिल्ली–110008 |
| (एलसी नंबर : 13300000032 कनॉट प्लेस शाखा) सुनील कुमार (कर्जदार) मीनू (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 7,61,254/– (रूपए सात लाख इकसठ हजार दो सौ चौवन मात्र) एनपीए (09–12–2022) | प्लॉट नंबर ए–152, प्रथम तल, एलएचएस पोर्शन, एस एल एफ वेद विहार, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (एलसी नंबर : 13300000068 कनॉट प्लेस शाखा) अनिल कुमार (कर्जदार) अनुपम (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 11,35,670/– (रूपए ग्यारह लाख पैंतीस हजार छह सौ सत्तर मात्र) एनपीए (09–10–2022) | फ्लैट नंबर 1002, 10वां तल, आइवरी टावर, एस जी इम्प्रेशन्स–58, नूर नगर, एनएच–58, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201011 |
| (एलसी नंबर : 13100000466 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) अजय वीर सिंह (कर्जदार) कुसुम यादव (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 12,06,972/– (रूपए बारह लाख छह हजार नौ सौ बहत्तर मात्र) एनपीए (09–10–2022) | फ्लैट नंबर ए 30104, प्रथम तल, ब्लॉक ए 3, इबोनी ग्रीन्स एनएच–24, सारे समग रियल्टी प्रा. गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001 |
| (एलसी नंबर : 19700041561 गुरूग्राम – सोहना रोड शाखा) रवीन्द्र कुमार शर्मा (कर्जदार) हेमलता शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 30–01–2023/रू. 14,06,405/– (रूपए चौदह लाख छह हजार चार सौ पांच मात्र) एनपीए (08–11–2022) | फ्लैट नंबर डी 1 408 चतुर्थ तल, टावर डी, ब्लॉक डी 1 डिलाइट रेजीडेंसी, अलवर बाईपास रोड, गिवाडी, राजस्थान, अलवर, राजस्थान 301019 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार गुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिगूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंग करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अगिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का गागी होगा।

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

तिथि : 18–02–2023
स्थान : दिल्ली

# प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के नाम पर ठगी, आठ गिरफ्तार

● इच्छुक व्यक्तियों से फर्जीवाड़ा कर फाइल चार्ज, इंश्योरेंस, जीएसटी आदि के नाम पर अपने खाते में रुपए मंगवाते थे



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के आठ सदस्यों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस प्रवक्ता धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम सौरव शर्मा, लक्ष्य वशिष्ठ, सत्येंद्र कुमार, हरिओम गौतम, अमन कुमार, नकुल कुमार, रोहित कुमार, हर्ष कुमार है। आरोपी नोएडा सेक्टर-63 के एच -15 में अवैध कॉल सेंटर चला रहे थे। आरोपी प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्तियों से फर्जीवाड़ा कर फाइल चार्ज, इंश्योरेंस, जीएसटी आदि के नाम पर अपने खाते में रुपए मंगवाते थे तथा जनलक्ष्मी फाइनेंस के नाम का फर्जी ऋण स्वीकृति पत्र तैयार कर अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर देते थे।

आरोपी ऋण लेने वाले व्यक्ति को व्हाट्सऐप के जरिए फर्जी ऋण स्वीकृति पत्र भेजते थे। पुलिस ने 21 मोबाइल फोन, कम्प्यूटर,17 डेबिट कार्ड, 28 हजार रुपए नगद, जनलक्ष्मी कंपनी के पांच फर्जी ऋण मंजूरी पत्र आदि बरामद किया है।

# नोएडा हाट में सरस आजीविका मेला शुरू

● 17 दिवसीय सरस मेले शिरकत कर रही है सैकड़ों महिला शिल्प कलाकार



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-33ए नोएडा हाट में केंद्र सरकार का तीसरा सरस आजीविका मेला शुक्रवार 17 फरवरी से प्रारंभ हो गया है, जो 5 मार्च तक आयोजित होगा। मेले का विधिवत उद्घाटन महाशिवरात्रि के अवसर पर किया जाएगा। जिसमें केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री गिरिराज सिंह मुख्य अतिथि होंगे।

साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ग्रामीण विकास एवं इस्पात फग्गन सिंह कुलस्ते तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति उपस्थित रहेंगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान एनआईआरडीपीआर द्वारा आयोजित इस सरस आजीविका मेला 2023 में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जाएगा।

एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया ने बताया कि केंद्र सरकार के सरस आजीविका मेले का आयोजन प्रतिवर्ष देशभर के सभी राज्यों में किया जाता है। इसी कड़ी में नोएडा में यह तीसरा आयोजन है। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी से 05 मार्च 2023 तक चलने वाले इस उत्सव में नोएडा के नोएडा हाट में मौजूद क़रीब 27 राज्यों के 300 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, इसके साथ ही 85 से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सरस मेले वर्ष 1999 से निरंतर आयोजित हो रहे हैं। इन मेलों के माध्यम से लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। यही नहीं स्थानीय स्तर पर भी मेले में इस बार हैंडलूम तथा हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद शामिल किए गए है।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्जदार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंज़ूर की गई आवास ऋण सुविधा और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्जदारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समुनदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर करने की माँग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुनील चांदना/ निर्मला/ QZDEL00005011443 | WZ–26, नया नंबर WZ–34, पहली मंज़िल बिना छत के अधिकार, केएच. नंबर 13/12, ग्राम चौखंडी राम नगर एक्सटेंशन, पी.ओ. तिलक नगर, दिल्ली, नई दिल्ली–18/ फरवरी 15, 2023 | जुलाई 08, 2021 रु. 10,81,995/- | दिल्ली |
| 2. | सुमित कुमार/ पूजा सुमित/ QZPTU00005000294 | प्लॉट नंबर बी–32, दूसरी मंज़िल, खसरा नंबर 105/7, गाँव पालम, गली नंबर 04, राजा पुरी, उत्तम नगर, दिल्ली, नई दिल्ली –110059/ फरवरी 15, 2023 | जुलाई 08, 2021 रु. 12,39,460/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : फरवरी 18, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी**

**[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई–नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्ज़दार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतदद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्ज़दार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, 'जैसी है जहाँ है', 'जैसी है जो भी है' तथा 'जो भी है वहाँ है' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी:

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह–कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी (कर्ज़दार), श्रीमती शोभा देवी (सह–कर्ज़दार) QZNOD00005016405 | संपत्ति संख्या सी–8ए, बिना छत के अधिकार के साथ दूसरी मंज़िल पर पीछे की ओर, ब्लॉक–सी, खसरा नंबर 333, ग्राम बिंदापुर, सुभाष पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली–110059। क्षेत्रफल : 360 वर्ग फीट. | रु. 19,54,554/- (फरवरी 09, 2023 तक) | रु. 11,00,000/- / रु. 1,10,000/- | फरवरी 24, 2023 को सु. 11:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | मार्च 20, 2023 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **मार्च 18, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में **मार्च 18, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **मार्च 18, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **मार्च 18, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9599281817/ 8584874809** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति के बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें ।

**तिथि : फरवरी 18, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

# संक्षिप्त समाचार



**पुलिस महानिदेशक फायर एण्ड इमरजेंसी सर्विस उत्तर प्रदेश महोदय के आदेश के क्रम में जनपद गाजियाबाद में मोदीनगर, वसुंधरा, वैशाली में झुग्गी झोपड़ी में निवास करने वाले व्यक्तियों को आग से सुरक्षा ,इलेक्ट्रिकल सेफ्टी,गैस के उपयोग में सावधानी आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया ।**

### कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**गाजियाबाद।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का संदेश जन.जन तक पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को सार्थक रूप से आगे बढ़ाने के लिए पार्टी हाईकमान भी पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। इसी क्रम में कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पश्चिमी यूपी प्रभारी नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने गुरुवार को जूम पर कांग्रेस के जिला एवं महानगर अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की जूम पर बैठक ली और जरूरी दिशा दिर्नेश दिए।

### लिफ्ट में 45 मिनट तक फंसा रहा युवक

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में लिफ्ट में बहुमंजिला सोसाइटी में लोगों के फंसने का सिलसिला लगातार जारी है। ग्रेनो वेस्ट की पंचशील हाइनिश सोसाइटी में भी एक युवक लिफ्ट के अंदर फंस गया। करीब 45 मिनट तक वह लिफ्ट के अंदर ही फंसा रहा। परिवार वालों ने लिफ्ट को काफी खोलने की कोशिश की लेकिन अन्य लोगों की मदद से उसे 45 मिनट बाद खोला गया। दरसअल ग्रेनो नोएडा वेस्ट की पंचशील हाइनिश सोसाइटी के रहने वाले अखिलेश चौधरी सोसायटी के टावर में फ्लैट नंबर 1101 में अपने परिवार के साथ रहते हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार को वह हैदराबाद जा रहे थे और दिल्ली से हैदराबाद के लिए उनकी फ्लाइट थी। अखिलेश हैदराबाद जाने के लिए लिफ्ट से नीचे जा रहे थे लेकिन इसी दौरान लिफ्ट अचानक से बीच में रुक गई।

### मैथा के पीड़ितों के लिए किसानों ने उठाई मांग

**गाजियाबाद।** कानपुर देहात के मैथा तहसील के गांव मंडोली के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए भारतीय किसान संगठन एकता आगे आया है। संगठन ने डीएम के माध्यम से एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपते हुए इस मामले में आरोपी अधिकारियों को बर्खास्त कर उनपर हत्या का मुकदमा चलाए जाने की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा व परिवार के सदस्यों को नौकरी देने की गुहार भी की गई। ज्ञापन देने वालों में प्रमोद चौधरी, निखिल वर्मा, ज्ञानी, सत्यप्रकाश, ओम आदि मौजूद रहे।

### वीएमएलजी में छात्राओं ने लगाई प्रदर्शनी

**गाजियाबाद।** विद्यावती मुकन्दलाल महिला महाविद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा आठ दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिन तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस कार्यशाला का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या प्रो शिखा सिंह ने किया। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को कुशन कवर पर ब्लॉक प्रिटिंग, कपड़े से टोटे बैग, फाइल फोल्डर बनाना, कार्ड बोर्ड से टेबल आर्गेनाइजर, फ्रिज मैग्नेट आदि बनाना सिखाया गया था। छात्राओं द्वारा कार्यशाला में सीखे गए उत्पादों को तैयार कर प्रदर्शनी का आयोजन आज किया गया जिसमें छात्राओं ने अपनी कलात्मकता से विभिन्न डिजाइन के उत्पाद प्रदर्शित किए। कार्यशाला का संचालन डॉ शालिनी सिंह ने किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# ढाई माह बाद अब दिल्ली को मिलेगा महापौर

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लोकतंत्र की जीत बताया



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ढाई महीने बाद अब दिल्ली को महापौर मिलेगा। उन्होंने मेयर चुनाव पर उच्चतम न्यायालय के आदेश को लोकतंत्र की जीत करार दिया।

साथ ही उन्होंने उपराज्यपाल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि शीर्ष अदालत का आदेश यह साबित करता है कि एलजी और भाजपा दोनों अवैध और असंवैधानिक आदेश पारित कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट का आदेश आम आदमी पार्टी की ओर से महापौर पद की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय की याचिका पर आया है, जिसमें यह चुनाव जल्द से जल्द कराने का अनुरोध किया गया था। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद आम आदमी पार्टी उपराज्यपाल पर हमला तेज कर दिया है।

आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मेयर चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी की संवैधानिक जीत हुई है।



सुप्रीम कोर्ट ने जो कहा उससे साबित होता है एलजी झूठ बोल रहे थे। उनके लिए आज काला दिन है। उनके अंदर थोड़ा भी लिहाज बाकी है तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से भाजपा और एलजी एक्सपोज हो गए हैं। सब जानते हैं कि मनोनीत पार्षद वोट नहीं डाल सकते। इसके बावजूद एलजी निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी को बहुमत मिलने के बाद साजिश कर रहे थे कि आप सरकार नहीं बना पाए। भारद्वाज ने सवाल किया कि क्या अब हर बात के लिए दिल्ली के लोगों को न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। देश के प्रजातंत्र को सिर्फ सुप्रीम कोर्ट बचा सकता है, बाकि सब संस्थान खत्म हो गए हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली नगर निगम के चुनाव मार्च 2022 में होने थे। अब 2023 का मार्च आने वाला है।

केंद्र सरकार ने कई बार इस चुनाव को टाला। दिल्ली में कभी यूनिफिकेशन, कभी डिलिमिटेशन के नाम पर चुनाव टाला गया। आखिर में किसी तरह से चुनाव हो गया और दिल्ली वालों ने आम आदमी पार्टी को बहुमत दिया। इसके बाद दिल्ली को मेयर न मिल सके और एमसीडी में कोई सरकार नहीं बना सके इसके लिए षड्यंत्र शुरू हो गए। कोई भी आदमी जो कानून नहीं जानता अगर वह भी संविधान का आर्टिकल 243 और डीएमसी एक्ट सेक्शन 3ए पढ़ेगा तो वह साफ समझ जाएगा कि मनोनित सदस्य वोट नहीं डाल सकते हैं

# कश्मीरी गेट पर दारा शिकोह लाइब्रेरी ने समेटेगी देश के विभाजन का दर्द

- बंटवारे के हर पहलू को समझाने के लिए बनाई गई हैं सात गैलरियां

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कश्मीरी गेट स्थित गुरु गोबिंद सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय परिसर में स्थित दारा शिकोह लाइब्रेरी वर्ष 1947 के विभाजन पर भारत का दूसरा संग्रहालय बनेगा।

संग्रहालय बंटवारे और उसके बाद दिल्ली में आए बदलावों के बारे में लोगों को जानकारी देगा। विभाजन के प्रत्येक पहलुओं को समझाने के लिए संग्रहालय में बनाई गई हैं सात गैलरियाँ। यहां वर्चुअल रियलिटी के साथ विभाजन के प्रसंगों को जान पायेंगे पर्यटक। इस ऐतिहासिक इमारत को सांस्कृतिक केंद्र के रूप में भी किया विकसित किया जाएगा। साथ ही समय-समय पर दिल्ली सरकार विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन करेगी।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दारा शिकोह लाइब्रेरी का शुक्रवार को दौरा कर वहाँ चल रहे कार्य की प्रगति का जायजा लिया और कहा कि काम पूरा होने के बाद जल्द ही इसे पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। इस ऐतिहासिक पुस्तकालय भवन को मुगल बादशाह शाहजहाँ के ज्येष्ठ पुत्र दारा शिकोह के नाम से जुड़े होने के कारण इसी नाम से जाना जाता है। पुस्तकालय कश्मीरी गेट स्थित गुरु गोबिंद सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय पसिर में स्थित है। कभी यह स्थान पंजाब के मुगल वायसराय अली मर्दान खाँ (1639 ई.) का आवास हुआ करता था। कालांतर में ब्रिटिश शासन द्वारा इस परिसर का विस्तार किया गया और वर्ष 1803 के दौरान इसका उपयोग सर डेविड ऑक्थरलोनी के आवास के रूप में किया जाने लगा था।

वर्ष 1804 से 1904 तक यहाँ एक सरकारी कॉलेज और स्कूल भी चलता रहा, बाद में भवन में काफी परिवर्तन होते रहे। साल 2011 में शीला दीक्षित की सरकार ने इस लाइब्रेरी को संग्रहालय बनाने की घोषणा की थी। इस संग्रहालय में पांचवीं शताब्दी से लेकर 11वीं शताब्दी की प्राचीन वस्तुएं भी देखने को मिलेंगी। इसमें करीब दो हजार साल पुराने टेराकोटा के बर्तन व मूर्तियां भी हैं सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार राष्ट्रीहय राजधानी में ऐतिहासिक इमारतों को संरक्षित करने का काम तेजी से कर रही है। भारत के इतिहास के इन खूबसूरत प्रतीकों में से एक कश्मीरी गेट स्थित दारा शिकोह लाइब्रेरी है।



### 1947 के विभाजन की यादों से जुड़ा होगा

*यह वर्ष 1947 के विभाजन की यादों से जुड़ा लोक संग्रहालय होगा, जिसने दिल्ली को भी नाटकीय रूप से बदल दिया था और इसके बाद राजधानी में कई कालोनियाँ स्थापित हुई जिसमें लाजपत नगर, सीआर पार्क, और पंजाबी बाग आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं। यह भारत में विभाजन पर बनाया जाने वाला दूसरा और दिल्ली में पहला ऐसा संग्रहालय है। इसस संग्रहालय में एक गैलरी ऑफ होप जोड़ी है, जो दशकों बाद पाकिस्तान में अपनी प्राचीन संपत्तियों को फिर से देखने वाले लोगों की तस्वीरों और अनुभवों को प्रदर्शित करेगी। ये तस्वीरें खुद विभाजन की विभीषिका झेलने वाले लोगों द्वारा संग्रहालय को दान की गई हैं।*

# सरकार पर लगाया 2,232 करोड़ रुपये का जुर्माना

- ठोस और तरल अपशिष्ट के प्रबंधन में कमी पर एनजीटी सख्त




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने ठोस व तरल अपशिष्ट के अनुचित निपटान के लिए सरकार को पर्यावरणीय मुआवजे के तौर पर 2,232 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है।

एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए.के. गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में ठोस और तरल अपशिष्ट के प्रबंधन में कमी पाई गई है। पीठ ने कहा, अन्य राज्यों पर लगाए गए जुर्माने की तर्ज पर (2 करोड़ रुपए प्रति मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) अशोधित मलजल और 300 रुपए प्रति टन अशोधित लीगेसी अपशिष्ट की दर से) दिल्ली सरकार को 3,132 करोड़ रुपए का मुआवजा देना है।

ठोस कचरे के लिए 990 करोड़ रुपए और तरल कचरे के लिए 2,142 करोड़ रुपए का हर्जाना देना होगा। पीठ ने कहा कि ठोस कचरे के लिए पहले लगाए जा चुके जुर्माने (900 करोड़ रुपए) को घटाकर दिल्ली सरकार को शेष 2,232 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान करना है। इस राशि का इस्तेमाल दिल्ली में व्याप्त स्थिति, नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाली स्थिति से निपटने के लिए और पर्यावरण को हो रहे नुकसान को दूर करने के लिए किया जाना चाहिए। पीठ ने दिल्ली के मुख्य सचिव को एक महीने के अंदर राशि के भुगतान का आदेश दिया है।

### 6100 करोड़ आप के खाते से वसूला जाए : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि एनजीटी को यमुना सफाई में दिल्ली सरकार की निष्क्रियता के कारण 6100 करोड़ का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की यह राशि आम आदमी पार्टी के खाते से वसूली जाए। केजरीवाल विज्ञापनों के द्वारा यमुना सफाई करने का दावा करके अपनी सरकार की वाहवाही पिछले 8 वर्षो से लूट रहे हैं। कुमार ने कहा कि यह पहला मौका नहीं जब केजरीवाल सरकार पर शहर की देखरेख व अन्य व्यवस्थाओं की रख-रखाव में कमियों के चलते जुर्माना लगाया हो।

### गांधी की प्रतिमा लगाने में आ रही अड़चन

**नई दिल्ली।** नेल्शन मंडेला रोड पर गांधी जी की प्रतिमा लगाने पर नई अड़चन आ गई है। दरअसल प्रतिमा का वजन कम है, लेकिन इसकी लंबाई ज्यादा है। ऐसे में इसे लगाने से लेकर भविष्य में इसके टिके रहने को लेकर खतरा है। 50 फुट ऊंची इस प्रतिमा को 10 ऊंचे प्लेटफार्म पर लगाया जाना है। ऐसे में प्रतिमा की कुल ऊंचाई 60 फुट हो जाएगी।

चूंकि इस प्रतिमा कुल वजन ही 500 किलो है. ऐसे में तेज हवा से इस प्रतिमा को नुकसान हो सकता है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने की योजना में प्रतिमा को तीन महीने पहले ही स्थापित कर दिया जाना था।

# कार पार्किंग के विवाद में बाप-बेटे को मारी गोली

- दोनों की हालत खतरे से बाहर, आरोपी का साथ गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यमुना विहार में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने पिता-पुत्र को गोली मार दी। पिता वीरेंद्र अग्रवाल को सीने में और उनके बेटे सचिन अग्रवाल के हाथ में गोली लगी।

स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया और दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती है। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस की अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ा दी है। घटना बृहस्पतिवार रात को उस वक्त हुई जब पीड़ित एक विवाह समारोह के बाद घर लौट रहे थे। घर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि पड़ोसी की कार सड़क पर इस तरह से खड़ी की गई थी किसी और वाहन के आने-जाने के लिए जगह ही नहीं थी।

उन्होंने आरिफ नामक अपने पड़ोसी को अपनी कार हटाने के लिए कहा और इसे लेकर उनके बीच विवाद भी हुआ। आरिफ के मकान मालिक फुरकान और अन्य स्थानीय लोगों के दखल के बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई। इसके कुछ ही देर बाद आरिफ कुछ लोगों के साथ अग्रवाल के घर पर पहुंचा। झगड़ा बढ़ने पर आरिफ और उसके साथियों ने गोली चला दी जिससे वीरेंद्र और सचिन घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना के बाद भाग रहे आरिफ के एक साथी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। आरिफ सेकंड हैंड कारों की खरीद-बिक्री का काम करता है और वह सात-आठ महीने पहले ही यहां रहने आया था। मामले में आगे की जांच जारी है। उत्तरी-पूर्वी जिला एडिशनल डीसीपी संध्या स्वामी ने कहा, साथी को पकड़ने के लिए दबिश शुरू कर दी है। भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जो आरोपी फरार हैं, उनकी पहचान कर ली गई है।

# सड़क दुर्घटनाओं में आ रही गिरावट : पुलिस आयुक्त

- पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने सड़क सुरक्षा क्लब के विजेताओं को किया पुरस्कृत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी देने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन दिल्ली पुलिस ने किया।

सड़क सुरक्षा क्लब की अवधारणा दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा वर्ष 2010 में सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स, हीरोमोटोकॉर्प और होंडा मोटर साइकिल एंड स्कूटर इंडिया लिमिटेड जैसी हितधारक कंपनियों के सहयोग से शुरू की गई थी। बृहस्पतिवार को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने सड़क सुरक्षा क्लब के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



छात्रा को सम्मानित करते सीपी संजय अरोड़ा।

इस अवसर पर बोलते हुए , पुलिस आयुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा क्लब का सबसे उल्लेखनीय परिणाम यह था कि स्कूलों को सड़क सुरक्षा के मुद्दों के बारे में छात्रों को संवेदनशील बनाने। सड़कों पर उनकी संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए और उन्हें अपने दोस्तों, परिवार और पड़ोस के बीच सड़क सुरक्षा के राजदूत के रूप में उपयोग करने की आवश्यकता का एहसास हुआ।

यातायात पुलिस अभियानों की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार गिरावट आ रही है जो दिल्ली की सड़कों पर बढ़ती भीड़ और वाहनों की बढ़ती संख्या के बावजूद हर साल सड़क दुर्घटना के आंकड़ों में स्पष्ट है।

अरोड़ा ने बताया कि सड़क सुरक्षा क्लब का मुख्य कार्य जागरूकता फैलाने में स्कूलों को सक्रिय रूप से शामिल करना और विभिन्न सड़क सुरक्षा गतिविधियों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना रहा है। केवल 17 स्कूलों के सदस्यों के रूप में नामांकित होने की शुरुआत के साथ अब इसके दायरे में 1500 से अधिक स्कूल हैं जो सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

### मेट्रो पिलर की शटरिंग का टुकड़ा गिरने से एक घायल

**नई दिल्ली।** हैदरपुर बादली में बृहस्पतिवार शाम निर्माणाधीन मेट्रो पिलर पर लगी शटरिंग का एक टुकड़ा पास खड़े वाहन गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने एक बयान में कहा कि घायल को सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है और मामले की गहन जांच की जाएगी। यह घटना हैदरपुर बादली में एक निर्माणाधीन मेट्रो पिलर के पास हुई जब पिलर की शटरिंग का एक टुकड़ा पास खड़े वाहन पर गिर गया। वाहन के अंदर मौजूद चालक को चोटें आईं, लेकिन उसे बचा लिया गया और इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया।

# लिवर देकर पार्वती ने बचाई शिव की जान

- सर गंगा राम अस्पताल में ब्लड ग्रुप नहीं मिलने के बावजूद किया सफल लिवर ट्रांसप्लांट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महाशिवरात्रि पर लिवर देकर पार्वती ने बचाई शिव की जान। ब्लड ग्रुप नहीं मिलने के बावजूद सर गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों ने टीम ने सफल लिवर ट्रांसप्लांट किया।

जांच में यह पाया गया कि शिव लिवर सिरोसिस से पीड़ित था। लिवर फेल हो गया था, जिसके कारण हेपेटिक एन्सेफैलोपैथी हो गया था। डॉ. नैमिष मेहता के अनुसार, चुनौती यह थी कि प्राप्तकर्ता शिव (पति) का ब्लड ग्रुप जो बी+ था, किसी भी भाई-बहन से मेल नहीं खा रहा था।



हालाँकि उनकी पत्नी पार्वती शिव को बचाने के लिए अपना लीवर दान करने को तैयार थीं लेकिन उनका ब्लड ग्रुप ए+ था।

इसलिए परिवार को ब्लड ग्रुप इनकम्पैटिबल लिवर ट्रांसप्लांटेशन के बारे में सलाह दी गई, जिसे पर्याप्त प्री-ऑपरेटिव तैयारी के साथ किया जा सकता है। उनकी पत्नी पार्वती, जो अपने लीवर का हिस्सा ए+बी रक्तसमूह के साथ दान करने को तैयार थीं। आगे जांच की गई और लीवर दान के लिए उपयुक्त पाया गया।

## संक्षिप्त समाचार



मतमूर जामोह समूह के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

### पूर्वोत्तर के युवाओं से राष्ट्रपति ने किया संवाद

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन की राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के मतमूर जामोह समूह के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से मुलाकात की। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा भारत की विविधता में एकता को सजीव रूप से सामने ला रही है। राष्ट्रपति ने पूर्वोत्तर के युवाओं को आशीर्वाद दिया तथा पूर्वोत्तर के विभिन्न विषयों के बारे में उनसे संवाद करते हुए उन्हें आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा में शामिल पूर्वोत्तर भारत के युवाओं को भारत की विविधता के विषय में निरंतर नए अनुभव प्राप्त हो रहे।

### प्रगति मैदान में दो दिवसीय वीटाफूड्स का समापन

**नई दिल्ली।** प्रगति मैदान में दो दिवसीय वीटाफूटड्स का समापन शुक्रवार को हो गया। इन्फोर्मा मार्केट इन इंडिया द्वारा पहली बार वीटाफूड्स का आयोजन किया गया था। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के 150 से अधिक ब्रांडों के साथ 60 से अधिक प्रदर्शक उपस्थित रहे । इस अवसर पर इन्फोर्मा मार्केट के प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास ने कहा कि वैश्विक बाज़ार में 2त्न हिस्सेदारी और कंपनियों की सीमित भागीदारी के साथ, भारत के पास न्यूट्रास्यूटिकल्स क्षेत्र में बहुत बड़ा अवसर है।

### केशवपुरम औद्योगिक क्षेत्र के एक गोदाम में लगी आग

**नई दिल्ली।** केशवपुरम औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक गोदाम में आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुबह सात बजकर 40 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, आग पर नियंत्रण पा लिया गया है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि आग के कारणों का पता लगाया जाना बाकी है।

# गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज में अनूठा टूरिज्म फेस्टिवल शुरू

## जी-20 सम्मेलन के लिए गार्डन ऑफ यूनिटी की थीम पर पार्क को सजाया

- उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने 19 फरवरी तक चलने वाले फेस्टिवल का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अगर आपको पेड़-पौधों से प्यार है और किसी खास किस्म के पौधों को ढूंढ रहे हैं, तो गार्डन टूरिजम फेस्टिवल में जाकर आप घूम सकते हैं और प्रकृति सुंदरता को निहार सकते हैं।

यह उत्सव दक्षिणी दिल्ली के सैदुलाजाब इलाके में स्थित गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज में होगा। केजरीवाल सरकार द्वारा वसंत उत्सव का स्वागत करते हुए 35वाँ गार्डन टूरिज्म फेस्टिवल का आयोजन किया है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 17 से 19 फरवरी तक चलने वाले 35वें गार्डन टूरिजम फेस्टिवल का उद्घाटन किया। इसका मकसद लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। मनीष सिसोदिया ने दिल्ली वालों से अपने परिवार और दोस्तों के साथ खुशनुमा पल बिताने और प्रकृति से जुड़ने के लिए गार्डन टूरिज्म फेस्टिवल में देखने का अनुरोध किया है। इस वार्षिक उद्यान उत्सव में देश-विदेश के पौधों और फूलों की लगभग 300 प्रजातियों को प्रदर्शित किया गया है।




खूबसूरत फूलों को अपने मोबाइल फोन में कैद करतीं युवतियां।

इस मौके पर मंत्री ने यहाँ स्टालों का निरीक्षण किया व उद्यान उत्सव के शुभारंभ पर पौधारोपण भी किया। इस उत्सव को मुख्य उद्देश्य दिल्ली को हरा भरा बनाना और लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। पिछले 35 वर्षों से, यह फेस्टिवल हर साल वसंत के मौसम में आयोजित होता है। केजरीवाल सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से इस साल गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज को जी-20 के लिए गार्डन ऑफ यूनिटी के रूप में सजाया गया है।

यह दिल्ली के लोगों के लिए एक बहुत ही प्रतिष्ठित गार्डन फेस्टिवल है। इसके दौरान गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज की सुंदरता और बढ़ जाती है जब दुनिया भर के पौधों को यहां प्रदर्शित किया जाता है।

### फूलों से बनीं पशु-पक्षियों की आकृतियां

*उद्यान के प्रति लोगों की उत्सुकता जगाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की पेड़-पौधों और फूलों से सजी हुई पशु पक्षियों की आकृतिया प्रदर्शित होंगी। उत्सव में लगभग 300 किस्मों के पौधे और फूलों की प्रदर्शनी की गई है। साथ ही प्रदर्शनी में टेरारियम, जानवरों के आकार में फूल, गमले में लगे पौधे, पत्ते, औषधीय और हर्बल पौधे, हैंगिंग बास्केट, कटे हुए फूल और नर्सरी स्टॉल भी आर्कषण का केंद्र हैं। पर्यावरणविदों और नागरिकों के लिए एक इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म बनाने के लिए, महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। पर्यटकों को एक शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ फेस्टिवल में देश के विभिन्न राज्यों के फूड स्टॉल भी लगाए गए हैं।*



उद्घाटन के मौके पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया लोगों को अभिवाद करते हुए।

# शीतला माता मंदिर में मल्टीलेवल पार्किंग अंडरपास का तलाशें विकल्प : डा. कमल गुप्ता

## शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## मंदिर निर्माण को लेकर की अहम बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में शीतला माता मंदिर निर्माण को लेकर अधिकारियों, सदस्यों की बैठक लेते शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता।

**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता गुरुवार को गुरुग्राम पहुंचे। स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में उन्होंने श्रीमाता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड के सदस्यों व अधिकारियों के साथ बैठक की। निर्माणाधीन मंदिर कॉम्पलैक्स की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में डा. कमल गुप्ता ने निर्माणाधीन मंदिर काम्पलैक्स की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य पूरा करने की समयसीमा तय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर कॉम्पलैक्स निर्माण के साथ-साथ पार्किंग स्थल का भी निर्माण कार्य करवाएं तथा संभव हो तो मल्टीलेवल पार्किंग का प्रावधान करवाने की दिशा में कार्य किया जाए। शीतला माता रोड पर पैदल चलने वाले भक्तों की आवाजाही अधिक होने के कारण यातायात संचालन में असुविधा होती है। इसके समाधान के लिए अधिकारी अंडरपास बनाने की संभावनाएं तलाशें। हालांकि जो श्रद्धालु पार्किंग से मंदिर प्रांगण की ओर जाते हैं वे ऊपरगामी पुल का उपयोग करते हैं, लेकिन मुख्य सड़क को क्रॉस करने वाले श्रद्धालुओं व अन्य लोगों के लिए अंडरपास की संभानाएं तलाशी जा सकती हैं।

निकाय मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम स्थित सुप्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में लगने वाले मेले में दूर-दराज से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इन श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए बेहतर पार्किंग की व्यवस्था करवाई जाए तथा मुख्य सड़क पर इस प्रकार की व्यवस्था करें कि यातायात संचालन भी बेहतर तरीकेसे हो तथा बरसाती पानी की निकासी भी बिना किसी बाधा के हो सके, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।

उन्होंने निगमायुक्त से कहा कि वे अधिकारियों तथा बोर्ड सदस्यों के साथ मौका निरीक्षण करें। बैठक में शीतला माता मंदिर कॉम्पलैक्स के नए डिजाइन को भी स्वीकृति दी गई। डिजाईन में संसोधन का प्रस्ताव स्थानीय निकाय मंत्री द्वारा पिछली बैठक में रखा गया था।

बैठक में नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा, श्रीमाता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार, नगर निगम गुरुग्राम के चीफ इंजीनियर राधेश्याम शर्मा, कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग, श्रीमाता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड के सदस्य यादराम बंसल, अजीत बेनीवाल, अरूण महेश्वरी, तिलकराज मल्होत्रा, बह्मपकाश, रामसजन, रघुवर दयाल भारद्वाज, पूजा खेत्रपाल उपस्थित थे।

# सभी संस्थान आंतरिक समिति गठित करना सुनिश्चित करें

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में यौन उत्पीड़न निरोधक अधिनियम के तहत जिला स्तरीय गठित स्थानीय समिति की बैठक लेते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

**प्रत्येक** महिला को यह अधिकार है कि वह कार्य स्थल पर अपने सम्मान व स्वाभिमान के साथ काम कर सकें। इसलिए हर संस्थान का यह उत्तरदायित्व है कि वहां कार्यरत महिलाओं को अच्छा व स्वस्थ माहौल उपलब्ध करवाया जाए। यह बात एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने यहां विकास सदन स्थित अपने कार्यालय में यौन उत्पीड़न निरोधक अधिनियम-2013 के तहत जिला स्तर पर गठित स्थानीय समिति की समीक्षा बैठक में कही।

एडीसी ने कहा कि यौन उत्पीड़न निरोधक अधिनियम 2013 महिलाओं को कार्य स्थल पर सुरक्षा प्रदान करता है । ऐसे में जरूरी है कि सभी संस्थान इस अधिनियम के निर्धारित नियमों के तहत अपने यहां आंतरिक समिति (आईसी) गठित करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा दस या दस से अधिक संख्या वाले कर्मचारियों वाले संस्थान आईसी की वार्षिक रिपोर्ट ई-मेल पर अपनी अधिकारिक मेल से भिजवाना सुनिश्चित करें। एडीसी ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अधिनियम है जिसका उद्देश्य महिलाओं को कायज़्स्थल पर अच्छा व सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवाना है, ताकि वे आत्मसम्मान के साथ नौकरी कर सकें और कार्य स्थल पर अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें। ऐसे में जरूरी है कि सभी सरकारी विभाग अधिनियम कि अनुपालना करें और अधिनियम पर अधिक सक्रियता से काम करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे संस्थान जहां पर महिला कर्मचारी हो या ना हो, वहां पर भी आईसी गठित होनी अनिवार्य है। वही दस से कम कमज़्चारी वाले संस्थानों की महिलाएं जिला स्तर पर गठित लोकल कमेटी (एलसी) में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है। जिला स्तर पर गठित स्थानीय समिति द्वारा शिकायतों का निपटान अधिनियम के अनुसार किया जाता है। एडीसी ने बताया कि स्थानीय समिति द्वारा 100से भी अधिक शिकायतों का निपटान किया जा चुका है। एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कोई भी पीड़ित महिला अपनी शिकायत उसके साथ हुए दुर्व्यवहार के तीन महीनों के भीतर लिखित रूप में दर्ज करवा सकती है। इसके बाद उसे शिकायत देरी से देने का कारण बताना होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## मानेसर निगम चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं कार्यकर्ता



गुरुग्राम के मानेसर नगर निगम चुनाव को लेकर बैठक लेती जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

**गुरुग्राम।** भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने शुक्रवार को नगर निगम मानेसर के वार्ड-16 और वार्ड-15 के गांव शिकोहपुर एवं वार्ड-6 के गांव अलियर ढाणा में आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिला अध्यक्ष ने कार्यकताओं को दिशा-निर्देश कि अगले एक सप्ताह में आने वाले नगर निगम चुनावों की तैयारियें को पूरा कर लिए जाए। संगठनात्मक संरचना को निचले स्तर तक मजबूत करने के भी दिशा निर्देश भी उन्होंने दिए। साथ ही आने वाली 18 और 19 तारीख को सभी मंडलों में मंडल कार्यकारिणी होना सुनिश्चित हुआ है। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कार्यकर्ताओं को कहा कि आगामी नगर निगम चुनावो को लेकर जमीनी स्तर पर तैयारी पूरी कर लें एवं कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि नगर निगम मानेसर में भारतीय जनता पार्टी की निश्चित रूप से जीत होगी। बैठक में महेश चौहान, जिला महामंत्री महेश यादव, जिला उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला सचिव जितेंद्र चौहान, मंडल अध्यक्ष रामनिवास यादव समेत काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गुरुग्राम से खाटू श्याम के बीच बस सेवा फिर से शुरू

**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य परिवहन डिपो गुरुग्राम ने गुरुग्राम से राजस्थान के धार्मिक स्थल खाटू श्याम जी के लिए फिर से बस सेवा शुरू की है। कोरोना की दूसरी लहर के दौरान परिवहन विभाग ने लॉकडाउन की गाइडलाइन्स के चलते लंबी दूरी के रूटों की बस सेवाएं बंद कर दी थी। अब पड़ोसी राज्यों से सहमति मिलने के उपरांत विभिन्न रूटों पर चरणबद्ध तरीके से सभी रूटों की बस सेवाओं पुन: बहाल किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुग्राम से खाटूश्याम रूट के बीच चलने वाली बस सेवा को फिर से शुरू किया गया है। हरियाणा राज्य परिवहन गुरुग्राम डिपो के महाप्रबंधक विकास नरवाल ने बताया कि गुरुग्राम से सुबह 9 बजे चलने वाली यह बस सुबह 10.30 बजे रेवाड़ी होते हुए दोपहर बाद 3 बजे खाटूश्याम पहुंचेगी व अगले दिन सुबह 6.30 खाटूश्याम से गुरुग्राम के लिए वापसी करेगी। गुरुग्राम से खाटूश्याम रूट के बीच 280 रुपये किराया निर्धारित किया गया है।

# सेक्टर-68 से 75 तक जलभराव की समस्या जल्द होगी दूर : नवीन गोयल



गुरुग्राम में जीएमडीए के सीईओ से जलभराव को लेकर बैठक करते नवीन गोयल व आरडब्ल्यूए पदाधिकारी।

## नवीन गोयल के आग्रह पर जीएमडीए के सीईओ ने कराया अधिकारियों का दौरा

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के प्रयासों से सेक्टर-68 से 75 तक ट्यूलिप सोसायटियों के पास जलभराव से क्षेत्र के लोगों को जल्द ही निजात मिलेगी। नवीन गोयल द्वारा गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के सीईओ सुधीर राजपाल के समक्ष रखी गई इस समस्या पर सीईओ ने तुरंत एक्शन लिया है।

सोसायटियों में शिष्टाचार बैठक में पहुंचे नवीन गोयल के समक्ष क्षेत्र के लोगों के समक्ष अपने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी दी थी। नवीन गोयल ने मौजिज लोगों की जीएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल के साथ बैठक की। नवीन गोयल के साथ सीईओ सुधीर राजपाल से मिलने पहुंचे तुलिप आईब्रिज सोसायटी आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनिल शर्मा, उपाध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य डीपी गर्ग, नरेश बंसल, राजेश जोशी, पूरणमल ग्रीन अरावली सोसायटी के प्रधान रामकिशन गुप्ता आदि ने बताया कि उनकी इन सोसायटियों के सामने और अंदर की तरफ बरसात के समय काफी जलभराव हो जाता है। एक फुट से भी अधिक गहरा पानी भरता है। इस कारण वहां से निकलना भी दुभर हो जाता है। बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं को अधिक दिक्कत होती है। इसलिए इस जलभराव समाधान निकाला जाए। बैठक में सीईओ सुधीर राजपाल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा।

**इन मांगों पर भी सीईओ ने दिया आश्वासन :** इसके अलावा पूरणमल सोसायटी को कोई ऐसा ग्रीन इलाका देने की भी मांग रखी गई, जिससे जीएमडीए की जमीन को फोरेस्ट के रूप में तब्दील किया जा सके। शहर की कॉलोनियों से डेयरियों को बाहर करवाने के लिए डेरी मालिकों को खेड़की माजरा में प्रस्तावित जमीन दी जाए। ग्रेटर एसपीआर की तरह ओल्ड गुरुग्राम के अंदर किसी एक रोड को मॉडल रोड बनाया जाए। इन मांगों पर भी जीएमडीए के सीईओ ने जल्द से जल्द संज्ञान लेकर उचित कदम उठाने के लिए आश्वस्त किया। जीएमडीए के सीईओ से मुलाकात के बाद जीएमडीए से एक्सईएन विक्रम, एसडीओ वर्मा, जेई कमलजीत ने मौके का मुआयना किया है।

# सिलानी पावर हाउस से ग्रामीण और किसानों को बिना कट मिलेगी बिजली : संजय सिंह

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना के गांव सिलानी में 33 केवीए पावर हाऊस का उद्घाटन करते विधायक संजय सिंह।

## सोहना विधायक संजय सिंह ने 4.5 करोड़ की लागत से बना 33 केवी सब स्टेशन का उद्घाटन किया

## निमौठ पावर हाउस पर बिजली का अधिक लोड होने के कारण कटों से हो रही थी परेशानी

**सोहना** विधायक संजय सिंह ने शुक्रवार को खंड के गांव सिलानी में 4.50 करोड़ की लागत से बना 33 केवी सब स्टेशन का उद्घाटन किया। इस सब स्टेशन से सबडिविजन सोहना और जिला नूंह के लगते 20 से 25 गांवों में 24 घंटा बिजली आपूर्ति होगी।

खंड के गांव निमौठ में बना 33केवीए पावंर हाउस से जुड़ें गांव किरन की खेड़ली, समेत खूटपुरी,खू भोगपुर मंडी, खूटपूरी, हाजिपुर, सिलानी, नूनेरा, सांचौली, हिलालपुर, भिरावटी, राहुका, मानूवास, कालियाका आदि गांवों में रहने वाले नागरिकों को बिजली की आपूर्ति हो रही थी। निमौठ पावर हाउस पर बिजली का अधिक लोड होने के कारण ग्रामीणों को आपूर्ति में लगने वाले कटों से परेशानी हो रही थी, लेकिन सिलानी में नया पावर हाउस बनने से करीब 10 हजार बिजली उपभोक्ताओं को बिना कट बिजली की आपूर्ति होगी। उद्घाटन अवसर पर हल्का विधायक संजय से ने 33केवीए पावर हाउस के उद्घाटन पर बताया कि प्रदेश सरकार आम नागरिकों से लेकर किसानों को बिना कट बिजली आपूर्ति देने के इरादे से पावंर हाउसों की संख्या में वृद्वि कर रही है। ताकि गांवों में भी शहरों की भांति 24 घंटा बिजली मिल सके। उन्होंने कहा इस पावंर हाउस से किसानों को भी अपनी फसल के लिए बिना कट आपूर्ति मिलेगी। इस अवसर पर बिजली निगम के एक्सएइन गौरव चौधरी, एसडीओ लियाकत अली, जेई समित गर्ग व मुस्तलिन, ग्राम पंचायत सरपंच जयपाल और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# एलिवेटेड मार्ग का दमदमा मोड़ मॉर्डन व जाम मुक्त होगा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना का एलिवेटेड मार्ग पर स्थित दमदमा मोड़ का चौक।

> “ **दमदमा** मोड चौक का निर्माण मॉर्डन तरीके से किया जाएगा। जिसकी सफलता के बाद शहर के अन्य चौक को भी तैयार करने की योजना बनाई है। इस प्रकार के प्रयोग शहर के अंदर भी किए जाएंगे।
>
> **प्रदीप सिंह**
> **( एसडीएम सोहना )**

**गुरुग्राम-सोहना** एलिवेटेड मार्ग के दमदमा मोड़ चौक को मॉर्डन बनाया जाएगा। इस चौक पर लगने वाली रैड लाइट 24 घंटा कार्य करेगी। ताकि यह चौक जाम मुक्त बन सके।

स्थानीय प्रशासन ने शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए नई योजनाएं बनानी शुरू कर दी हैं। जिसका सबसे पहला उपयोग राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए के दमदमा मोड़ चौक पर किया जाएगा। इस चौक को मॉर्डन बनाया जाएगा। जिसमें वाहन 1 से 3 मिनट तक ही रुक सकें। दमदमा चौक को निर्माण आस पास लगती जमीन को शामिल करते हुए चौड़ा किया जाएगा। चौक पर लगने वाली रेड लाइटें सौलर ऊर्जा से संचालित रहेगी। दमदमा मार्ग से आने वाले वाहन चुंगी नंबर दो की तरफ बिना रुके जाएंगे।

शहर से गुरुग्राम-बादशाहपुर या चुंगी नंबर एक की तरफ जाने वाले वाहनों को पहिया भी नहीं रुकेगा। सोहना से दमदमा व एलिवेटेड मार्ग पर जाने वाले वाहन को चौक पार करने में 2 से 3 मिनट का समय लग सकेगा।

**नगर परिषद को नक्शा बनाने के आदेश :** दमदमा चौक को जाम मुक्त बनाने तथा रेड बत्ती जल्द से जल्द लगाने के उद्देश्य से एसडीएम प्रदीप सिंह ने गुरुवार को नगर परिषद अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में चौक का क्षेत्र पहले से अधिक बढ़ाने से लेकर जाम मुक्त रहित चौक का निर्माण किए जाने पर जोर दिया है।

# मिनी सचिवालय का कार्य सवा साल से लटका है अधर में



सोहना के 66केवीए कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार के साथ लगा मिनी सचिवालय की आधारशिला का पत्थर।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> “ **मिनी** सचिवालय का जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। जिसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। जिसे प्रदेश स्तरीय उच्चाधिकारियों के पास भेजा गया है। किसी प्रकार की कमी या मंजूरी मिलने के साथ ही निर्माण कार्य शुरु कर दिया जाएगा।
>
> **प्रदीप सिंह**
> **( एसडीएम सोहना )**

**शहर** के 66 केवीए पावर हाउस के साथ बनने वाले मिनी सचिवालय निर्माण का कार्य मात्र एक सपना बनकर रह गया है। प्रदेश मुख्यमंत्री ने 23 अक्तूबर 2021 को इस मिनी सचिवालय की आधार शिला गांव सरमथला में विकास रैली के दौरान रखी थी। प्रदेश सरकार ने करीब चार एकड़ जमीन पर शहर की चुंगी नंबर एक समीप लगता 66 केवीए पावर हाउस के साथ मिन्नी सचिवालय का निर्माण कार्य कराने की घोषणा की थी। जिसकी आधारशिला मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 23 अक्टूबर को खंड के गांव सरमथला में विकास रैली में ऑनलाइन रखी थी।

आधारशिला के छह माह बाद बिजली निगम से चार एकड़ जमीन का आदान प्रदान हो गया था, लेकिन मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य आज भी अधर में लटका हुआ है। मिनी सचिवालय के लिए चयन की गई चार एकड़ जमीन पर आस पास रहने वाले नागरिक कूड़ा फेंककर गंदगी को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अलावा आसपास झुग्गी झोंपड़ियों में रह रहे मजदूर वर्ग के नागरिक समेत साथ लगती कॉलोनियों के निवासी खुले में शौच कर रहे हैं।

**बढ़ने लगीं आसपास की जमीन की कीमतें :** प्रदेश सरकार द्वारा मिन्नी सचिवालय के लिए जगह निरधारित करने के बाद से आसपास लगती जमीन की कीमतें बढ़ने लगी हैं। शहर की चुंगी नंबर एक से शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक आने वाले मार्ग के साथ-साथ दुकान और मिन्नी बाजार खोलने के इरादे से निर्माण कार्य शुरू हो गए हैं। जिससे यहां पर जमीन की कीमतें पिछले एक साल में डेढ से दो गुणा बढ़ गए हैं।

**कई सरकारी विभागों को भी है इंतजार :** शहर में मिन्नी सचिवालय जल्द से जल्द बनकर तैयार हो। इसका कई सरकारी विभाग के खंड स्तरीय कार्यालय प्रभारी भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एसडीएम कार्यालय समेत तहसील, खंड का खाजाना कार्यालय (ट्रेजरी कार्यालय), सीडीपीओ कार्यालय, कृषि विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग की दो अन्य अलग-अलग सैल के खंड कार्यालय आदि शामिल है। ये कार्यालय अन्य विभागों के परिसर में चल रहे हैं।

# हत्या का आरोप लगाने से कोई दोषी नहीं हो जाता

## गो तस्करों की मौत मामले में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर हत्या केस

## बजरंग दल ने की सीबीआई जांच कराने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करते बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी।

**राजस्थान** से दो युवकों का अपहरण कर हरियाणा के भिवानी जिला में जलकर हुई मौत के मामले में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर हत्या का केस दर्ज किए जाने से बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता में रोष है। उन्होंने इस कार्यवाही को राजस्थान की कांग्रेस सरकार की द्वेष भावना बताया है।

शुक्रवार को इस पूरे मामले को लेकर बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने पत्रकार वार्ता में कहा कि मात्र आरोप लगा देने से कोई मामले में दोषी नहीं हो जाता। विश्व हिंदू परिषद हरियाणा के अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है तो पहले इसकी पूरी तरह से जांच करे। जांच में तथ्य सामने आने के बाद ही आगे की कार्रवाई करे। उन्होंने सीबीआई जांच कराए जाने की भी मांग की है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि जिस वक्त यह वारदात हुई उस वक्त न तो मोनू मानेसर मौका-ए-वारदात पर मौजूद था और न ही जिन अन्य कार्यकर्ताओं पर आरोप लगे हैं वह थे। ऐसे में उन्हें केवल शक के आधार पर नामजद करते हुए कांग्रेस सरकार ने साबित कर दिया है कि पूरी कार्रवाई द्वेष भावना से की जा रही है।

उन्होंने कहा कि यदि राजस्थान पुलिस ने बिना किसी सबूत के आधार पर मोनू मानेसर व उसके किसी भी सदस्य को गिरफ्तार किया गया तो बड़ा आंदोलन करेंगे। महापंचायत के बाद चक्का जाम करने जैसे फैसले लिए जा सकते हैं। महापंचायत हरियाणा में और राजस्थान में करेंगे। उन्होंने कहा कि मृतक की बहन और नूंह पुलिस की बातें आपस में मेल ही नहीं खा रही है। मृतक की बहन ने कहा था कि उसने मोनू मानेसर व उसके साथियों को पकड़कर गौ तस्करी के शक में पुलिस के हवाले किया था, जबकि पुलिस का कहना है कि ऐसा कुछ हुआ ही नहीं।

**15 फरवरी को दो युवकों के अपहरण का मामला :** बता दें कि गो रक्षक मोनू मानेसर व उसके साथियों पर 15 फरवरी को राजस्थान से दो युवकों का अपहरण करने का आरोप लगा था। इसकी शिकायत एक व्यक्ति ने राजस्थान पुलिस को देते हुए मोनू मानेसर व उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने व अपहरण करने का केस दर्ज कराया था। इसके बाद उन दोनों युवकों के शव गाड़ी में जली हुई हालत में भिवानी क्षेत्र में मिले। ऐसे में राजस्थान पुलिस ने इसमें हत्या की धाराएं जोड़ दी। इसी बीच मोनू मानेसर ने भी सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट डालते हुए अपना पक्ष पुलिस व जनता के सामने रखा है।

# आरटीआई के जवाब देने में लापरवाही पर गुरुग्राम ननि के उप-नगर आयुक्त सस्पेंड

**गुरुग्राम।** एक आरटीआई का जवाब देने में लापरवाही करने पर गुरुग्राम नगर निगम के उप-नगर आयुक्त विजयपाल पर गाजा गिरी है। शुक्रवार देर शाम सरकार ने उन्हें सस्पेंड करने के आदेश दिया। सस्पेंशन के बाद उनका मुख्यालय अब यमुनानगर नगर निगम होगा।

जानकारी के अनुसार ओम नगर ढाणी निवासी शेखर यादव नामक व्यक्ति ने एक आरटीआई लगाकर कुछ जानकारी मांगी थी। उस आरटीआई में जो जवाब दिया गया, उससे वे संतुष्ट नहीं हुए। आरोप है कि आरटीआई में पूरी जानकारी नहीं थी। एक तरह से इसे लापरवाही माना गया। आरटीआई लगाने वाले की तरफ से उप-नगर आयुक्त के खिलाफ पहली अपील दायर की गई। मुख्यमंत्री कार्यालय में नगर निगम के उप-नगर आयुक्त विजयपाल यादव के खिलाफ शिकायत भी दी गई।

# रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी मिंत्रा पर दैनिक फैशन के विकल्पों को देखकर हुए चकित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**मिंत्रा** के लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन, 'बी एक्स्ट्रॉऑर्डिनरी एवरीडे' के तहत ये एड फिल्में मिंत्रा को दैनिक फैशन के पसंदीदा विकल्प के रूप में स्थापित कर रही हैं। फिल्म में रनबीर मैंस कैज़्युअल वियर का प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि कियारा महिलाओं के वैस्टर्न वियर और एथनिक वियर का प्रदर्शन कर रही हैं।

मिंत्रा ने अपने लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन, 'बी एक्स्ट्राऑर्डिनरी एवरी डे' के तहत अपने ब्रांड एम्बेसडर रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी के साथ एड फिल्मों की श्रृंखला जारी की है। रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी मिंत्रा की दो-दो फिल्मों में दिखाई दिए हैं। देश में अपने लाखों फैंस के बीच रनबीर पुरुषों के कैज़्युअल वियर का प्रचार कर रहे हैं, और कियारा महिलाओं के वेस्टर्न वियर एवं एथनिक वियर का प्रदर्शन कर मिंत्रा का फैशन नैरेटिव घर-घर पहुँचा रहे हैं। इस गठबंधन के बारे में रनबीर कपूर ने कहा, ''मेरे जीवन में फैशन का बहुत ज्यादा महत्व है। जो लोग मुझे अच्छी तरह जानते हैं, उन्हें पता है कि मैं हर दिन क्लासिक एवं नए फैशन में रहने वाला आदमी हूँ। मैं मिंत्रा के साथ जुड़कर गौरवान्वित और खुश हूँ। हमारा गठबंधन मेरे फैंस के लिए सर्वश्रेष्ठ दैनिक फैशन संभव बनाएगा, और उन्हें मिंत्रा पर सर्वश्रेष्ठ ब्रांडेड फैशन आसानी से उपलब्ध कराएगा। मैं इसके लिए बहुत उत्साहित हूँ।'' कियारा आडवाणी ने कहा, ''मिंत्रा के साथ मेरी साझेदारी फैशन के लिए मेरे जुनून के अनुरूप है। मैं इस कैम्पेन का हिस्सा बनने और मिंत्रा के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूँ क्योंकि इससे लोगों को प्रतिदिन ज्यादा आत्मविश्वास पाने और स्टाईलिश बनने में मदद मिलेगी।'' इन एड फिल्म्स के लॉन्च के बारे में सुंदर बालासुब्रमण्यन, सीएमओ, मिंत्रा ने कहा, ''इस कैम्पेन का मुख्य संदेश है कि दैनिक फैशन के लिए मिंत्रा पर आएं। इसका उद्देश्य ग्राहकों को दैनिक फैशन के सर्वश्रेष्ठ विकल्प प्रदान करके इस प्लेटफॉर्म के साथ उनका जुड़ाव मजबूत करना और उन्हें अपने दैनिक जीवन के हर पहलू में स्टार बनाना है, जिसमें फैशन एक केंद्रीय भूमिका निभाए।

लोगों को फैशन की प्रेरणा देने वाले सिने स्टार्स को इस कैम्पेन में लाकर हम उनके फैंस के साथ अपना संबंध मजबूत कर रहे हैं, और उन्हें सर्वश्रेष्ठ दैनिक फैशन प्रदान करने के लिए तैयार हैं।''मिंत्रा 360-डिग्री दृष्टिकोण का क्रियान्वयन कर रहा है और ये फिल्में पूरे देश में टीवी, डिजिटल एवं सोशल प्लेटफॉर्म्स पर देखी जा सकेंगी। ब्रांड कैम्पेन के बारे में मिंत्रा 6000 अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और डी2सी ब्रांड्स के विस्तृत संग्रह के साथ अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ फैशन, ब्यूटी एवं लाईफ स्टाइल तथा विभिन्न मूल्य वर्गों में 1.7 मिलियन ट्रेंड-फर्स्ट स्टाइल प्रदान करता है।

# मेला : रायगढ़ किले की दुर्दशा देख निराश हो रहे दर्शक

## 33 वें सूरजकुंड मेले में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र था यह किला

कविता। फरीदाबाद

**सूरजकुंड** मेले में मौजूद रायगढ़ का किला गत वर्ष आकर्षण का केन्द्र रहा था। लेकिन मेला आयोजक ने इस बार इसकी तरफ ध्यान ही नहीं दिया। पर्यटक जब किले में ऊपर जाते हैं तो उन्हें निराशा के अलावा कुछ नहीं मिलता। किले में गंदगी और टूटी हुई मूर्तियों को देख लोग वापस लौट रहे हैं।

**नहीं दिया ध्यान :** 33वें सूरजकुंड मेले में थीम स्टेट महाराष्ट्र द्वारा अरावली की पहाड़ी के ऊपर रायगढ़ के किले का स्वरूप बना हुआ है। यह किला जहां एक तरफ सूरजकुंड मेले की शोभा को बढ़ाने का काम करता है, वहीं दर्शकों को अपनी तरफ आकर्षित भी करता है। मेले में पहुंचने वाले दर्शक अपने बच्चों के साथ ऊंची सीढ़ियां चढ़कर इस किले को देखने पहुंच रहे हैं। लेकिन यहां पहुंचकर उन्हें यहां खंडहरनुमा किला नजर आ रहा है। ऊपर पहुंचने पर देखा जा रहा है कि किले के एक हिस्सें में लोहे के जेलनुमा चार दीवारी में मूर्तियां टूटी पड़ी है। उनके ऊपर की छत्तरी भी पूरी तरह से टूट चुकी है। देखभाल न होने के कारण किला पूरी तरह से खंडहर हो गया है।


मेले में मौजूद रायगढ़ के किले में मौजूद छत्रपति शिवाजी महाराज की टूटी मूर्ति।


खंडहर किले में लगी दर्शकों की भीड़।

**यह है किले का इतिहास :** रायगढ़ का किला महाराष्ट्र की राजधानी के नाम से पहचाना जाता था। इस किले का निर्माण छत्रपति शिवाजी महाराज के साथ हीरोजी इंदलकर ने 1600 एकड़ में करवाया था। उसी किले का प्रतिरूप (डेमो) मेला परिसर में मौजूद है। बताया जाता है कि इसी किले में छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भी हुआ था।

**टूटी मूर्तियां :** 36वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला परिसर में रायगढ़ के किले में एक जेलनुमा लोहे की चारदीवारी में शिवाजी महाराज की मूर्ति और उनके ऊपर लगी छतरी पूरी तरह से टूटी पड़ी है। यहां पहुंचकर दर्शक इनकी दयानीय हालत को देखकर निराश हो रहे हैं। हालांकि किले के ऊपर आने-जाने वाले रास्ते का दर्शक खूब लुफ्त उठा रहे है, लेकिन ऊपर पहुंचने पर दर्शकों को निराशा मिल रही है। किले के भीतर जाले लगे है, वहीं गंदगी के ढेर लगे हैं, किले के दरवाजे भी खस्ता हाल में नजर आ रहे हैं, कुछ तो लकड़ी के होने के कारण उखड़कर गिर गए हैं।

# सीएम फ्लाइंग टीम ने दो राशन डिपो की कालाबाजारी का किया पर्दाफाश

## संत नगर और डबुआ कालोनी में मौजूद सरकारी राशन डिपो में मिला घपला

पायनि०यर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीएम** फ्लाइंग की टीम द्वारा सरकारी राशन की कालाबाजारी को रोकने के लिए लगातार डिपो पर छापेमारी की जा रही है। लेकिन इसके बावजूद डिपो धारक लगातार गरीबों के हक पर सेंध लगा रहे हैं। सीएम फ्लाइंग ने अपनी कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को संत नगर और डबुआ कालोनी में स्थित राशन के दो डिपो पर छापेमारी कर सरकारी राशन की कालाबाजारी का पर्दाफाश किया है। डिपो धारकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

**पहला छापा:** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के डीएसपी राजेश चेची ने बताया कि बृहस्पतिवार को गुप्त सूचना मिली कि संत नंगर स्थित राशन डिपो संचालक मुकेश कुमार द्वारा सरकारी राशन को पात्र व्यक्तियों को न बांटकर स्थानीय बाजार में बेचा हुआ है। इस सूचना के आधार पर राजेन्द्र कुमार उप निरीक्षक, प्र.सि. बृजेश कुमार मुख्यमंत्री उड़नदस्ता द्वारा उदय सिंह व संदीप उप निरीक्षक खाद्य आपूर्ति विभाग के साथ मुकेश कुमार के राशन डिपो को चेक किया, जो बंद मिला। काफी तलाश के बाद भी उसके न मिलने पर डिपो होल्डर को सूचित किया गया। जिस पर शुक्रवार को पुन: राशन डिपो को चेक किया गया। मौका पर पड़ताल पर ज्ञात हुआ कि इस राशन डिपो के साथ रमेश कुमार और पंकज कुमार का डिपो भी अटैचमेंट किया हुआ है। मुकेश कुमार की मौजूदगी में चेक करने पर पाया कि यहां पर 30 क्विंटल बाजरा, 114 क्विंटल गेहूं और 1.5 क्विंटल चीनी निर्धारित स्टॉक से कम है। जिससे प्रथम दृष्टया प्रतीत हुआ कि राशन डिपो होल्डर मुकेश द्वारा पात्र व्यक्तियों को न बांटकर कालाबाजारी की हुई है। जिसके खिलाफ उदय सिंह उप निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की शिकायत पर स्थानीय पुलिस थाना सेक्टर 17 फरीदाबाद में आपराधिक अभियोग अंकित कराया जा रहा है।


संत नगर में छापा मारती सीएम फ्लाईंग की टीम।


डबुआ कालोनी में राशन डिपो की जांच करते टीम के सदस्य।

**दूसरा छापा:** डीसीपी राजेश कुमार चेची ने बताया कि गुप्तचर इकाई बल्लभगढ़ द्वारा सूचना दी गई कि उषा देवी राशन डिपो होल्डर डबुआ कॉलोनी द्वारा सरकारी राशन के गेहूं की कालाबाजारी की गई है।

इस सूचना के आधार पर शुक्रवार को राजेंद्र कुमार उप निरीक्षक, प्रधान सिपाही प्रभु दयाल व बृजेश कुमार द्वारा उदय सिंह व संदीप खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम के साथ उषा देवी के राशन डिपो पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। मौका निरीक्षण पर इस राशन डिपो पर निर्धारित मात्रा से 16 क्विंटल गेहूं कम पाया गया। जिससे स्पष्ट प्रतीत है कि इनके द्वारा सरकारी राशन की काला बाजारी की गई है। इस संबंध में संदीप उप निरीक्षक खाद्य आपूर्ति विभाग की शिकायत पर स्थानीय पुलिस थाना डबुआ कॉलोनी में आपराधिक अभियोग अंकित कराया जा रहा है। मौके पर राशन डिपो होल्डर उपस्थित न होने के कारण इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

# निगम के भ्रष्टाचार ने शहर को बर्बाद किया: डॉ. सुशील गुप्ता



प्रेसवार्ता को संबोधित करते डॉ. अशोक तंवर, डॉ. सुशील गुप्ता और अनुराग ढांडा

**फरीदाबाद।** पूरे देश में जब हरियाणा की बात होती थी तो फरीदाबाद का भी नाम लिया जाता था। निगम के करोड़ों के भ्रष्टाचार की वजह फरीदाबाद की सारी व्यवस्थाएं खत्म हो गई। कूड़े के ढेर, मलबे के ढेर,गंदा पानी और भ्रष्टाचार ने फरीदाबाद की सूरत ही बदल दी। बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया। ये बात आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सदस्य डॉ. सुशील गुप्ता ने कही।

वे शुक्रवार को फरीदाबाद की जाट धर्मशाला में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने फरीदाबाद निगम चुनावों की जिम्मेदारी डॉ. अशोक तंवर को दी है। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी डॉ. अशोक तंवर के कुशल नेतृत्व में फरीदाबाद निगम चुनावों में जीत दर्ज करेगी। आम आदमी पार्टी बुनियादी सुविधाओं के मुद्दों की लेकर जनता के बीच जाएगी। वहीं भ्रष्टाचार, जगह जगह फैली गंदगी और सड़कों को खस्ता हालत को चुनावों में बड़ा मुद्दा बनाएगी। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार और केंद्रीय मंत्री की जोड़ी ने फरीदाबाद को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि आम आदमी पार्टी सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़ती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की खट्टर सरकार पहले पंचायत चुनाव को और अब निगम चुनावों को टालने में लगी है। वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि हमें अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में न केवल लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़नी है, बल्कि जनता के हकों की आवाज भी बुलंद करनी है।

# जिले का नाम विश्व में प्रचारित करता है मेला : बबली

## अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया मेले का भ्रमण

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली ने शुक्रवार को 36वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉलों पर जाकर जहां देशी-विदेशी कलाकारों का इस मेले में पधारने पर स्वागत किया। वहीं हरियाणा सरकार व पर्यटन विभाग की इस सफल मेले के आयोजन को लेकर जमकर प्रशंसा की। सुरेंद शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद के लिए यह गर्व का विषय है कि सूरजकुंड जैसा अंतर्राष्ट्रीय मेला यहां आयोजित होता है, इस मेले में न केवल देश बल्कि विदेशों से कलाकार और पर्यटक आते है, जिससे फरीदाबाद का नाम विश्वभर में प्रसारित होता है। बबली ने कहा कि इस मेले में भारतीय संस्कृति के साक्षात दर्शन होते है और यहां आकर पर्यटक आनंद की अभिभूति महसूस करते है। उन्होंने कहा कि पिछले 36 वर्षो से यह मेला सफलता के साथ यहां आयोजित होता आ रहा है, यह शहर के लोगों के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। सुरेंद्र शर्मा ने इस दौरान हरियाणवीं कलाकारों के साथ भी वार्तालाप करके उनके मेले के अनुभवों को भी जाना। इस अवसर पर पं करण पाराशर इंजीनियर, दीपक, वरुण, हिमांशु, सृष्टि, दिनेश वैभव, किटी, सौरव, रामजीलाल सहित अन्य उपस्थित रहे।


नगाड़ा बजा कर देखते सुरेन्द्र बबली।

# आईएचजी जर्नी टू टुमॉरो पहल के तहत स्वच्छता अभियान चलाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**होटल** क्राउन प्लाजा, ग्रेटर नोएडा ने होटल परिसर में एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया, जो 'जर्नी टू टुमॉरो' अभियान की ओर अग्रसर है। महाप्रबंधक शरद के. उपाध्याय के नेतृत्व में कर्मचारियों की टीम ने तड़के अभियान चलाया। यह सुनिश्चित करने के लिए टीम को भागों में विभाजित किया गया था कि सभी क्षेत्रों को कवर और साफ किया जाए।

पहल के बारे में बात करते हुए ग्रेटर नोएडा के क्राउन प्लाजा के महाप्रबंधक शरद उपाध्याय ने कहा, इस स्वच्छता अभियान का आयोजन करके हम लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं। मेरा मानना है कि यह ड्राइव हमारे ग्रह को सम्मान देने का सबसे अच्छा तरीका है, यह न केवल हमारे घरों में बल्कि सार्वजनिक स्थानों पर भी स्वच्छता बनाए रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। उन्होंने कहा, आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में हमारे पास एक जर्नी टू टुमॉरो पहल है, जो अगले दशक में हमारे लोगों, समुदायों और ग्रह के लिए सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महत्वाकांक्षी नई प्रतिबद्धताओं की एक श्रृंखला है। अच्छे के लिए सच्चा आतिथ्य प्रदान करने के आईएचजी के उद्देश्य से निर्देशित, हम उन लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे जो हमारे साथ रहते हैं, काम करते हैं, और जिम्मेदार यात्रा के भविष्य को आकार देने में मदद करते हैं।



# खेल परिसर में कृत्रिम अंग वितरण शिविर आज

**फरीदाबाद।** उपायुक्त कम अध्यक्ष जिला रैडक्रॉस विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 18 फरवरी 2023 शनिवार को दोपहर 01 बजे सीएसआर के तहत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सहयोग से दिव्यांगजनो के लिए सेक्टर-12 में स्थित खेल परिसर में विशाल कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। जबकि हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास मंत्री मूलचंद शर्मा और जिला फरीदाबाद के सभी विधायकगण बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उपायुक्त ने सभी जिलावासियों से आह्वान किया है कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को भेजने में अपनी भागीदारी निभाएं, ताकि जिला फरीदाबाद में अंतिम छोर के जरूरतमंद दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हो सकें।

# अधूरे विकास कार्यों को जल्द पूरा करें अधिकारी: नयनपाल रावत

## विधायक ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठकए विकास कार्यो पर की चर्चा

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**हरियाणा** भंडारण निगम के चेयरमैन एवं पृथला विधानसभा क्षेत्र से विधायक नयनपाल रावत ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में अधूरे पड़े विकास के कार्य जल्द से जल्द पूरे किए जाए, उन्होंने क्षेत्र के विकास पर अधिकारियों से रिपोर्ट कार्ड भी मांगा। उन्होंने कहा कि अप्रैल तक क्षेत्र में पांच करोड़ के विकास कार्य पूरे हो जाएंगे, जबकि पांच करोड़ के विकास कार्यो के लिए अधिकारियों से उन्होंने एस्टीमेट तैयार करने की बात कही। विधायक नयनपाल रावत रेस्ट हाऊस में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्ष बैठक ले रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रूप से जिला अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा भी मौजूद रहे। विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि नगर परिषद पलवल एरिया में उनके विधानसभा क्षेत्र के चार गांव आलापुर, फिरोजपुरए नया गांव फजलपुर, अगवानपुर आते हैं, इन सभी गांवों में पेयजल, सीवर, सडक़, गली व नालियों संबंधी कार्य चल रहे हैं। इन सभी कार्यों को बरसात से पहले मई और जून माह तक पूरा करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए गए क्योंकि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी चाहते है कि शहरों की तर्ज पर गांवों का विकास तेजी से किया जाए। श्री रावत ने कहा कि जितनी जल्दी विकास कार्य पूरे होंगे, नतीजतन ग्रामीणों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं उन्होंने गांवों में साफ.-सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने पर भी जोर दिया। विधायक रावत ने कहा कि कोरोना काल के चलते काफी विकास कार्य रुक गए थे, उन्हें अब गति देने का कार्य किया जा रहा है। रेनीवेल परियोजना का पृथला विधानसभा के 38 गांवों को जल्द से जल्द लाभ मिल सके उसके लिए भी संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए गए हैं।


विधायक नयनपाल रावत क्षेत्र में अधूरे पड़े विकास के कार्य जल्द पूरा करवाने के लिए अधिकारियों से बैठक करते हुए।

# बच्चों को रोल मॉडल बनाएं अध्यापक: इंदुबाला

**फरीदाबाद।** बच्चे देश का भविष्य हैं और इनको संवारना तथा संस्कारिक बनाना हमारा कर्तव्य है, ताकि वे समाज के लिए रोल मॉडल बन सकें। यह बात बल्लभगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर इंदु बाला ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुझेडी (बल्लभगढ़) में आयोजित रोल मॉडल कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने थाना प्रभारी से अनेक प्रकार के प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को जानने का प्रयास किया तथा सहज भाव से थाना प्रभारी ने बच्चों को इसका जवाब भी दिया। इस अवसर पर शहीद स्मारक स्नातकोत्तर राजकीय महाविद्यालय तिगांव की टॉपर छात्राओं कृपण एवं शिवानी ने भी बच्चों को अपने संबोधन से प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रिंसिपल पुष्पा रानी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में विश्वास, प्रेरणा तथा सहयोग की भावना को भरते हैं। ऐसे आयोजन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

# अनमोल ने बैडमिंटन टूर्नामेंट मे जीता गोल्ड, दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** की अनमोल खर्ब ने राजस्थान के जयपुर में टूर्नामेंट नाम योनेकस सन राइस आल इंडिया सब जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट मे गोल्ड जीत कर फरीदाबाद का नाम रोशन किया। इस मौक़े पर उनके निवास पर जाकर उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त एडवोकेट ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह प्रतियोगिता 5 से 12 से जयपुर मे आयोजित की गई। वशिष्ठ ने कहा कि अनमोल खर्ब साई बैडमिंटन एकेडमी नहर पार सेक्टर 86 मे अभ्यास करती है। अनमोल खर्ब के कोच राहुल व कमल वशिष्ठ खेलने की ट्रेनिंग देते हैं अनमोल खर्ब के स्कूल डीपीएस के प्रिंसिपल अनिल शर्मा खुद अनमोल खर्ब के अभ्यास की पल-पल की खबर लेते हैं और उसकी किसी भी सामान की जरूरत को पूरा करने का पूरा ध्यान रखते हैं। अनमोल खर्ब को हर प्रतियोगिता खेलने से पहले प्रोत्साहित करते हैं। अनमोल खर्ब के पिता देवेंद्र खर्ब जिला अदालत में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। अभी हाल में पिछले साल 2022 दिसंबर में अनमोल खर्ब ने अंडर-17 में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल लिया था। हरियाणा की बैडमिंटन अंडर 19 वर्ग की टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इतिहास में पहली बार सिल्वर मेडल मिला। अनमोल खर्ब उसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अनमोल ने व्यक्तिगत रजत पदक जीता। इस इस मौक़े पर फ़रीदाबाद कान्वेंट स्कूल के वाइस चेयरमैन सुनील मान व तीरूपती इंडस्ट्रीज़ के मालिक नरेश शर्मा मौजूद थे।


अनमोल को बुक्के देते शिवदत्त एडवोकेट व अन्य।

# संक्षिप्त समाचार

## सराय ख्वाजा की छात्रा सूरजकुंड मेले में मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद की छात्राएं 36वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड आर्ट्स एंड क्राफ्ट मेले में शिक्षा एवम पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने बताया कि मेले में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जा रही है। जिसमें भिन्न-भिन्न विद्यालय के विद्यार्थियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होता है तत्पश्चात उस प्रतियोगिता में विद्यालय को प्रतिभागिता के लिए जाना होता है। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड सदस्य छात्राओं नेहा, तन्नु, चुनमुन, गुलफ्शा, रोशनी, अंजली, अनीशा, शबाना, ज्योति, मुस्कान और शकीना ने मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिया तथा नेहा और तन्नु ने क्रमश: प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जहां छात्राओं नेहा और तन्नु को प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## कमजोर बच्चों को एडमिट कार्ड न देने का आरोप

**फरीदाबाद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सभी प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वे 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बैठने के लिए जारी किए गए एडमिट कार्ड सभी विद्यार्थियों को तुरंत दें। सीबीएसई का कहना है कि उसके संज्ञान में आया है कि स्कूल प्रबंधक प्री बोर्ड परीक्षाओं में कम अंक लाने वाले विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड नहीं दे रहे हैं इसके अलावा कुछ स्कूल प्रबंधक एडमिट कार्ड देने की एवज में शुल्क मांग रहे हैं। यह दोनों ही बातें सीबीएसई नियमों के खिलाफ हैं। जो स्कूल इन नियमों का उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। सीबीएसई का यह भी कहना है कि एडमिट कार्ड उन सभी सफल विद्यार्थियों के नाम जारी किए गए हैं जिनके नाम स्कूल प्रबंधकों ने सीबीएससी को भेजे हैं। ऐसे में उनका एडमिट कार्ड रोकना किसी भी दृष्टि से न्यायोचित नहीं है। उधर हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है प्री बोर्ड परीक्षा लेने का कोई संवैधानिक नियम नहीं है यह सिर्फ बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए ली जाती है। अगर किसी विद्यार्थी के किसी विषय में कम नंबर आए हैं तो स्कूल प्रबंधकों का यह नैतिक फर्ज बनता है कि वह विद्यार्थी को उस विषय की और अधिक पढ़ाई कराए और उसके द्वारा की गई गलतियों को ठीक कराये। लेकिन स्कूल प्रबंधक ऐसा नहीं करते हैं इसकी जगह बच्चे को एडमिट कार्ड ना देकर उसको परेशान करते हैं। नामी-गिरामी स्कूल तो पेरेंट्स पर दबाव डालते हैं कि वह बच्चे की टीसी ले ले और प्राइवेट छात्र के रूप में बोर्ड एग्जाम दिलवाए। स्कूल प्रबंधक यह घिनौना कार्य अपने स्कूल का 100 प्रतिशत रिजल्ट दिखाने के चक्कर में करते हैं। मंच के लीगल एडवाइजर एडवोकेट बीएस विरदी ने अभिभावकों से कहा है कि अगर कोई स्कूल प्रबंधक एडमिट कार्ड नहीं दे रहा है और पैसे मांग रहा है तो तुरंत इसकी शिकायत मंच से करें व 9891505777 पर संपर्क करें।

## तनाव से मुक्त होकर तरक्की की राह पर आगे बढ़ें : रेखा

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के प्लेसमेंट सैल की ओर से मानव संसाधन क्षेत्र में रोजगार एवं तनाव से मुक्ति विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें डीएवी सेंटरनरी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष रेख शर्मा ने छात्राओं को मानव संसाधन क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से अवगत कराया। उन्होंने छात्राओं से साक्षात्कार में स्वंय को तनाव से मुक्त कर प्रश्नों के जवाब देने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यवाहक प्राचार्या रितिका गुप्ता ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करने हुए कहा कि आधुनिक समय में शिक्षा के साथ कौशल की भी आवश्यकता है , जिसके लिए महाविद्यालय के प्लेसमेंट सैल द्वारा समय समय पर इस प्रकार की कार्यशालाओं एवं व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है, ताकि छात्राओं को जॉब साक्षात्कार में किसी प्रकार की समस्या न हो। मुख्य वक्ता ने छात्राओं को जीवन में तनाव से मुक्त रहने के लिए हर समस्या को अपने विश्वसनीय लोगों के साथ साझा करने की बात कही तथा समय कद्र, स्वयं प्रबंधन पर बल देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका अर्चना वर्मा, सतविंद्र कौर, सोनिया मनोचा, ज्योति गुप्ता, आशना, गौरव आदि मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शिव स्तुति की गूंज



**फरीदाबाद।** महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले की छोटी चौपाल पर शिव स्तुति की गूंज रही। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग तथा पर्यटन विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक विविधता का परिचय दिया। स्टेज पर लघु भारत की तस्वीर नजर आई। डा. नगेंद्र एवं उसके समूह ने शिव स्तुति का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा मेला स्थल भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश से आई टीम ने राधा-कृष्ण पर अपनी भव्य प्रस्तुति देकर वृंदावन की धरा को स्टेज पर ही जीवंत कर दिया। सुशील एंड पार्टी ने हे मेरी छैल पछैली, हाथां में तांबे की गूठी... पर हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिया। इसके अलावा धर्मेंद्र एवं उसके दल ने रागनी, अंजलि भाटी ने हरियाणवी लोक नृत्य, तुलसी दल का फिल्मी बैंड, मुद्रा ग्रुप ओपन फॉर्मिंग की कोरियोग्राफी, अक्षत एवं दल का वेस्टर्न आर्केस्ट्रा, बृजमोहन का नाटक, वेद दमन एवं दल की कव्वाली तथा सुशील कुमार एवं दल की हरियाणवी लोक नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मदमस्त कर दिया। इस कार्यक्रम के दौरान डा. दीपिका व सुमन डांगी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## लोगों के बीच शहर की सड़को पर उतरी पुलिस

**फरीदाबाद।** 17 फरवरी को डीजीपी हरियाणा के आदेशानुसार व पुलिस डीसीपी मुख्याल नीतीश अग्रवाल के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-7 प्रभारी ने अपने इलाके में आने वाली पुलिस चौकियों के इचार्ज के साथ आज इलाके में लोगो कि समस्या को सुनकर उनका समाधान करने के लिए लोगों के बीच उतरे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज लोगों तक पुलिस की पहुंच बनाने को लेकर थाना सेक्टर-7 प्रभारी नवीन कुमार,चौकी सेक्टर-11 प्रभारी प्रदीप कुमार, चौकी सेक्टर-8 प्रभारी राजेश कुमार, चौकी सेक्टर-3 प्रभारी सीमा रानी व पुलिस टीम ने शहर की सड़कों पर पैदल गस्त की। थाना सेक्टर-7 एरिया सेक्टर 7-10 मार्किट,वाटा मोड,रामनगर बस्ती व थाना एरिया के रिहासी इलाके में पैदल गस्त कर जगह-जगह रुककर लोगों की समस्याएं पूछी। लोगों ने सेक्टर 7-10 के चौक पर जाम की समस्या बताई। पुलिस अधिकारियों ने प्लान बनाकर मार्किट को जाम मुक्त करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों ने शहरवासियों को सुरक्षा के प्रति भी आश्वस्त किया। साथ ही लोगो ने रिहासी एरिया में लोगों ने शराबी लोगों से परेशानी बताई। जिसके लिए लोगों को आश्वासन दिया गया कि इलाके में पुलिस टीम लगातार गस्त करेगी।

## स्कूल में समाजसेवियो ने दान देकर किया सहयोग

**बल्लभगढ़ ।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय डींग में ग्रामीण समय-समय पर विद्यालय व छात्रों की सहायक सामग्री देकर सहयोग करते रहते हैं। इसी क्रम में आज गांव के गणमान्य व समाजसेवीयो लोगों ने पंचायत समिति चेयरमैन चंद्रपाल जयवीर यादव सरपंच, पूर्व सरपंच विक्रम सिंह, जनहित सेवा संस्था के महासचिव समाजसेवी सुभाष गहलोत, पूर्व सरपंच सुरेन्द्र, धर्मवीर यादव नम्बरदार व तेजपाल यादव ने कलर प्रिंटर, टेबल और कुर्सी, कम्प्यूटर, म्यूजिक सिस्टम, लैक्चर स्टैण्ड, डिस्प्ले बोर्ड,पंखे, इन्वर्टर व बैटरी दान में दिए। पोली मेड कम्पनी ने कम्प्यूटर देकर सहयोग किया।इस अवसर पर विक्रम सिंह नम्बरदार व समाजसेवी सुभाष गहलोत ने कहा कि हमारा विद्यालय मुख्याध्यापक समर देशवाल के नेतृत्व में निरंतर छात्रों की भलाई व उन्नति में कार्य कर रहा है। देशवाल ने स्कूल का कार्यभार संभालते ही स्कूल की दशा ही बदल दी है आपसी सहयोग से, ग्रामीण व समाजसेवी विद्यालय व छात्रों को सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत हैं। मुख्याध्यापक देशवाल ने गणमान्यों का धन्यवाद कर आभार व्यक्त किया ओर दानी-दाताओ के स्कूल के डिस्प्ले बोर्ड पर नाम अंकित करवाए। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकगण मास्टर भवीचन्द, रघु वत्स आदि मौजूद थे।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 18 फरवरी, 2023



## चीन से मुकाबला

### आईटीबीपी का विस्तार

**चीन** की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए भारत तिब्बत सीमा पुलिस–आईटीबीपी की सात नई बटालियनें गठित करने का निर्णय किया गया है जिनमें 9,400 जवान होंगे। सरकार ने नई बटालियनें गठित करने का फैसला सही समय पर किया है क्योंकि चीन पहले की तरह आक्रामक दृष्टिकोण अपनाते हुए सीमा पर गतिविधियां बढ़ा रहा है तथा येन–केन–प्रकारेण भारत को रणनीतिक रूप से घेरने के प्रयास कर रहा है। उसकी पाकिस्तान से मिलीभगत है जो भारत में 'जिहादी' आतंक फैला रहा है। भारत व चीन के बीच 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा–एलएसी पर सुरक्षा देने वाली भारत–तिब्बत सीमा पुलिस–आईटीबीपी का नया आपरेशनल आधार भी बनेगा। 1962 में गठित आईटीबीपी में लगभग 90,000 जवान हैं, इस प्रकार उसकी संख्या में जल्द ही लगभग 10 प्रतिशत वृद्धि हो जाएगी। नवगठित सैनिक शक्ति से सीमा पर नई 47 चौकियों तथा एक दर्जन 'स्टेजिंग कैंपों' या सैनिक शिविरों के प्रबंधन में सहायता मिलेगी। इनमें से अधिकांश अरुणाचल प्रदेश राज्य में होंगे जिस पर चीन अपना दावा करता है। चीन द्वारा पैदा खतरे को देखते हुए भारत ने एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है। इसमें क्वाड जैसे बहुपक्षीय रणनीतिक गठबंधन के साथ ही हथियारों व उपकरणों की खरीद को बढ़ावा देना तथा एलएसी के निकटवर्ती क्षेत्रों में ढांचागत संरचना का निर्माण शामिल हैं। जून, 2020 में गलवान झड़प के पहले और उसके बाद चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़े जोरशोर से ढांचागत संरचनायें तैयार कर रही है जिसके



परिणामस्वरूप चीन से लगी एलएसी पर बड़ा 'ढांचागत अंतर' पैदा हो गया है। हालांकि, सरकार द्वारा की गई त्वरित कार्रवाइयों से यह अंतर बहुत कम हुआ है। इनमें हर मौसम में काम आने वाली सड़कों, पुलों, सुरंगों, हेलीपैडों, हवाईअड्डों, आदि का निर्माण शामिल है।


पिछले सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मीडिया के साथ ढांचागत निर्माण की विस्तृत जानकारियों का साझा किया। ये परियोजनायें एलएसी से सटे राज्यों लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश में फैली हुई हैं। एस. जयशंकर ने कहा, 'स्पष्ट रणनीतिक कारणों से चीन से लगी उत्तरी सीमाओं पर ढांचागत संरचना के तेज विकास पर ध्यान दिया गया है।' उन्होंने यह भी कहा कि ये परियोजनायें भारत को 'मित्र' पड़ोसी देशों बांग्लादेश, भूटान, नेपाल व म्यांमार से जोड़ती हैं। यह देख कर खुशी होती है कि पश्चिमी देश खासकर चीन से पैदा खतरों के प्रति सतर्क हुए हैं। दुनिया भर के नेताओं ने समझ लिया है कि चीन जो कुछ भी करता है या कर सकता है, उसका रणनीतिक आयाम होता है। 'टिकटाक' जैसी कंपनियों के एपों पर डेटा एकत्र करने का आरोप है और बीजिंग उचित अवसर मिलने पर इनका प्रयोग कर सकता है। भारत द्वारा टिकटाक व अनेक अन्य चीनी एपों पर प्रतिबंध लगाने के बाद अनेक अन्य देशों ने भी ऐसी कार्रवाई की है। यहां तक कि चीनी कंपनियों द्वारा तैयार बिजली उपकरणों का भी प्रयोग आयुधों के रूप में हो सकता है। कम से कम इसकी आशंका बनी हुई है। बीजिंग पर पड़ने वाले अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते उसने पाकिस्तानी आतंकियों का कवच बनना बंद कर दिया है। दुनिया के विभिन्न भागों में चीन की दुष्टतापूर्ण रणनीतियों के उजागर होने पर यह दबाव और बढ़ने की उम्मीद है। चीन की बढ़ती आक्रामकता का भारत के साथ दुनिया के अन्य देशों में विरोध बढ़ रहा है। भारत चीन का प्रतिरोध करने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। भारत तिब्बत सीमा पुलिस–आईटीबीपी की नई बटालियनें इसी प्रतिरोध का हिस्सा हैं।

# गरीब-अमीर खाई पाटने के प्रयास

'सबका साथ सबका विकास' की सच्ची भावना से कार्यरत मोदी सरकार भारत में गरीब–अमीर खाई पाटने के प्रयास कर रही है। सबसे अमीरों को आयकर में राहत इस दिशा में एक साहसी कदम है।



**विशाल बख्शी**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण के बजट प्रस्तावों के बारे में बहुत कुछ लिखा जा चुका है। इसमें व्यक्तिगत आयकर स्लैबों में परिवर्तन के साथ विभिन्न आयवर्गों को राहत देने का प्रयास किया गया है। इन प्रस्तावों का विशिष्ट आयाम यह है कि इनमें सबसे अमीर लोगों या आयकर के सर्वोच्च स्लैब में भी रियायत देने तथा लाभ पहुंचाने के कदम उठाए गए हैं। यह इसलिए भी खास है क्योंकि यह कम से कम भारतीय जनता पार्टी की सोच में आमूल परिवर्तन का संकेत मिलता है। यह एक प्रकार का पैराडाइम परिवर्तन है। वास्तव में यह विरासत में मिली उस सोच से एकदम अलग है जो पिछली शताब्दी के सार्वजनिक विमर्श पर हावी रही है।

पिछली शताब्दी के पहले अर्धांश में बौद्धिक व राजनीतिक वर्ग की सोच पर समाजवाद व साम्यवाद का बहुत व्यापक प्रभाव रहा। इस सोच के परिणामस्वरूप आर्थिक नीति लगातार ऐसे उन्मुखीकरण का शिकार बनी जिसका कोई लाभ नहीं मिला। इन विचारधाराओं के आधार पर केवल गरीबों के नाम पर ही प्रगति की अवधारणा हावी हो गई थी। उस समय कहा जाता था कि गरीबों के शोषण में सक्षम होने और उसकी अनुमति मिलने के कारण ही अमीर लोग और अमीर होते जा रहे हैं। हालांकि, आज भी ऐसे विचार लोगों में 'लोकप्रिय' हैं। यहां तक कि इनकी लोकप्रियता ऐसे लोगों में भी बनी हुई है जिनका नीति–निर्माण में महत्वपूर्ण स्थान है।

इसका एक उदारण अप्रैल 2020 में उस समय आया जब कोविड–19 वैश्विक महामारी का प्रकोप अपने शिखर पर था। उस समय आईटी विभाग के 50 आईआरएस अधिकारियों के समूह ने राहत उपायों के वित्तपोषण के लिए राजस्व जुटाने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली थी। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड–सीडीबीटी से अनुमति लिए बिना उन्होंने एक रिपोर्ट तैयार की जिसमें आयकर को 1991 के पहले वाले 'समाजवादी युग' में ले जाने का सुझाव दिया गया था। सौभाग्य से सीडीबीटी ने न केवल इस रिपोर्ट से स्वयं को अलग किया, बल्कि इन 50 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू की। इस पृष्ठभूमि में देखने पर स्पष्ट है कि वित्त मंत्रालय ने 'अमीरों' को राहत देकर कितने साहस का काम किया है।

मजेदार बात है कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दूसरे कार्यकाल के अंतिम पूर्ण बजट में किया गया है। इससे स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार स्वयं को 'अमीर–समर्थक' कह कर निन्दा व आलोचना से जरा भी भयभीत नहीं है। याद करें कि राहुल गांधी ने इसे एक समय 'सूट बूट की सरकार' कहा था। इससे स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे 'सबका साथ, सबका विकास' का संबंध केवल गरीबों और उनके लिए कल्याणकारी उपायों से ही नहीं है, बल्कि इसमें अमीर लोग भी शामिल हैं। उनकी सरकार ने 'अमीरों' को न केवल समान नागरिक माना है, बल्कि वह उनके कल्याण की भी चिन्ता करती है। हो सकता है कि पहले उसने 'सूट बूट की सरकार' ठप्पे को संभवत: ज्यादा गंभीरता से ले लिया हो, पर ऐसा लगता है कि अब वह इस आलोचना के भय और आशंकाओं से बाहर निकल आई है और उसने अमीरों के बारे में भी सोचना शुरू कर दिया है।

इसका एक प्रमाण 13 जनवरी को एमवी गंगा विलास के उद्घाटन से मिलता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज का वीडियो कान्फ्रेंस से उद्घाटन किया था। इस कदम से उन्होंने न केवल खासकर संबंधित पूर्वी राज्यों में पर्यटन को भारी बढ़ावा दिया, बल्कि यह संदेश भी दे दिया कि उनकी सरकार अब अतीत की 'अवधारणाओं' व 'भ्रमों' से बंधी या संतुष्ट नहीं है। इन अवधारणाओं और भ्रमों ने भारत में अर्थव्यवस्था, समाज और राजनीति को असाधारण रूप से नुकसान पहुंचाया है। एमवी गंगा विलास शानोशौकत में अद्वितीय है। 62 मीटर लंबे व 12 मीटर चौड़े इस जलयान में का ड्राफ्ट 1.4 मीटर है। इसकी तीन मंजिलों पर 18 स्यूट हैं जिनमें 36 पर्यटक रह सकते हैं। इसमें वे सारे आरामदेह साधन मौजूद हैं जिनका अमीर लोग लाभ उठा सकते हैं। इसमें शानदार इंटीरियर, कार्पेट बिछे गलियारे, इंडोर जिम, गरिमापूर्ण ढंग से सजी दीवालें, बड़े–बड़े कमरे तथा बड़ी–बड़ी खिड़कियां हैं जिनसे बाहर का दृश्य दिखाई देता है। इसके डेक भी बहुत शानदार हैं। एक आधिकारिक प्रेस वक्तव्य में बताया गया है कि एमवी गंगा विलास क्रूज़ को दुनिया में देश के सर्वोत्तम क्रूज़ की तरह पेश किया जा रहा है। 51 दिन की यह क्रूज़ या जल यात्रा की योजना 50 पर्यटन स्थलों पर जाने की है जिनमें विश्व विरासती स्थल, राष्ट्रीय पार्क, नदियों के घाट तथा बिहार में पटना, झारखंड में साहिबगंज, पश्चिम बंगाल में कोलकाता, बांग्लादेश में ढाका तथा असम में गोहाटी जैसे बड़े शहर भी शामिल हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर जारी आधिकारिक प्रेस वक्तव्य में कहा गया है कि यह यात्रा पर्यटकों को एक यादगार भ्रमण का अवसर देती है और वे भारत व बांग्लादेश की कला, संस्कृति, इतिहास व आध्यात्मिकता से परिचय प्राप्त कर सकते हैं। प्रति यात्री 20 लाख रुपये खर्च के कारण निश्चित रूप से एमवी गंगा विलास अत्यधिक अमीरों के लिए ही है। पुराने ढंग से सोचने वालों और कुछ 'विचारधाराओं की कैद' में फंसे लोगों के लिए यह राज्य–प्रायोजित फिजूलखर्ची है। इन लोगों की सोच के अनुसार इसे ऐसे देश की सरकार के लिए 'शर्मनाक' भी कहा जा सकता है कि जहां बहुत से लोगों को अभी पीने के लिए स्वच्छ पानी तक नहीं मिल पा रहा है। उनके अनुसार, देश को अमीरों की शानोशौकत बढ़ाने व उनके ऐशोआराम में योगदान करने वाले ऐसे कामों पर पैसा खर्च करने के बजाय गरीबों के कल्याण की चिन्ता करनी चाहिए।

सरकार–विरोधियों व खासकर मोदी–विरोधियों की इस सोच में यह भावना भी अंतर्निहित है कि गंगा विलास क्रूज़ जैसी योजनाओं से कोई आर्थिक लाभ होने वाला नहीं है। लेकिन मोदी–विरोधी, सरकार–विरोधी या भाजपा–विरोधी आलोचक इस तथ्य को भुला देते हैं कि अमीरों के मनोरंजन पर होने वाला यह खर्च गरीबों की कीमत पर नहीं है। इसके एकदम उलट पर्यटन के अन्य प्रकारों की तरह 'लक्ज़री पर्यटन' से अनेकानेका गरीबों को भी आजीविका कमाने व अपना जीवनस्तर सुधारने में सहायता मिलेगी। इससे उन लोगों को भी लाभ होगा जो तुलनात्मक रूप से उतने गरीब नहीं हैं, मध्य वर्ग में आते हैं या ज्यादा अमीर नहीं हैं।


यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व में चलने वाली सरकार पूरी तेजी से लक्ज़री पर्यटन समेत हर प्रकार के पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गंगा विलास क्रूज़ का वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से उद्घाटन करने के समय अनेक सारगर्भित बातें कहीं थीं। उन्होंने कहा था, 'इस क्रूज़ के माध्यम से पूर्वी भारत के अनेक स्थान अब विश्व पर्यटन मानचित्र पर आ जाएंगे।' उन्होंने अपने विरोधियों और आलोचकों की ओर संकेत करते हुए यह भी कहा 'इस तथ्य से अधिक दुर्भाग्यपूर्ण और क्या हो सकता है कि स्वतंत्रता के बाद से गंगा नदी के किनारे पिछड़े बने रहे और किसी ने उनके विकास के बारे में सोचा तक नहीं।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एकदम सटीक बात कही है।

समय की आवश्यकता है कि देश की आर्थिक नीति को उन 'प्रदूषक तत्वों' से मुक्ति दिलाई जाए जिन्होंने अब तक विचारधाराओं व तथाकथित 'गरीब कल्याण' के नाम पर कोई लाभ नहीं पहुंचाया है। इन प्रदूषक तत्वों ने नीति–निर्माताओं के दिमाग में अनेक भ्रामक विचार भर दिए थे। इनमें प्रमुख रूप से 'गरीब–अमीर विभाजन' की बात कर गरीबों और अमीरों को दो अलग व परस्पर विरोधी समूहों में रखना है। इस परिदृश्य में सर्वोच्च आय वर्ग या सर्वाधिक अमीरों के लिए आयकर दरों में कटौती के साथ लक्ज़री पर्यटन के साथ ही हर प्रकार के पर्यटन को प्रोत्साहन देने से अतीत के 'प्रदूषकों' का मारक असर घटाने में सहायता मिलेगी। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि मोदी सरकार ने गरीबों के लिए अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनायें शुरू की हैं जिनकी पहले कल्पना भी नहीं की गई थी। सरकार को 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना से आगे बढ़ते हुए ऐसी और योजनायें शुरू करनी चाहिए तथा कदम उठाने चाहिए। देश की जनता अब समझदार हो गई है।

# सड़कों पर दुर्घटनाएं रोकना आवश्यक

"दुनिया भर में सड़कों पर मारे जाने वाले दस लोगों में से कम से कम एक व्यक्ति भारत का है।"

**राजेश कुमार सिंह**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



सड़क दुर्घटनाएं भारत में मृत्यु और दुर्बलता के प्रमुख कारणों में से एक हैं, जिसकी कीमत न केवल पीड़ितों और उनके प्यारे परिवार के सदस्यों को भारी पड़ती है। भारत को असामयिक मौतों, चोटों, अपंगता, उपचार की लागत, नि:शक्तता के कारण उत्पादकता की हानि, और पीड़ित परिवार के सदस्यों को सहना पड़ता है। परिवार और राष्ट्र के लिए संभावित आय का नुकसान भी होता है।

अधिकांश देशों में सड़क दुर्घटनाओं पर उनके सकल घरेलू उत्पाद का लगभग तीन प्रतिशत खर्च होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत में स्थिति अधिक खतरनाक है, क्योंकि दुनिया भर में सड़कों पर मारे जाने वाले 10 लोगों में से कम से कम एक व्यक्ति भारत का है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की वर्ष 2021–22 की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि 2019 में कुल 449,002 सड़क दुर्घटनाएं हुईं और 151,113 मौतें हुईं। वैश्विक स्तर पर हर साल करीब 13 लाख लोगों की जान सड़क हादसों से कट जाती है। दुखद बात यह है कि सड़क हादसों में होने वाली कुल मौतों में से लगभग 73 प्रतिशत 25 वर्ष से कम उम्र के युवा पुरुषों में होती हैं, जो देश के सबसे अधिक उत्पादक मानव संसाधन हैं।

लोगों के सामाजिक और आर्थिक मानक भी इन दुर्घटनाओं को निर्धारित करते हैं, क्योंकि सड़कों पर दुनिया की 93 प्रतिशत मौतें भारत जैसे निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होती हैं। सड़क यातायात चोट मृत्यु दर अफ्रीकी देशों में सबसे अधिक और यूरोपीय देशों में सबसे कम है।

विकसित देशों में भी, निम्न सामाजिक–आर्थिक तबके के लोग अधिक असुरक्षित हैं। यह नोट करना दुखद है कि भारत और अन्य जगहों पर सड़क यातायात में होने वाली मौतों में से आधे से अधिक पैदल चलने वालों, साइकिल चालकों और मोटर साइकिल चालकों जैसे असुरक्षित सड़क उपयोगकर्ता हैं, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा को वैश्विक संख्या को आधा करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने के लिए मजबूर करती है। 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों



और चोटों का। अत्यावश्यकता को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने शिक्षा, इंजीनियरिंग, प्रवर्तन और आपातकालीन देखभाल के आधार पर इस मुद्दे को हल करने के लिए एक बहु–आयामी रणनीति तैयार करते हुए मानक वैश्विक प्रथाओं के अनुसार विभिन्न उपाय किए हैं और नीतिगत बदलाव किए हैं। संबंधित मंत्रालय दुर्घटना और मौत के आंकड़ों के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट की पहचान करने के अलावा प्रचार उपायों और जागरूकता अभियान चलाने के लिए एक योजना लागू करता है। योजना स्तर पर ही सड़क सुरक्षा को सड़क डिजाइन का एक अभिन्न अंग बना दिया गया है। एयरबैग, एंटी–ब्रेकिंग सिस्टम, टायर, क्रैश टेस्ट, संपूर्ण वाहन सुरक्षा उत्पादन, आदि के संबंध में ऑटोमोबाइल के लिए सुरक्षा मानकों में भी सुधार किया गया है। हाल ही में पारित और कार्यान्वित मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 नवीनतम तकनीकों के माध्यम से सख्त कार्यान्वयन का प्रावधान करता है, सख्त अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सख्त दंड का प्रावधान करता है और यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए रोकथाम बढ़ाता है। इस अधिनियम के तहत गोल्डन ऑवर के दौरान दुर्घटना के शिकार लोगों के कैशलेस इलाज की योजना भी प्रदान की जाती है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्गों के पूर्ण कॉरिडोर पर सभी टोल प्लाजा पर एंबुलेंस के लिए प्रावधान किया है।

इसके अलावा, एंबुलेंस को भी बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम के साथ अपग्रेड किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए अपने मन की बात में जागरूकता पैदा करने के लिए एक से अधिक बार बात की है, लोगों से खुद को और दूसरों को बचाने के लिए सड़क सुरक्षा गतिविधियों में सक्रिय भागीदार बनने की अपील की है।

## आप की बात

### रूस-यूक्रेन युद्ध

**बेलारूस** के अधिनायकवादी नेता, क्रेमलिन के दृढ सहयोगी, तानाशाह पुतिन के पिछलग्गू, अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने गुरुवार को एक भेंटवार्ता में साफ़ कर दिया कि वे अपनी धरती का इस्तेमाल करने और यूक्रेन के उत्तरी भाग में हमला करने के लिए रूस को खुली छूट देने जा रहे हैं। इसका मतलब ये हुआ कि बेलारूस भी इस युद्ध में सीधे तौर पर कूद रहा है। चंद हफ्ते पूर्व ही दोनों देशो के बीच हवाई युद्धाभ्यास हो चूका है। इसका सीधा मतलब यह भी है कि रूस अब अकेले इस युद्ध को लड़ने की स्थिति में नहीं है। रूस के कट्टर समर्थकों का दावा था कि बस दो सप्ताह के अंदर ही यूक्रेन में रुसी झंडा लहराने लगेगा। आगामी 24 फरवरी को घुसपैठ को एक वर्ष पूरे हो जाएंगे मगर रूसियों को दस प्रतिशत भूमि पर भी कब्जा नहीं मिल पाया है। नाटो एवं पश्चिमी देशों को अपने उस नीति पर अब पुनर्विचार करना होगा कि वे इस युद्ध का हिस्सा नहीं बनेंगे और केवल हथियारों से यूक्रेन की मदद करेंगे। रूस–यूक्रेन युद्ध का विस्तार संयुक्त राष्ट्रसंघ समेत सारी दुनिया की चिन्ता का विषय होना चाहिए। इसे रोकने के प्रयास और तेज करने होंगे क्योंकि सबसे गरीब देशों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी भी प्रयास तेज कर सकते हैं।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### हिन्दी सम्मेलन

**हिन्दी** का जादू आज संपूर्ण विश्व के सिर चढ़कर बोल रहा है। आज हिंदी ने चीनी मंदारिन तक को पछाड़ दिया है। हाल ही में बारहवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन फिजी में चल रहा है। इसकी थीम–पारंपरिक ज्ञान से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस– रखी गई है। भारतीय विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर ने उद्घाटन आयोजन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में धीरे–धीरे व्यापक बहु–ध्रुवीयता उत्पन्न हो रही है। अत: तेजी से विकास के लिए सांस्कृतिक पुनर्संतुलन भी होना चाहिए। इस सम्मेलन में दुनियाभर से हिंदी के करीब 1,200 विद्वान व लेखक भाग ले रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पश्चिमीकरण को ही प्रगति का मानक मानने वाला युग पीछे छूट गया है। अब कई ऐसी भाषाएं–परंपराएं वैश्विक मंच पर उभर रही हैं जो औपनिवेशिक युग के दौरान दबा दी गई थीं। उन्होंने जोर दिया कि वैश्वीकरण का मतलब एकरूपता से नहीं बल्कि हमारी दुनिया की विविधता को समझने और स्वीकार करने से है। उम्मीद करनी चाहिए कि आने वाले वर्षों में भारत की प्रगति के साथ ही हिन्दी की प्रगति भी अभूतपूर्व स्तर प्राप्त करेगी।

**सुनील कुमार महला,** पटियाला


### एक्सप्रेसवे से लाभ

**देश** में बनने वाले एक सबसे बड़े एक्सप्रेसवे के प्रथम चरण का शुरू होना देश की प्रगति व अर्थव्यवस्था को गति देने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे को आज देश की सबसे बड़ी वर्ल्ड क्लास सड़क माना जा रहा है। इसका दिल्ली– दौसा–लालसोट खंड 246 किलोमीटर लंबा है। यह दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात एवं महाराष्ट्र से गुजरेगा तथा इंदौर, भोपाल, सूरत जैसे बड़े आर्थिक केंद्रों को आपस में जोड़ेगा। यह एक्सप्रेसवे 2024 तक पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा। मोदी सरकार के लिए गए कुछ बड़े महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक निर्णय यह एक्सप्रेसवे माना सकता हैं जो कि देश की प्रगति की रफ्तार को एक तेज गति दे सकेगा। एक्सप्रेसवे निश्चित रूप से देश की अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाएंगे, पर इसके साथ ही उससे सटे क्षेत्रों के समग्र विकास की योजनायें भी बनाई जानी चाहिए क्योंकि ऐसा होने पर ही स्थानीय जनता की देश के विकास में सहभागिता सुनिश्चित हो सकेगी। इससे सबका साथ, सबका विकास भी सुनिश्चित होगा।

**मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**बीबीसी** के खिलाफ कार्रवाई भाजपा सरकार का राजनीतिक बदला है। इससे प्रेस की स्वतंत्रता प्रभावित होगी।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



**यह** छापा नहीं सर्वेक्षण है। बीबीसी लंबे समय से ट्रांसफर प्राइसिंग नीतियों का उल्लंघन कर रही है।

– **शहजाद पूनावाला**
भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता



**विधानसभा** चुनाव में विजय मिलने पर कांग्रेस 100 राम मंदिर बनवायेगी।

– **ए. रेवंत रेड्डी**
तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष

# ग्रीन ईंधन का भी महत्वपूर्ण स्रोत बनने जा रही हैं चीनी मिलें: योगी

## यूपी के चीनी उद्योग के 120 वर्षों की सफल यात्रा पूरी करने पर सराहनीय कार्य करने वालों को सीएम ने किया सम्मानित

● टोयोटा किर्लोस्कर मोटर व इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन के बीच हुआ एमओयू का आदान-प्रदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ जी ने कहा है कि आज देश में सर्वाधिक 121 चीनी मिलें उत्तर प्रदेश में हैं। हमारे अन्नदाता किसान सबसे अधिक गन्ना उत्पादन करते हैं। सबसे अधिक चीनी का उत्पादन भी प्रदेश में होता है। एक नये भविष्य के लिए हम सब मिलकर कार्य करेंगे तो यह अन्नदाता किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का माध्यम बनेंगी। चीनी मिलें चीनी के साथ ही, ग्रीन ईंधन का भी महत्वपूर्ण स्रोत बनने जा रही हैं।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को प्रदेश के चीनी उद्योग के 120 वर्ष पूर्ण कर लेने के उपलक्ष्य में राजधानी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर तथा इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन के मध्य एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने चीनी उद्योग की 120 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। उन्होंने चीनी उद्योग पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन तथा अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चीनी उद्योग के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों तथा प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इनमें ध्रुव मोहन साहनी, स्व. डॉ. केके बिरला, स्व. लाला बंशीधर, स्व. मीनाक्षी सराओगी, स्व. साहू माधव प्रसाद तथा कुंवर विजय कुमार गोयल सम्मिलित थे। दिवंगत महानुभाव के परिजनों-प्रतिष्ठान के प्रतिनिधियों ने यह सम्मान प्राप्त किया।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के चीनी उद्योग ने 120 वर्षों की सफल यात्रा आज पूरी की है। इसलिए प्रदेश के चीनी उद्योग के लिए यह दिन बहुत महत्वपूर्ण है। आज से 120 वर्ष पूर्व गोरखपुर मंडल के जनपद देवरिया से यह यात्रा शुरू हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2018 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीनी उद्योग की तत्कालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत गन्ने से सीधे एथेनॉल बनाने की अनुमति दी थी। आज उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक एथेनॉल उत्पादन करने वाला राज्य बन चुका है। टोयोटा कम्पनी ने आज यहां एथेनॉल से चलने वाली कार लॉन्च की है। यह वर्तमान के साथ ही, भविष्य की नई सम्भावनाओं की ओर सबका ध्यान आकर्षित करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में हमारी सरकार के गठन के साथ ही, उत्तर प्रदेश चीनी मिल फेडरेशन से गन्ना किसानों को गन्ना मूल्य के समय से भुगतान किए जाने की मंशा जाहिर कर दी गई थी। राज्य सरकार ने इसके लिए चीनी मिलों को भरपूर सहयोग प्रदान किया था। यह पहली बार हो रहा है कि प्रदेश में लगभग 100 से अधिक चीनी मिलें गन्ना किसानों को 10 दिन में गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 6 वर्षों में प्रदेश में गन्ना किसानों की संख्या 45 लाख से बढ़कर 60 लाख हो गई है। गन्ने की खेती का क्षेत्रफल बढ़ा है। गन्ने का उत्पादन बढ़ा है। इस शानदार यात्रा को बेहतरीन तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। एथेनॉल उत्पादन ने इसके लिए एक रास्ता दिया है। चीनी मिलें भविष्य में ग्रीन ईंधन आपूर्ति का महत्वपूर्ण माध्यम बनने जा रही हैं। राज्य सरकार का सकारात्मक सहयोग आपके साथ है। आज से 6 से 10 वर्ष पूर्व चीनी मिलें केवल चीनी उत्पादन तक सीमित थीं। विगत 6 वर्षों के दौरान इस यात्रा में बड़ा परिवर्तन हुआ है। चीनी मिलें भी मजबूती के साथ चल रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसान के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए सभी को अपने स्तर पर प्रयास करना होगा। किसानों को नये बीज तथा तकनीक देनी होगी। सरकार किसानों के खेतों तक पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने गन्ना विभाग से अपेक्षा की कि जिस दिन दो लाख करोड़ रुपए गन्ना मूल्य का भुगतान हो, उस दिन एक समारोह का आयोजन किया जाए।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सम्मानित किये गये लोगों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर चीनी उद्योग के साथ ही अन्य उद्योग से जुड़े लोग भी अपने कार्यों के माध्यम से समाज और सभी स्टेकहोल्डर्स के विश्वास को अर्जित करेंगे तथा अपने क्षेत्रों में प्रगति के नये मार्ग को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

# प्रदेश में चलते-फिरते काल बन चुके हैं आवारा पशु: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जनसमस्याओं और लोगों की परेशानियों से भाजपा सरकार का कोई लेना देना नहीं है। आवारा पशुओं की समस्या भाजपा सरकार के आने के बाद ही विकराल हुई है परन्तु उसकी ओर कोई ध्यान नहीं है। आवारा पशु चलते-फिरते काल बन चुके हैं। सरकारी संवेदनहीनता के चलते रोजाना लोगों की जानें जा रही है।

उन्होंने कहा कि अन्ना पशुओं के चलते किसानों की फसलें रौंदी और बर्बाद होती जा रही है। रात रात भर खेतों में रखवाली करने वाले किसान की तकलीफों पर कोई सुनवाई नहीं है। कितने किसान तो पिछले दिनों भीषण ठंड में जान गंवा बैठे। अभी शाहजहांपुर में एक युवक की सांड़ के हमले से मौत हो गई। जनपद के जलालाबाद में शादी से लौट रहे



बाइक सवार सड़क पर बैठे छुट्टा जानवरों के झुण्ड से टकरा गया। इसी बीच एक सांड़ ने हमला कर दिया। इस जनपद में सन् 2018 से जनवरी तक आधे दर्जन से ज्यादा मौतें सांड़ के हमले से हो चुकी है। अखिलेश ने कहा कि फिरोजाबाद में एक महिला की जान गई। खुर्जा के साबितगढ़ गांव में खेत की रखवाली कर रहे किसान रामगोपाल की सांड़ के हमले से दुखद मौत हुई। संभल में एक परिवार के सभी लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। उत्तर प्रदेश की सड़कों पर बैठे आवारा पशुओं के कारण रास्ते से गुजरने वालों, वाहन सवारों की जान खतरे में रहती है। रात में किसान खुद रखवाली न करे तो आवारा पशु उसकी फसल चर जाते हैं। आवारा घूमते सांड़ किसी पर हमला कर देते हैं। बहुत से लोग घायल हुए और बड़ी तादाद में मौते भी हो गई हैं। भाजपा सरकार इससे पूरी तरह बेपरवाह है।

उन्होंने कहा किचिंता और क्षोभ की बात तो यह है कि सत्ता में बैठे लोग किसानों और आम जनता की तकलीफों के प्रति पूरी तरह आंख मूंदकर बैठ गए हैं। जनता को मरता छोड़ वे सत्तामद में डूबे हुए है। मुख्यमंत्री आश्वासन देते हैं और भूल जाते हैं। अधिकारी अब उनकी सुनते नहीं। इसीलिए आवारा पशुओं की समस्या जस की तस बनी हुई है। अभी तक उसके नियन्त्रण और समाधान की दिशा में कोई कदम क्यों नहीं उठाए गए हैं।

# निदेशालय की टीमों ने की आधा दर्जन जिलों में छापेमारी, अवैध खनन में पांच निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खनन निदेशालय ने भ्रष्टाचार में लिप्त पांच अधिकारियों-कर्मचारियों को निलंबित कर दिया जबकि तीन को मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है।

निदेशालय के अनुसार यूपी के कुछ मुख्य जनपदों में अवैध खनन के परिवहन की शिकायत मिली थी। निदेशालय ने टीम गठित कर 8-9 फरवरी की रात में वाराणसी, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, मीरजापुर और झांसी में छापेमारी की। इस दौरान 29 वाहन खनिजों का अवैध परिवहन करते हुए पकड़े गए। छापे के दौरान खनिजों का परिवहन करने वाले 21 वाहन बिना अभिवहन प्रपत्र के तथा 8 वाहन अभिवहन प्रपत्र में अंकित मात्रा से अधिक खनिजों का परिवहन करते हुए मिले। जिनका ऑनलाइन चालान किया गया। वाहन चालकों तथा ट्रांसपोर्टरों से पूछताछ करने पर पता चला कि खान अधिकारी और कर्मचारी अवैध परिवहनकर्ताओं से इन्ट्री फीस के रूप में अवैध धन की वसूली का कार्य किया जाता है। इसके साक्ष्य भी टीम को मिले। खनिजों के अवैध परिवहन में वाराणसी के खान अधिकारी पारिजात त्रिपाठी, जौनपुर के खान अधिकारी विनीत सिंह, आजमगढ़-मऊ के खान निरीक्षक सुनील कुमार मौर्य और खनिज लिपिक सुमित श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू की गई है। खनिज मोहर्रिर राजाराम चौहान को मुख्यालय सम्बद्ध किया गया है। जनपद मिर्जापुर से वाहनों पर अवैध उपखनिज लोड होने के चलते खान अधिकारी आशीष चौधरी और झांसी के सर्वेक्षक के सम्बन्ध में शिकायतें प्राप्त होने पर अशोक कुमार मौर्य को तत्काल प्रभाव से मुख्यालय सम्बद्ध किया गया है।

वहीं उत्तर प्रदेश भूविज्ञान एवं खनन विभाग की सचिव व निदेशक रोशन जैकब ने कहा कि खनन विभाग अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन और खनिजों के परिवहन करने वाले ट्रकों की ओवरलोडिंग की जांच के लिए राज्यव्यापी अभियान चला रही है, जो भी कर्मचारी अधिकारी इन कृत्यों में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वाराणसी की पर्यटन उपनिदेशक के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई

● कार्यों में लापरवाही, उदासीनता एवं शिथिलता बरतने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप** निदेशक पर्यटन वाराणसी प्रीति श्रीवास्तव द्वारा शासकीय कार्यों में लापरवाही, उदासीनता एवं शिथिलता बरतने के कारण उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 में निहित व्यवस्था के तहत उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करते हुए निदेशक पर्यटन उत्तर प्रदेश को पदेन जांच अधिकारी नामित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि वाराणसी में देव दीपावली के अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम के समक्ष स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा प्रीति श्रीवास्तव उप निदेशक पर्यटन एवं कीर्तिमान पर्यटन सूचना अधिकारी वाराणसी की अपने दायित्वों के निर्वहन में रूचि न लेने तथा एक-दूसरे के ऊपर दोषारोपण करने के कारण वाराणसी के पर्यटन विकास कार्यों पर विपरित प्रभाव पड़ा एवं विभाग की छवि धूमिल हुई। इसके अलावा देव दीपावली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में वित्तीय अनियमितताएं बरतने, विधायकों एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रण न देने के अलावा जनप्रतिनिधियों की घोर उपेक्षा करने तथा प्रोटोकॉल के विपरीत कार्य किये जाने की शिकायत की गयी थी। इसके अतिरिक्त इन दोनों अधिकारियों में आपसी सामंजस्य नहीं था, जिससे देव दीपावली कार्यक्रम के आयोजन में असुविधाएं उत्पन्न हुई। जिसके कारण आयुक्त वाराणसी मण्डल को कार्यक्रम के आयोजन के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा। कार्यक्रम के आयोजन में वीआईपी अतिथियों एवं मंत्री, विधायकों, जन-प्रतिनिधियों के लिए भी अपेक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित नहीं की गयी, जिससे विभाग की छवि धूमिल हुई। इस प्रकार प्रीति श्रीवास्तव के इस कृत्य से शासकीय कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता परिलक्षित होती है। इसके लिए उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई संस्थित करने का निर्णय लिया गया है।

# अडानी मामले में जेपीसी बनाने से क्यों डर रही है मोदी सरकार: सुप्रिया श्रीनेत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया डिजिटल प्लेटफार्मस की चेयरपर्सन एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई, उच्चतम बेरोज़गारी और कुशासन की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित विभाजनकारी एजेंडे का दंश झेल रहे देशवासियों के साथ कांग्रेस पार्टी कंधे से कंधा मिला कर खड़ी है। लेकिन एक जिम्मेदार विपक्षी दल होने के नाते हम भाजपाई सत्ता के मित्र पूंजीपतियों को सरकारी खजाने की लूट की खुली छूट और प्रधानमंत्री से संबंधित इस पूरे अडानी महाघोटाले में हो रहे घोटालों से भी चिंतित हैं। इसलिए हम सरकार को उसकी जिम्मेदारी से भागने की इजाजत नहीं दे सकते। श्रीनेता अडानी



के हैं कौन? श्रृंखला के तहत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर रहीं थीं। उन्होंने बताया कि आज कांग्रेस ने देश के 23 प्रमुख शहरों में प्रेस वार्ताएं की हैं।

श्रीनेत ने कहा कि सरकार ने राहुल गांधी के सवालों और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के भाषण के अंशों को बेशक संसदीय कार्यवाही से हटा दिया हो लेकिन भारत के लोग सब देख रहे हैं कि संसद में क्या हो रहा है। लोग जानना चाहते हैं कि सरकार संसदीय भाषणों का स्तर गिराने की कोशिश क्यों कर रही है और प्रधानमंत्री संसद में प्रासंगिक सवालों के जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देशवासी जानना चाहते हैं कि कैसे एक संदिग्ध साख वाला समूह, जिस पर टैक्स हेवन देशों से संचालित विदेशी शेल कंपनियों से संबंधों का आरोप है, भारत की संपत्तियों पर एकाधिपत्य स्थापित कर रहा है और इस सब पर सरकारी एजेंसियां या तो कोई कार्यवाही नहीं कर रही हैं या इन सब संदिग्ध गतिविधियों को ही सुगम बनाने में जुटी हैं। भारत के लोग बहुत बुद्धिमान हैं और वे मोदी और उनके मित्र पूंजीपतियों के बीच संपूर्ण पारस्परिक तालमेल को समझ सकते हैं। वे जानना चाहते हैं कि प्रधानमंत्री ने एक मित्र पूंजीपति को विश्व के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बनाने में मदद क्यों की और वे इस गंभीर अंतरराष्ट्रीय खुलासे पर चुप क्यों हैं। उन्होंने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि मोदी सरकार इस मुद्दे पर जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) बनाने से क्यों डर रही है जबकि संसद के दोनों सदनों में उसका अच्छा बहुमत है।

# बांदा के एसपी व डीएम को निलंबित करे सरकार: शाहनवाज आलम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बांदा** की एक निर्माणाधीन मस्जिद में हिंदुत्ववादी संगठनों द्वारा तोड़फोड़ मामले में अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने जिले के एसपी और डीएम को निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शनिवार को अल्पसंख्यक कांग्रेस का डेलीगेशन मंडलायुक्त से मिलेगा।

उन्होंने इसे योगी समर्थक गुंडा तत्वों द्वारा सरकार के संरक्षण में कानून व्यवस्था पर किया गया हमला बताया। उन्होंने कहा कि घटना के वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पुलिस की मौजूदगी में गुंडा तत्व मस्जिद में तोड़ फोड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मस्जिद का निर्माण अवैध था तो उसे रोकने की जिम्मेदारी सरकारी विभाग की होती है। योगी सरकार अपने समर्थक गुंडा तत्वों को यह अधिकार कैसे दे सकती है। उन्होंने घटना में शामिल सभी गुंडों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग के साथ ही कहा कि मस्जिद को हुए नुकसान की भरपाई भी स्थानीय थाने में तैनात पुलिसकर्मियों के वेतन से की जाए।

# केंद्र की प्रासाद स्कीम के तहत तैयार होगी अयोध्या के पर्यटन विकास की योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप** निदेशक पर्यटन अयोध्या को पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की प्रासाद स्कीम के अंतर्गत अयोध्या के पर्यटन विकास के लिए नवीन पर्यटन विकास योजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा द्वारा प्रेषित पत्र में कहा गया है कि मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की प्रासाद स्कीम के अंतर्गत अयोध्या के समेकित पर्यटन विकास के लिए नवीन पर्यटन विकास योजना हेतु प्रस्ताव तैयार कराकर पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार को स्वीकृति के लिए भेजने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्टेक होल्डर कन्सलटेशन मीटिंग बुलाकर यथा संभव जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए एवं इसके कार्यवृत्त आदि जिलाधिकारी से अनुमोदित कराकर प्रस्ताव के साथ संलग्न किया जाए। प्रस्ताव तैयार करते समय प्रस्तावित कार्यों के लिए निशुल्क निर्विविवादित सरकारी भूमि की उपलब्धता एवं निर्माण के उपरान्त सृजित सुविधाओं के रखरखाव, संचालन आदि पर सभी अवर्तक व्ययों के संबंध में भी स्थिति साफ कर ली जाए। निदेशक पर्यटन ने पत्र में यह भी कहा है कि प्रस्ताव से सबसे पहले पर्यटन मंत्रालय के पीएमसी द्वारा साईट विजिट कर मंत्रालय के मिशन डायरेक्ट्रेट को प्रस्तुत किया जायेगा। जिसके आधार पर उप्र पर्यटन विभाग द्वारा मिशन डायरेक्ट्रेट के समक्ष विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया जायेगा। इसलिए अयोध्या में प्रस्तावित किये जाने वाले नवीन कार्यों की डिजाईन का विवरण अनुमानित लागत, पर्यटन महत्व, फूट फाल संचालन एवं रख-रखाव तथा लोकेशन से संबंधित विस्तृत प्रस्ताव तैयार कराकर तत्काल उपलब्ध कराया जाए। निदेशक ने नवीन पर्यटन विकास योजना का प्रस्ताव शीघ्र निदेशालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर अर्पित किए गए श्रद्धासुमन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सपा प्रवक्ता ने कहा कि अखिलेश यादव का मानना है कि स्व. कर्पूरी ठाकुर आजीवन समाजवाद के लिए समर्पित रहे। कर्पूरी ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे। वे न तो पटना और नहीं अपने गांव में एक इंच जमीन जोड़ पाए। लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा जाने लगा था। अखिलेश यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर की जीवन शैली बहुत साधारण थी।

1952 में देश में प्रथम चुनाव से लेकर अंत तक वे विधानसभा चुनाव जीतते रहे, कभी नहीं हारे। वे गरीबों के मसीहा थे। मुख्यमंत्री रहते हुए भी वे शासकीय तामझाम से दूर रहे। इस अवसर पर अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. राजपाल कश्यप, संजय सविता विद्यार्थी, राजबाला रावत, मुकेश शुक्ला, प्रदीप शर्मा, रामचन्द्र यादव, अरविन्द गोंडवाना, अनिल यादव मास्टर, केके श्रीवास्तव, मनोज शाह आदि ने भी जननायक कर्पूरी ठाकुर को पुष्पांजलि दी।

# एयरपोर्ट की स्थापना से होगा औद्योगिक अवस्थापना का संरचनात्मक विकास: दुर्गा शंकर

● मुख्य सचिव ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गौतमबुद्धनगर



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास कार्यों का शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस एयरपोर्ट की स्थापना से औद्योगिक अवस्थापना का संरचनात्मक विकास होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, विनिर्माण एवं निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा तथा हवाई यातायात सुगम होगा साथ ही पर्यटन में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस एयरपोर्ट के निकट कई औद्योगिक सेक्टरों का विकास यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में हुआ है। आने वाले दिनों में यह क्षेत्र सबसे बड़ा औद्योगिक और सर्विस सेक्टर की गतिविधियों का केंद्र बनेगा। उन्होंने कन्सेशनेर को निर्माण कार्य समय से पूर्व पूरा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का माह जुलाईए 2017 में साइट क्लीयरेन्स व माह मई, 2018 में इसकी सैद्धांतिक अनुमति भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई थी। महज दो वर्षों में इसके लिए 1334 हेक्टयर यानी लगभग 3300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया।

पर्यावरणीय अनुमति के साथ साथ भारत सरकार की विभिन्न मन्त्रालयों और एजेन्सियों से सभी प्रकार की एनओसी प्राप्त कर ग्लोबल बिडिंग के द्वारा बिडर के रूप में एवीएशन सेक्टर की कम्पनी ज्यूरिक एयरपोर्ट इण्टरनेशनल एजी का चयन किया गया। निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने की उत्तर प्रदेश सरकार की यह एक महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय उपलब्धि रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की सरकारी कम्पनी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने ज्यूरिक एयरपोर्ट की कम्पनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के साथ 7 अक्टूबर 2020 को कन्सेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर कर दिल्ली.एनसीआर के दूसरे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण की नींव डाली। कोविड काल में ही उत्तर प्रदेश सरकार ने पहली मार्च 2021 को ज्यूरिक एयरपोर्ट के साथ स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट हस्ताक्षरित कर एयरपोर्ट के निर्माण हेतु सभी आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया है और भविष्य में उपलब्ध कराएगी। यह एयरपोर्ट 100 मीटर एक्सेस कंट्रोल यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे स्थित है, जिसे आधुनिक इंटर्चेंज बना कर जोड़ा जाएगा। एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेस वे के समानांतर 60 मीटर सर्विस रोड का निर्माण कर जोड़ा जा चुका है। इस एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी ईस्टर्न पेरीफेरल रोड से भी यमुना एक्सप्रेस वे पर इंटर्चेंज बनाकर की जाएगी। नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेल से भी जोड़ा जा रहा है, जिसका स्टेशन नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल के पास होगा और दिल्ली से नोएडा एयरपोर्ट की दूरी मात्र 21 मिनट में तय होगी। नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे से बल्लभगढ़ (हरियाणा) से भी जोड़ा जा रहा है। यह 30 किमी लम्बा होगा, जिसमें से 8.5 किमी उत्तर प्रदेश में तथा 21.5 किमी हरियाणा में स्थित है। इसके लिए एनएचएआई द्वार निर्माण की कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकार यह एयरपोर्ट कनेक्टिविटी के दृष्टिकोण से पूरे भारत में अद्भुत है। एयरपोर्ट परियोजना से प्रभावित 3073 परिवारों का पुनर्वासन जेवर कस्बे के पास 50 हेक्टेयर पर सेक्टर बना कर किया गया है। चार चरणों में इस परियोजना पर 29560 करोड़ की धनराशि खर्च होगी। निरीक्षण के समय सीईओ नायल डॉ. अरुण वीर सिंहए, निदेशक नागरिक उड्डयन कुमार हर्ष, नोडल ऑफिसर नोएडा एयरपोर्ट शैलेंद्र भाटिया, सीओओ कन्सेशनेर किरण जैन, सीडीओ निकोलस, हेड प्रोजेक्ट दिनेश जामवाल के साथ सीआईएसएफ , इमेग्रेशन, आईएमडी, एएआई, ब्यूरो ऑफसिक्योरिटी आदि उपस्थित थे।

## मेडिकल डिवाइसेज, टॉय व अपरेल पार्क को भी देखा

**मुख्य** सचिव ने यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टर 28, 29, 32, 33 में मेडिकल डिवाइसेज पार्क, टॉय पार्क, अपेरल पार्क, एमएसएमई पार्क आदि का भी स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए विकास कार्यों की गति को और बढ़ाने तथा लैंडस्केपिंग पर अधिक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राधिकरण के सेक्टर 32 में स्थापित एवरी डेनिसन कंपनी के फैक्ट्री परिसर का भ्रमण किया तथा फैक्ट्री में लगी नवीनतम टेक्नोलॉजी की मशीनरी से सम्बंधित जानकारी प्राप्त की। कंपनी के एचआर साउथ एशिया निदेशक अमिताभ सागर, वाइस प्रेसिडेंट अजय कुमार ने अपनी टीम के साथ मुख्य सचिव का स्वागत किया और बताया कि एवरी डेनिसन कंपनी के कार्यालय विश्व के 50 देशों में है। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण में 12 एकड़ में स्थापित इस कंपनी में लेटेस्ट हाई स्पीड कोटिंग टेक्नोलॉजी की मशीनरी लगाई गई है। कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा कदम-कदम पर दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया।

## प्रत्येक क्षेत्र में निर्माण की प्रगति की मॉनीटरिंग की जाए

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) की 15वीं बोर्ड बैठक जेवर एयरपोर्ट साइट ऑफिस में हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में निर्माण की प्रगति की मॉनिटरिंग की जाये और कार्य गुणवत्ता के साथ समय से पहले पूरा कराने के प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा एयरपोर्ट डॉ. अरुण वीर सिंह ने बोर्ड के समक्ष एजेंडा प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुतीकरण में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बताया गया की विकासकर्ता जुरिक एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना के लिए डेवेलप्मेंट प्लान के अनुसार एयरपोर्ट के विकास के लिए ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट ने टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी और रनवे का कार्य प्रारम्भ कर चुका है। उन्होंने बताया कि जेवर एयरपोर्ट माह सितम्बर 2024 से पूर्व पूर्ण होगा। जेवर एयरपोर्ट के विकास के कार्यक्रम को भी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

# भागवत 20 को आएंगे सीतापुर

**संवाददाता।** सीतापुर



**ब्राहमणों** पर टिप्पणी के बाद सुर्खियों में आने वाले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सीतापुर जिले में आ रहे हैं। उनके आगमन की सूचना के बाद तैयारियां शुरू हो गई है। आगमन की तारीख मुकम्मल हो गई है, लेकिन अभी समय पर मुहर नहीं लगी है। हालांकि, कार्यक्रम आने के बाद टाइमिंग तय हो जाएगी। दरअसल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत कहां, कब और क्यों आ रहे हैं, आइए आपको बता देते हैं। जानकारों की माने तो मोहन भागवत इन दिनों चार दिवसीय प्रवास पर बरेली में हैं। वह अयोध्या कैंट-दिल्ली एक्सप्रेस से गुरुवार की 12.10 बजे बरेली जंक्शन पहुंचे थे। उनके स्वागत में बरेली डीएम शिवाकांत द्विवेदी, आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी अखिलेश चौरसिया समेत प्रसासन व पुलिस के अन्य अधिकारी पहुंचे थे। मोहन भागवत बरेली जंक्शन से सीधे डोहरा रोड स्थित जीआरएम स्कूल के लिए रवाना हुए थे, जहां पर शुक्रवार को ब्रज प्रांत के विभिन्न कार्यक्रमों और बैठकों में वह शामिल हुए। 19 फरवरी को स्वयंसेवकों के परिजनों से मुलाकात का कार्यक्रम है। सूत्रों की माने तो संघ प्रमुख 2025 में होने वाले शताब्दी वर्ष आयोजनों के संबंध में चर्चा कर सकते हैं। यहां पर शताब्दी वर्ष से पहले शाखाओं को 100 फीसदी ग्राम पंचायतों तक पहुंचाने पर बात होगी। संघ प्रमुख के साथ होने वाली बैठक में उत्तराखंड के सभी प्रांत प्रचारक व प्रमुख शामिल होने बरेली पहुंचे हैं। यही नहीं, मेरठ, आगरा और मथुरा क्षेत्र के प्रांत प्रचारक भी शामिल होंगे। संघ के एक पदाधिकारी की माने तो मार्च में आरएसएस की बैठक नागपुर में प्रस्तावित है। उसी कड़ी में पूरे देश में संघ प्रमुख के प्रवास कार्यक्रम लगे हुए हैं। 19 फरवरी को सुबह 10 बजे रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल ऑडिटोरियम में स्वयंसेवकों के परिवार से मुलाकात करने के बाद मोहन भागवत 20 फरवरी को वहां से सड़क के रास्ते लखनऊ एयरपोर्ट के लिए रवाना होगा। बताते हैं कि बरेली से लखनऊ जाते समय रास्ते में सीतापुर में उनके रुकने का कार्यक्रम है। आरएसएस प्रमुख सीतापुर शहर के रोटी गोदाम निवासी संघ के विभाग कार्यवाह कृष्ण कुमार प्रजापति के घर 20 फरवरी को आएंगे। संघ प्रमुख के आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई। खराब और जर्जर सड़कों को चमकाया जा रहा है। इसमें नगर पालिका की टीम लगी हुई है। वहीं, विभाग कार्यवाह के घर पर भी संघ प्रमुख के आगमन को देखते हुए स्वागत की तैयारियां चल रही हैं। रोटी गोदाम निवासी विभाग कार्यवाह कृष्ण कुमार प्रजापति ने आई इंडिया से बातचीत में आरएसएस प्रमुख के आगमन की पुष्टि की है। नहीं है। औपचारिक तौर पर वह आ रहे हैं। संघ के किसी पदाधिकारिया या कार्यकर्ता से मिलने के सवाल पर विभाग कार्यवाह ने कहा कि ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं है। वह सिर्फसामान्य तरीके से आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी आगमन का समय नहीं आया है। एक दो दिन में समय हमारे व प्रशासन के पास आ जाएगा। कहा कि घर पर एक-दो घंटे रुकेंगे। इसके बाद सड़क के रास्ते लखनऊ जाएंगे, जहां से फ्लाइट से नागपुर जाने का संघ प्रमुख का कार्यक्रम है।

# एसपी के निर्देशन में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जनपद** खीरी के समस्त थानों पर महाशिवरात्रि के पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिसकर्मियों की मीटिंग का आयोजन कर उच्चाधिकारियों के दिशा.निर्देशों से अवगत कराया गया। महाशिवरात्रि पर्व शनिवार को है। शुक्रवार की अर्द्धरात्रि से ही शिवालयों में शिवभक्तों के आने से जलाभिषेक आदि का सिलसिला शुरु हो जाएगा। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में शहर व ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी होगी। महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपद खीरी के प्रत्येक थाने द्वारा शांति समिति की बैठक की गई है। जिसमें सदस्यों की उपस्थिति में महाशिवरात्रि पर्व को विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओंए व्यापारियों व संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ मीटिंग आयोजित कर त्योहार को शांतिपूर्णए सकुशल तथा भाईचारे के साथ सद्भावना पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। इसी क्रम में महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपद खीरी के प्रत्येक थानें से लगाये गए पुलिस बल को प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्ष द्वारा उच्चाधिकारियों के दिशा.निर्देशों से अवगत कराया गया।

# शांति व सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने किया पैदल गश्त

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**पुलिस** अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद खीरी में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखनेए आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगणए प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारियों द्वारा भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र के विभिन्न मार्गों, व्यस्तम चौराहों, मिश्रित आबादी वाले स्थानों आदि पर पैदल रूट मार्च किया। भीड़भाड़ वाले स्थानों में भ्रमण करते हुए वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगोंए दुकानदारों आदि से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा आमजनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेमए सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफ्वाहों पर ध्यान न देने की अपील भी की गयी तथा संवेदनशील वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग भी की गई।



# सकुशल निपटी दूसरे दिन की परीक्षा



**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**विकास** खण्ड पसगवां और मोहम्मदी से लेकर नगर मे प्रथम पाली में हाई स्कूल की परीक्षा सकुशल निपटी, वहीं दूसरी वाली मे इंटरमीडिएट की परीक्षा 2रू00 बजे से हुई शुरू एउपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने मोहम्मदी सहित अन्य विद्यालयों में पहुंचकर परीक्षा का लियाएजाए वही सेक्टर मजिस्ट्रेट हो के माध्यम से भी निरीक्षण किया जाता रहा मोहम्मदी नगर में कुल 06 विद्यालयों में हो रही परीक्षाए वहीं कोतवाली क्षेत्र में कुल 13 विद्यालयों में सेंटर बनाए गए हैंए नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां.जहां सेंटर बने हैं प्रभारी निरीक्षक से लेकर कस्बा इंचार्ज सभी सेटरो पर सुरक्षा व्यवस्था की स्थित देखीए वही हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में कुछ छात्र और छात्राओं ने पहली परीक्षा छोड़ने की सूचना भी प्राप्त हो रही हैएकुल मिलाकर शान्ति पूर्वक परीक्षा संचालित हो रही है।

# धर्म और जाति की राजनीति कर रही भाजपा

**संवाददाता।** सीतापुर

**समाजवादी** पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद पहली बार सीतापुर पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव भाजपा सरकार पर जमकर बरसे। सपा नेता ने केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आने के बाद पिछले 9 सालों से केवल झूंठ बोलने का काम कर रही है। देश और प्रदेश की जनता को सिर्फ और सिर्फ बरगलाया जा रहा है। सपा नेता ने कहा कि वह सबसे पहले समाजवादी पार्टी की विचारधारा के लोगों को इकट्ठा करने के बाद सपा संगठन को मजबूत करेंगे। पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। सपा नेता ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य है कि भाजपा को सत्ता से हटाने का। पूर्व सदर विधायक राकेश राठौर के आवास पर रामचरित मानस विवाद में स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ टिप्पणी करने वाली सपा नेत्री रोली तिवारी और ऋचा सिंह पर पार्टी की तरफ से की गई निष्कासन की कार्रवाई पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। हालांकि उन्होंने बाद में कहा कि अनुशासन हीनता पर पार्टी कार्रवाई करेगी। राष्ट्रीय महासचिव ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि सरकार बेरोजगारी भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं की तरफध्यान नहीं दे रही है। रामचरितमानस को लेकर उन्होंने कहा कि बहुत सी समस्याएं हैं भाजपा लोगों को उन समस्याओं से भटकाना चाहती है। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने भाजपा पर जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश धर्म निरपेक्ष है, संविधान के अनुसार चलना चाहिए। भारत के हिंदू राष्ट्र बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को ही खत्म करना चाहती है। सीतापुर के कस्बा रामकोट में कैंसर पीड़ित की जमीन पर चलाए गए बुलडोजर पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अभी तक बुलडोजर चलवाया है, अब वह अपनी खोपड़ी खुजलांएगे। उन्होने बुलडोजर की कार्रवाई को सही न ठहराते हुए कहा कि ऐसे मामलों में कोर्ट की भी मदद ली जानी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब घरौनी लागू हो चुकी है तो उसे क्यों नहीं अमल में लाया जा रहा। वर्ष 2024 में भारतीय जनता पार्टी को हटाने का लक्ष्य है। 2024 में विपक्ष का नेता कौन होगा। किसानों के मुद्दे पर मोदी और योगी सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए वरिष्ठ सपा नेता ने कहा कि इन्होंने किसानों के हित में कोई काम नहीं किया है।

# पुलिस ने चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से किया सीधा संवाद



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**पुलिस** अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में जनपद खीरी के गांवों को अपराध से मुक्त बनाने हेतु जनपद के प्रत्येक थानें द्वारा थाना क्षेत्र के गांवों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक की मंशा यह है कि ग्रामवासियों को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थानाए पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार.बार न आना पड़े अपितु स्थानीय पुलिस नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर ग्राम वासियों से संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का गुण.दोष के आधार पर निराकरण करें। जिससे की गांवों के छोटे.मोटे आपसी विवाद बड़ा रुप न ले सकेए जिससे अपराध नियन्त्रित किया जा सकें। इसी क्रम में थाना मितौली पुलिस द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामवासियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया तथा स्थानीय ग्रामवासियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनका निस्तारण कराया गया।

## क्विक न्यूज

### शस्त्र अधिनियम के तहत एक गिरफ्तार

**निघासन**-खीरी। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निषाद नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास से एक अभियुक्त को एक तमंचा 12 बोर मय जिंदा कारतूस के सहित निघासन पुलिस बल द्वारा गिरफ्तार किया गया है । जानकारी के अनुसार क्षेत्राधिकारी निघासन संजयनाथ तिवारी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल ने अर्जुन कुमार पुत्र शंकर लाल निवासी ग्राम निषाद नगर को गांव में ही स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध धारा 3 ध् 25 शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है ।



### पर्यावरण समिति तथा गंगा समिति की बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति तथा गंगा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने ठोस अपशिष्ट का निस्तारण, कंस्ट्रक्शन डिमोलिशन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, ई वेस्ट प्रबंधन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन तथा जनपद में प्रवाहित ड्रेन्स एवं स्थापित संचालित निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की समीक्षा की। साथ ही जिलाधिकारी ने औद्योगिक उत्सर्जन के नियंत्रण के संबंध में भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के कार्यो में लापरवाही बरतने पर खनन अधिकारी श्री दिपेन्द्र यादव का जवाब तलब करने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक में विलम्ब से उपस्थित होने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् तिलहर का जवाब तलब करने के निर्देश दिये। मेडिक्ल वेस्ट निस्तारण के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही न होने पर एसीएमओ डा0 रोहिताश्व का जवाब तलब करने तथा नगर मजिस्ट्रेट, प्रदूषण नियंत्रण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा निजी चिकित्सा संस्थानों में मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की औचक जांच हेतु निर्देशित किया।



### मंदिर में पूजा ना करने देने का भीम आर्मी ने किया विरोध

**बरेली ।** थाना इज्जत नगर क्षेत्र की कृष्णा नगर कॉलोनी में बहुजन समाज की एक बहन को जातीय मानसिकता के तहत मंदिर में पूजा ना करने देने का मामला कुछ समाज के लोगों द्वारा सामने आया। भीम आर्मी के एडवोकेट अजय प्रधान व शुभम भारती ने मामले को तुरंत संज्ञान में लिया और मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा, जहां पीड़िता व उसके परिवार से मिलकर घटना की सत्यता को जाना। उसके अनुसार मैंने घटना में पूर्णतया सच्चाई पाई और तुरंत मामले की जानकारी थाना पुलिस से ली और तुरंत मुकदमा पंजीकृत करने के लिए आदेशित किया और थाना पुलिस से कहा कि मैं टीम के साथ पीड़ित परिवार को लेकर थाने पहुंच रहा हूं। थाने पहुंचते ही एफआईआर पीड़ित को मिल जानी चाहिए और पीड़ित का मुकदमा पंजीकृत कराया और थाना पुलीस को चेतावनी दी कि आप किसी मंत्री या विधायक के दबाव में मामले को निपटाने का प्रयास न करें अन्यथा भीम आर्मी पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

### चोरी की घटना में वांछित वारंटी गिरफ्तार

**निघासन** खीरी । स्थानीय पुलिस द्वारा चोरी की घटना में शामिल एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा चोरी की घटना में शामिल एक वारंटी अभियुक्त झब्बू पुत्र चंद्रभाल निवासी ग्राम लोनियन पुरवा मजरा लखाही को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी का माल बरामद करते हुए घटना का सफल अनावरण भी कर दिया एवं अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है ।



# सरकार ने बिना भेदभाव के समाज के हर तबके के लिए काम कियाः अरुण सागर

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**सांसद** अरुण कुमार सागर ने शुक्रवार को ददरौल विधानसभा के ब्लॉक भावलखेड़ा मंडल क्षेत्र के गांव बरनई, बनतारा, पड़रा सिकंदरपुर, देवरास, सरसवां, तुर्की खेड़ा, कुआंबोझ और तोनी आदि गांवों का भ्रमण किया और बैठक आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। साथ ही भाजपा सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को जानकारी दी।

इस दौरान सांसद अरूण कुमार सागर ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, शोषित, वंचित, अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्गों के कल्याण के प्रति सदा समर्पित है। पीएम मोदी ने सत्ता संभालने के बाद सबका साथ-सबका विकास का मूल मंत्र लेकर काम किया। बिना किसी भेदभाव के समाज के हर तबके के लोगों के लिए कार्य किया। मोदी सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार, महिला सशक्तीकरण की दिशा में प्रयास किए।

मेक इन इंडिया, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ जैसी योजनाओं ने भारत की तस्वीर बदलने में बड़ा योगदान दिया है। कहा कि केंद्र सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं गरीब व आम लोगों के लिए चलाई हैं। जिसमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज का वितरण किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों लोगों को आवास मिले हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों का निर्माण देश के हर घर में हो रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से सपा नेता घायल

**बरेली।** विवाह समारोह से घर लौट रहे सपा नेता संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से घायल हो गया उसे अस्पताल में भर्ती कराया। प्रेम नगर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरा निवासी समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी के निवर्तमान अध्यक्ष को घर के बाहर गोली मार दी गई परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उस की हालत गंभीर बनी हुई है पुलिस घटना की जांच में जुट गई। प्रेमनगर थाना क्षेत्र के शाहाबाद ब्रह्मपुरा का रहने वाले जुनैद खान उर्फ लक्की शाह बॉक्सर सपा की लोहिया वाहिनी के निवर्तमान अध्यक्ष हैं लक्की शाह ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को बहेड़ी में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था जहां से रात करीब एक बजे वापस लौटे थे ब्रह्मपुरा चौराहे पर कार पार्क करने के बाद वह पैदल अपने घर जा रहे थे।

# प्रभारी मंत्री बनने के बाद दूसरी बार सीतापुर पहुंचे मयंकेश्वर शरण सिंह

संवाददाता। सीतापुर

उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में शुक्रवार को जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह पहुंचे। प्रभारी मंत्री बनने के बाद उनका जिले का ये दूसरा दौरा था। सबसे पहले वह पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां पर कुछ देर रुकने के बाद कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचे और मीडियो से रूबरू होते हुए विकास कार्यों को लेकर बात की। इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू पर हुए साइन से प्रदेश के साथ ही सीतापुर में भी विकास की नई बयार बहने के दावे किए। यही नहीं, प्रभारी मंत्री ने देश विदेशों में पौराणिक और धार्मिक महत्ता को लेकर विख्यात नैमिषारण्य में विकास के नए आयाम गढ़े जाने के दावे किए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि नैमिष में विकास परिषद का गठन होने से भी काफी फायदे आने वाले दिनों में देखने को मिलेंगे। दरअसल, कलेक्ट्रेट में प्रेस वार्ता के दौरान जिले के प्रभारी, राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग के मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हस्ताक्षरित एमओयू को लेकर जिले के उद्यमियों के साथ संवाद किया। उन्होंने उद्योगों के बारे में ,कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद कहा कि सरकार हर तरह से आपके साथ सहयोग करेगी। हर समाधान होगा। प्रभारी मंत्री आगे कहते हैं कि जिस भी जमीन पर आप उद्योग लगाए, उसका 143 जरूर करा लें। सीतापुर में 174 निवेशकों ने एमओयू हस्ताक्षरित किया, इससे करीब 26 हजार 979 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। बारिश के मौसम में गांजर में बाढ़ की समस्या आदि पर बात करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि ये समस्या होती है।

# पेज एक का शेष

## हमारी शिवसेना...

नेतृत्व करते हैं। फडणवीस ने नागपुर में पत्रकारों से कहा कि फैसला जांच-परख कर दिया गया है। शिवसेना विचारधारा वाली पार्टी है। शिंदे विचारधारा को आगे ले जा रहे हैं और वह शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के पदचिन्हों पर चल रहे हैं।

## आयोग के...

हो गई है। ठाकरे ने कहा कि निर्वाचन आयोग के फैसले से संकेत मिलता है कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव जल्द ही घोषित किए जाएंगे।

## सीलबंद लिफाफे...

कुमार ने अब तक उच्चतम न्यायालय में इस मुद्दे पर चार जनहित याचिकाएं दायर की हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा अडाणी समूह के खिलाफ कई आरोप लगाए जाने के बाद, समूह के शेयरों की कीमतों में काफी गिरावट आई है। हालांकि, समूह ने उसके खिलाफ लगाए गए आरोपों को खारिज किया है।

## मेयर चुनाव...

निकाय है और यह वांछनीय है कि महापौर पद का चुनाव जल्द से जल्द हो। राष्ट्रीय राजधानी के रूप में यह ठीक नहीं है कि महापौर का चुनाव रुका रहे। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 243आर का जिक्र करते हुए कहा कि संविधान ने एक प्रतिबंध लगाया है जिसके तहत मनोनीत पार्षदों को वोट देने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि हमने विभिन्न पक्षों के वकीलों की दलीलों को सुना। हम नगर निगम की ओर से प्रस्तुत दलीलें स्वीकार करने में असमर्थ हैं। संविधान ने मनोनीत सदस्यों को मतदान से प्रतिबंधित करने का प्रावधान किया हुआ है। मनोनीत सदस्यों के मताधिकार पर प्रतिबंध पहली बैठक पर लागू होता है। पीठ ने कहा कि महापौर के चुनाव और एमसीडी की पहली बैठक के लिए नोटिस 24 घंटे के भीतर जारी किया जाएगा और नोटिस में उस तारीख का निर्धारण होगा, जब महापौर, उपमहापौर और स्थाई समिति के सदस्यों के चुनाव होंगे। सुनवाई की शुरुआत में आप की महापौर पद की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने कहा कि मनोनीत व्यक्ति संविधान के अनुच्छेद 243आर के तहत मतदान नहीं कर सकते हैं। सिंघवी ने कहा कि पहले आप महापौर का चुनाव करते हैं और फिर महापौर शेष बैठक की अध्यक्षता करते हैं। चुनाव के लिए तारीख तय होनी चाहिए। जो भी हो उन्हें चुनाव कराना चाहिए।

## अरुणाचल को...

बिल हैगर्टी द्वारा पेश किए गए द्विदलीय प्रस्ताव में कहा गया है, अमेरिका अरुणाचल प्रदेश राज्य को एक विवादित क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देता है। इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष एवं सीनेटर जॉन कॉर्निन ने इस प्रस्ताव को सह-प्रायोजित किया है। सीनेट का प्रस्ताव अरुणाचल प्रदेश पर चीनी दावों का विरोध करते हुए इस बात की पुष्टि करता है कि अमेरिका मैकमोहन रेखा को चीन और भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मान्यता देता है। मैकमोहन रेखा 1914 में भारत की तत्कालीन ब्रिटिश सरकार और तिब्बत के बीच शिमला समझौते के तहत अस्तित्व में आई थी। इस सीमारेखा का नाम भारत में तत्कालीन ब्रिटिश सरकार के विदेश सचिव सर हैनरी मैकमोहन के नाम पर रखा गया था, जिनकी इस समझौते में महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। मर्कले ने कहा, यह प्रस्ताव स्पष्ट करता है कि अमेरिका भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश को चीन के नहीं, बल्कि भारत के हिस्से के रूप में देखता है और समान विचारधारा वाले अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के मिलकर क्षेत्र को समर्थन और सहायता देने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता जताता है। प्रस्ताव में चीन के कारण सुरक्षा को पैदा हुए खतरे एवं उसकी आक्रामकता के खिलाफ अपनी रक्षा के लिए कदम उठाने पर भारत की सराहना की गई है।

## भाजपा ने...

हैं...उन्होंने ऐलान किया है कि वह हिंदुस्तान के लोकतांत्रिक ढांचे पर चोट करेंगे...वह प्रधानमंत्री मोदी को अपने वार का मुख्य बिंदु बनाएंगे...वह हिंदुस्तान में अपनी विदेशी ताकत के अंतर्गत एक ऐसी व्यवस्था बनाएंगे जो हिंदुस्तान के हितों का नहीं बल्कि उनके हितों का संरक्षण करेगी। ईरानी ने कहा, आज देश के आवाम से मैं अपील करना चाहती हूं... चाहे आप व्यक्ति हों, संगठन हों या राजनीतिक दल हों ....... इसका मुंहतोड़ जवाब देना है।

## स्कूटी के...

मालूम हो कि एक स्कूटी की कीमत आम तौर पर 70,000 रुपए से लेकर 1,80,000 रुपए के बीच होती है। पहाड़ी राज्य के कुछ हिस्सों में यह काफी उपयोगी वाहन माना जाता है।

## टीटीपी-हिज्बुल...

उन्होंने कहा, अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा इनके दर्जे में बदलाव की अनुमति नहीं देती। ब्लिंकन ने कहा, इसलिए मैं उपर्युक्त संगठनों का विदेशी आतंकवादी संगठन का दर्जा बनाए रखने की मंजूरी देता हूं। आम तौर पर पाकिस्तान तालिबान के नाम से मशहूर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को एक सितंबर, 2010 को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था। इसके नेताओं हकीमुल्ला महसूद और वली उर-रहमान का नाम भी विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादियों की सूची में शामिल है। कश्मीर केंद्रित हिज्बुल मुजाहिदीन को अमेरिका, कनाडा, भारत और यूरोपीय संघ ने वैश्विक आतंकवादी संगठन की सूची में शामिल किया हुआ है। टीटीपी अफगान-पाकिस्तान सीमा पर सक्रिय विभिन्न इस्लामी हथियारबंद आतंकवादी समूहों का एक संगठन है। 2007 में स्थापित यह संगठन अफगान तालिबान के साथ समान विचारधारा साझा करता है और 2001-2021 के युद्ध में इसने अफगान तालिबान की सहायता भी की थी।

## सरकार ने...

जिसका उद्देश्य पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करना है। एक अलग अधिसूचना के अनुसार पाकिस्तान में रह रहे और बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंडा को आतंकवादी घोषित किया गया है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, जेकेजीएफ जम्मू कश्मीर में घुसपैठ प्रयासों, मादक पदार्थों एवं हथियारों की तस्करी, आतंकवादी हमले करने और सुरक्षाबलों को नियमित रूप से धमकियां देने मे शामिल रहा है। यह संगठन भारत के विरूद्ध आतंकवादी संगठनों से जुड़ने के लिए जम्मू कश्मीर के लोगों को उकसाने के वास्ते सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल भी करता रहा है। मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जेकेजीएफ घुसपैठ की कोशिशों, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी, केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादी हमलों और सुरक्षा बलों को धमकियां देने में शामिल रहा है। गृह मंत्रालय ने बताया कि जेकेजीएफ लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, तहरीक-उल-मुजाहिदीन, हरकत-उल-जिहाद-ए-इस्लामी और अन्य आतंकवादी संगठनों के आतंकवादियों को इस संगठन में शामिल करता रहा है। अधिसूचना के मुताबिक, गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनयम (यूएपीए) के तहत प्राप्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए जेकेजीएफ को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। केटीएफ 2011 में अस्तित्व में आया था, जो गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन है। केटीएफ बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा संगठन है। गृह मंत्रालय ने बताया कि केटीएफ एक आतंकवादी संगठन है और इसका उद्देश्य खालिस्तान के एक अलग राज्य के गठन के अपने एजेंडे को प्राप्त करना है और पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करना है।

## तुर्किये का...

जवान वापस भारत लौटें। महिला ने उन्हें खुदा के फरिश्ते कहा। एयरपोर्ट मेंभी लोगों ने तालियों के गड़गड़हाट के साथ टीम का स्वागत किया और आभार जताया। एनडीआरएफ की तीन टीम शुक्रवार को हिंडनबेस पर राहत बचाव कार्य के बाद लौट आई हैं। दल का स्वागत करते हुए गाजियाबाद 8-एनडीआरएफ के कमाडेंट प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि जवानों ने भीषण भूकंप के बाद मुश्किलो से जूझ रहे हताश व परेशान स्थानीय लोगों की मदद करके कर्तव्य सेवा की नई इबारत लिखी है। दल को स्थानीय लोगों ने हिंदीस्तानी बोलकर बेहद प्यार और सहयोग दिया है। भारतीय दल के ऑपरेशन दोस्त ने दोनों देशों के बीच के भाईचारा को बढ़ाया है। एनडीआरएफ की तीन टीम में 150 से अधिक जवान और छह स्निफर डॉग शामिल थे। इसकी एक टीम शनिवार को अपना अभियान पूरा कर वापस लौटेगी। तुर्किए जाने वाली पहली टीम का नेतृत्व करने वाले डिप्टी कमांडेंट दीपक तलवार ने विशेष बातचीत में कहा कि यह बहुत बड़ी त्रासदी थी। भारतीय दल रात में पहुंच गया और साइट अलॉट होने के बाद सुबह होने के साथ ही राहत बचाव में जुट गए। रात में शून्य से 7 डिग्री नीचे तापमान से जरूर परेशानी हुई लेकिन लोगों को बचाने का हौसला कम नहीं हुआ। दीपक तलवार ने बताया कि एक हादसा स्थल पर एक आदमी ने उनसे कहा कि उसके दो बच्चे और पत्नी मलबे में दबे हैं। एनडीआरएफ की पूरी टीम ने नौ घंटे लगातार बचाव अभियान चलाया लेकिन अफसोस उनके शव ही मिले। डिप्टी कमाडेंट ने बताया कि तुर्किये में बहुमंजिली इमारतों के जमींदोज होने के कारण काम करने में मुश्किल आई। उन्होंने कहा कि त्रासदी का आलम यह था कि मलबे से निकाले जा रहे बहुत से शवों को पहचानने वाला कोई नहीं था।

# योगी ने बांदा में किया कलिंजर महोत्सव का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री ने जनपद को दिया 665.26 करोड़ लागत की 302 विभिन्न परियोजनाओं का तोहफा

**आलोक निगम।** बांदा





**17** फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बांदा में कलिंजर महोत्सव के शुभारम्भ के पश्चात 133 परियोजनाओं का लोकार्पण, 169 परियोजनाओं का शिलान्यास किया, इस प्रकार कुल 665.26 करोड़ लागत की कुल 302 विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांदा जनपद में राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप सिंह तथा महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव की भव्य प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात कालिंजर दुर्ग परिसर में आयोजित कालिंजर महोत्सव का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर एवं बटन दबाकर किया। कालिंजर महोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह क्षेत्र ऋषि-मुनियों की तपोभूमि रहा है और ऋषि-मुनियों ने इस क्षेत्र को अपने तप एवं साधना की स्थली बनाया है। महर्षि बामदेव के नाम पर ही जनपद बांदा का नाम रखा गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास को तेज गति प्रदान के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का निर्माण किया गया है जिससे कि क्षेत्र के लोगों को प्रदेश व देश की राजधानी में पहुंचने में कम समय लगेगा और लोग कम समय में अधिक दूरी को तय कर सकते हैं, जिससे कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विकास को और अधिक गति मिलेगी। बुंदेलखंड के विकास के लिए जनपद चित्रकूट में एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है तथा डिफेंस कॉरिडोर भी बनाया जा रहा है जिससे बुंदेलखंड के लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। डिफेंस कॉरिडोर के तहत विभिन्न रक्षा उत्पादों व तोपों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस क्षेत्र में पानी की समस्या थी, बुंदेलखंड की पानी की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए इस समस्या के निस्तारण हेतु हर घर नल योजना से बुंदेलखंड वासियों को पानी की आपूर्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना के तहत इन नदियों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा, जिससे कि बुंदेलखंड में पानी की कमी नहीं रहने पायेगी।

उन्होंने कहा कि लखनऊ में आयोजित इन्वेस्टर समिट में प्रदेश में 33 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए 4.5 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं, जिससे इस क्षेत्र में नए-नए उद्योगों स्थापित होंगे और बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। एक जनपद एक उत्पाद जनपद के तहत सजर पत्थर व कठिया गेहूं को और अधिक प्रोत्साहित कर बढ़ाया जाएगा, जिससे कि इस क्षेत्र के किसानों/व्यापारियों को इसका बेहतर मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से बुंदेलखंड के सभी क्षेत्रों में विकास कार्य कराया जा रहा है। बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी किलो को जोड़कर पर्यटन विकास की संभावनाओं को और अधिक विकसित कर आगे बढ़ाया जाएगा। ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण प्राचीन किलों के पुनरुत्थान का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के ग्रामों की सड़कों को मुख्य मार्गों से जुड़ने के साथ पर्याप्त विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीब वर्ग के लोंगो को प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना, कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, तथा विभिन्न पेंशन योजनाएं आदि संचालित कर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दो करोड़ युवाओं को टेबलेट दिया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया, जिसके अन्तर्गत श्रीमती पुष्पा एवं श्री संतोष कुमार को प्रधानमंत्री आवास योजना की, मुख्यमंत्री आवास योजना अन्तर्गत सावित्री देवी को आवास की चाभी भेंट की गयी तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अन्तर्गत 152 स्वयं सहायता समूहों को 9 करोड़ 6 लाख रुपये की धनराशि का चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत 25 लाख रुपये की धनराशि का चेक लाभार्थी को दिया गया।

# शासन की मंशानुरूप तय समय पर पूरा करें विकास कार्य : जिलाधिकारी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में नगर पालिका/ नगर पंचायत एवं जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की पाक्षिक समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने 16 में वित्त व राज्य वित्त के अंतर्गत भौतिक प्रगति व वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। बैठक में रानीपुर भट्ट तालाब, कान्हा गौशाला, दीनदयाल उपाध्याय योजना, कोठी तालाब, मुख्यमंत्री सृजन योजना, जल निकासी, कम्युनिटी टॉयलेट, आवास आदि पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जो कार्य हो चुके हैं उनके भुगतान जल्द से जल्द करा दिया जाए। साथ ही जो कार्य अधूरे हैं उसमें प्रगति कर उसे पूर्ण कराएं।

उन्होंने एलडीसी बाबू से कहा कि मीटिंग में संबंधित एईई व जेई को भी बुलाएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से कहा कि जो कूड़ा ओपन डंपिंग है उसको बंद करना है। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी व जेई से कहा कि जो कार्य धीमी है उसमें प्रगति करा कर जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। जिला अधिकारी ने कान्हा गौशाला के संबंध में सभी अधिशासी अधिकारी को निर्देशित यह की जिनको जगह मिल गई है। उसमें त्वरित कार्य करा कर जल्द से जल्द पूरा कराएं । ट्रैफिक चौराहा को उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि इसकी लाइटिंग, रेलिंग, स्टोन अच्छी क्वालिटी की लगाएं। उन्होंने अंत्येष्टि स्थल के कार्य की भी समीक्षा की। मऊ में पहुंच मार्ग व कार्यालय कार्य के प्रगति पर उन्होंने कहा कि अगर ठेकेदार कार्य नहीं करता है तो उसको नोटिस दें, उन्होंने यह भी कहा कि रिटर्निंग वाल को जल्द से जल्द कंप्लीट कराएं। कम्युनिटी टॉयलेट के अंतर्गत उन्होंने कहा कि मुख्यालय में न्यायालय व पार्क के बीच में एक टॉयलेट बनवाएं। उन्होंने कहा कि जो सांडा द्वारा पार्क हैंड ओवर कर दिया गया है उसे नगर पालिका विकसित कराएं। उसमें बेंच लाइटिंग व पेंटिंग भी करा कर उसका सुंदरीकरण कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिला अधिकारी न्यायिक कर्वी राम जन्म यादव, अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, आशीष वर्मा, बीएन कुशवाहा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पेयजल के नाम पर पालिका प्रशासन ने 25 लाख के बजट में की बंदरबांट

● **जनहित के नाम पर स्वीकृत विकास निधि में की गई भारी हेरफेर**

**मौदहा,** हमीरपुर। जनहित के नाम पर पेयजल सप्लाई के लिए 25 लाख रुपए का बजट ठिकाने लगाकर पालिका प्रशासन इलाकाई लोगों को पानी उपलब्ध कराने में फिसड्डी साबित हुआ। मामला मौदहा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत बड़े चौराहे स्थित मोहल्ला दुर्गापुरी का है। लगभग 1200 मीटर पाइपलाइन बिछाकर पालिका प्रशासन ने स्वम घरों में जल कनेक्शन भी करते हुए जनता की गाढ़ी कमाई से 25 लाख रुपए ठिकाने लगा दिए किंतु भारी भरकम राशि खर्च करने के बावजूद पालिका प्रशासन लगभग 500 की आबादी वाले इस इलाकाई लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने में फिसड्डी साबित हुआ। कनेक्शन लेने के 3 माह बाद भी नलों में पेयजल सप्लाई न मिलने से यहां के लोग खुद को ठगा सा महसूस कर रहे। स्थानीय निवासी शारदा , बल्लू, बच्चू व रामेश्वर सहित दर्जनों लोगों द्वारा बताया गया कि बीते तीन माह पहले पाईप लाईन बिछाकर उनको नल कनेक्शन दिए गए थे , उन्हे खुशी थी कि अब उन्हें पेयजल समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा किंतु घरों में लगे नल सिर्फ शोपीस बनकर रह गए है, उनमें पानी नहीं आता।

वहीं उक्त मामले में नगर पालिका जेई तोताराम द्वारा बताया गया कि 25 लाख रुपए के बजट से 1200 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर लोगों के घरों में कनेक्शन दिए गए हैं किंतु जल संस्थान बिछाई गई पाइप लाइन में जल सप्लाई देने को तैयार नहीं है।

# एसबीआई शाखा में फील्ड ऑफीसर न होने से कार्य प्रभावित

**जालौन** (उरई)। भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा में तीन माह से फील्ड ऑफीसर नहीं हैं। फील्ड ऑफीसर न होने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बैंक में फील्ड ऑफीसर की तैनाती की मांग उच्चाधिकारियों से की है। भारतीय स्टेट बैंक की पिछले तीन माह से फील्ड ऑफीसर नहीं है। किसानों को अपने क्रेडिट कार्ड एवं अन्य कामकाज के लिए फील्ड ऑफीसर की जरूरत पड़ती है। लेकिन तीन माह से भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा में फील्ड ऑफीसर न होने से किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। किसान जितेंद्र सिंह सेंगर, जसवंत सिंह, इरफान, मानवेंद्र सिंह आदि का आरोप है कि भारतीय स्टेट बैंक से उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड की जरूरत है। इसके लिए वह बैंक में कई बार चक्कर लगा चुके हैं।

# लोगों की जागरूकता से ही खत्म होगा फाइलेरिया: डॉ. तनुज

**संवाददाता।** चित्रकूट।



**लोगों** को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने और बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके लिए 10 से 27 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान चल रहा है। जिसके अंतर्गत टीम घर घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिला रही हैं। स्टेट टीम द्वारा पहाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमडीए से संबंधित दस्तावेजों का बारीकी से अवलोकन किया गया। गांव में जाकर लोगों से बातचीत की गई। फाइलेरिया को लेकर लोगों कीभ्रांति को दूर करने के लिए और जागरूकता की जरूरत बताई। बीएमजीएफ (बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन, सेंट्रल टीम) के डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी, डब्ल्युएचओ के स्टेट कोआर्डिनेटर डॉ. तनुज शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में एमडीए से संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण किया। रजिस्टर व दवाइयों के स्टॉक इत्यादि की जानकारी ली। इसके बाद ब्लाक के सिकरी सानी गांव जाकर लोगों से फाइलेरिया पर बात की। डॉ.त्रिपाठी ने लोगों को बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाली एक गंभीर संक्रामक बीमारी है जिसे आमतौर पर हाथी पांव भी कहा जाता है। कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र में फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। फाइलेरिया के प्रमुख लक्षण हाथ और पैर या हाइड्रोसिल (अण्डकोष) में सूजन का होना होता है। प्रारंभिक अवस्था में इसकी पुष्टि होने के बाद जरूरी दवा सेवन एवं सही रख रखाव से इसे रोका जा सकता है। इसके लिए लोगों में जागरूकता की आवश्यकता है। वहीं डॉ. शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों में अभी भी भ्रम है कि दवा का सेवन फाइलेरिया होने के बाद करना है। उन्हें यह नहीं मालूम कि दवा खाने से फाइलेरिया की संभावनाएं खत्म हो जाती हैं। एक बार यह बीमारी होने के बाद इसका कोई इलाज नहीं है।

## क्विक न्यूज

### नाटकीय अंदाज में अपने घर पहुंची छात्रा साधना

**माधौगढ़,** जालौन। बुधवार को चितौरा गांव निवासी युवती साधना माधौगढ़ में सिहारी बस स्टैंड के पास पर मिनी बैंक में काम करने के लिए पैदल जा रही थी। इसी दौरान वह लापता हो गई। बताया गया कि रोजवैली पब्लिक स्कूल के पास से कार सवार उसे ले गए हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए साधना की बहन प्रियंका की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया। एसओजी को भी जांच में लगाया गया। सर्विलांस के माध्यम से पुलिस उस युवक को ट्रेस करने में सफल हो गई जिसके साथ युवती गई थी। बाद में यह भी साफहो गया कि साधना का अपहरण नहीं हुआ बल्कि वह खुद गए हैं। दबाव बढ़ने पर शुक्रवार को नाटकीय अंदाज में वह घर पहुंच गई। इसके बाद पुलिस ने उसके बयान दर्ज किए। साधना ने अपने बयान में कहा कि उसका किसी ने भी अपहरण नहीं किया था। वह अपनी मर्जी से गई थी। साधना बालिग है लिहाजा उसके बयान के बाद पुलिस ने इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। सीओ रवींद्र कुमार गौतम का कहना है कि जांच की जा रही है कि किस वजह से युवती ने अपहरण की सूचना दी।

### आबकारी विभाग ने नष्ट कीं अवैध शराब की भट्टियां



**चित्रकूट।** आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अगामी होली पर्व को देखते हुये जिलाधिकारी चित्रकूट के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र यादव के नेतृत्व में थाना-कोतवाली के अन्तर्गत भैरोपागा में मंदाकिनी नदी के किराने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान कुल 35 लीटर महुआ से बनी कच्ची शराब बरामद की गयी व लगभग 500 कि0ग्रा0 लहन मौके पर नष्ट किया गया।साथा ही कच्ची शराब बनाने की 3 भट्टिया तोड़ी गयी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के अनुरूप व नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गयी। इस अभियान में आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल सिंह, नीरज पटेल, आबकारी सिपाही व प्रधान उपस्थित थे।

### हर परिवार को रोजगार उपलब्ध करा रही सरकार : विधायक

**फतेहपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम भारती जन कल्याण समिति, भोलानाथ उत्तम डिग्री कॉलेज अमौली रोड जहानाबाद में वृहद रोजगार मेला व कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 500 से अधिक अभ्यर्थियों की कॅरियर काउंसलिंग की गयी। रोजगार मेले में प्रदेश स्तर की बजाज एलियांज फतेहपुर ने आठ, कैरियर ब्रिज स्किल सोल्यू. प्रा.लि. अहमदाबाद ने 18, फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स लखनऊ ने 20, ब्राइट शिवशक्ति बायोटेक ने 20, पीपल दी आनलाइन ने पांच एवं पुखराज हेल्थकेयर प्रा.लि. कानपुर ने सात कुल 78 योग्य अभ्यर्थियों को चयनित कर सेवायोजित किया गया। जिसमें कम्पनियों द्वारा 8000 से 20000 तक प्रतिमाह वेतन पर चयन सम्बन्धी कार्यवाही की गयी। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर परिवार को रोजगार उपलब्ध कराकर सशक्त बनाने का काम कर रही है। युवाओं के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं भी संचालित है। जिसका सभी को समय-समय पर लाभ दिया जा रहा है।

### तेज रफ्तार ऑटो की बाइक से भिड़ंत, वृद्ध की मौत

**जालौन,** उरई। तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद चालक ऑटो छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी सीताराम (65) पुत्र मुकुंदलाल अपने रिश्तेदार बलवीर पुत्र रमेशचंद्र याज्ञिक निवासी चाकी के साथ्ा बाइक से रिश्तेदारी में जालौन की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह कमसेरा गांव के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार फल लादकर आ रहे ऑटो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों लोग उछलकर सड़क किनारे खंती में जा गिरे। हादसे में सिर में चोट लगने के चलते सीताराम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बलवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टत के लिए भेज दिया। जबकि घायल बलवीर को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### मुख्तार की बहू निखत से पुलिस लाइन में चलेगी पूछताछ

**चित्रकूट।** चित्रकूट जेल में पत्नी से अब्बास अंसारी की अवैध मुलाकात के मामले में निखत तीन दिन और ड्राइवर नियाज पांच दिन चित्रकूट पुलिस रिमांड पर हैं। निखत अंसारी को चित्रकूट पुलिस पूछताछ के लिए जिला जेल रगौली से पुलिस लाइन लेकर गई है। जहां उससे कड़ी पूछताछ की जाएगी। साथ में उसके ड्राइवर से भी पूछताछ की जाएगी। पुलिस लाइन स्थित गेस्ट हाउस में तीन दिन तक पूंछताछ चलेगी। शुक्रवार को स्पेशल कोर्ट लखनऊ में निखत अंसारी की तीन दिन की और उसके ड्राइवर नियाज की पांच दिन की पुलिस कस्टडी मिली है। निखत और नियाज को हिरासत में लेकर पुलिस मिलन कांड के कई राज खोलेगी। निखत और नियाज को हिरासत में लेकर पुलिस दोनों से पुलिस लाइन में पूंछताछ करेगी। निखत के मोबाइल का पुलिस लॉक खुलवायेगी। पुलिस नियाज का मोबाइल बरामद करवाएगी। निखत अंसारी और उसका ड्राइवर नियाज चित्रकूट जेल में बंद है।

### अमृत महोत्सव जन चौपाल में बीडीओ ने सुनीं समस्याएं

**कुठौंद,** उरई। शुक्रवार को ग्राम बिचौली में प्रशासन चला गांव की ओर प्रशासन शासन की मंशा को देखते हुए माह के शुक्रवार को जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया जाता है। बिचौली ग्राम सभा में बीडीओ प्रतिभा शाल्या, एडीओ आईएसबी प्रमोद कुमार सोनी ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम पचौरी, तकनीकी सहायक सोहनलाल वर्मा, कृषि विभाग से अरुण गौतम, ग्राम प्रधान महेश, लेखपाल आयुष श्रीवास्तव कोटेदार रानी, पंचायत सहायक बृजेंद्र गौतम, केयरटेकर राजकुमारी आंगनबाड़ी मंजू, रोजगार सेवक प्रबीन सहित ग्राम से आए हुए संभ्रांत नागरिक मौके पर मौजूद रहे। चौपाल में पूर्व के समय में कराए गए विकास कार्यों का मूल्यांकन करते हुए खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम पचौरी को फटकार लगाते हुए ग्राम में मनरेगा योजना अंतर्गत कराए गए कार्यों को देखते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम पचौरी को कड़ी चेतावनी देते हुए गांव में कराए गए कार्यों के दस्तावेजों को चेक किया। अभिलेखों को दुरुस्त कराकर रखने के निर्देश दिये। जन चौपाल में गांव के आए हुए ग्रामीणों को गांव में कराए जा रहे कार्यों को गाइड फाइल से पढ़कर सुनाया गया।

# महाशिवरात्रि पर्व आज, शिवालयों में कांवड़िए करेंगे जलाभिषेक

**फतेहपुर।** महाशिवरात्रि का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ जिले भर में कल मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को आज प्रशासन द्वारा अंतिम रूप दिया गया। शिवालयों में जहां आवश्यक साज-सज्जा का काम पूरा हो गया है वहीं बैरीकेटिंग लगाए जाने का काम भी देर शाम तक पूरा हो जाएगा। मंदिरों व मेला स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम भी रहेंगे। जिससे आने-जाने वाले श्रद्धालुओं व कांवरियों को किसी तरह की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कल कांवरिए गंगा से जल लाकर शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे।

शहर के तांबेश्वर मोहल्ला स्थित शिवपीठ तांबेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के दिन दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आज जमा होगी। आस्था में सराबोर होकर बड़ी संख्या में दूर दराज से श्रद्धालु एकत्र होकर दर्शन के लिए आएंगे। वही बड़ी संख्या में श्रद्धालु लेटकर भी परिक्रमा के लिए आएंगे। श्री शक्तिपीठ तांबेश्वर मंदिर समेत अन्य मंदिरों के आसपास मेले का आयोजन भी होगा। पर्व के दिन श्रद्धालु मंदिर में स्थापित शिवलिंग का जलाभिषेक व दूध अभिषेक कर पूरी श्रद्धा से पूजा-पाठ करेंगे। मंदिर के आस-पास आयोजित होने वाले मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगेगी।

महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए पर्व से पहले ही नगर पालिका परिषद ने मंदिर मार्ग पर साफ-सफाई का विशेष अभियान शुरू कर दिया था। जिसको आज अंतिम रूप दिया गया। इतना ही नहीं मंदिर में चल रहे साज-सज्जा के काम को भी पूरा कर लिया गया है। श्रद्धालुओं में बड़ी संख्या में महिलाओं व बच्चों की सुविधाओं को देखते हुए दर्शन करने के लिए अलग-अलग लाइनों को लगाने के लिए बैरीकेट्स लगाए गए हैं। पर्व पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी अपनी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त कर ली हैं। मंदिर के साथ-साथ मेला स्थल पर महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी। पुलिस अराजकतत्वों पर भी निगाह बनाए रहेगी।

# अक्रियाशील एएनएम संगिनियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**जिलाधिकारी** चांदनी सिंह की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विकसित किये गये ई-कवच पोर्टल पर सूचना अंकन का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आशा एएनएम तथा सीएचओ अपने अपने कार्यक्षेत्रों के 1-1 बच्चें, गर्भवती महिलाओं तथा परिवारों की समस्त सूचनायें पोर्टल पर फीड करें तथा न्यूनतम प्रगति वाली 3-3 आशा, एएनएम तथा सीएचओ को जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रत्येक माह बुलाया जायेगा इसके अतिरिक्त अक्रियाशील आशाओं तथा संगिनियों के विरुद्ध कार्यवाही भी अमल में लाई जायेगी। यह कार्य अत्यंत संवेदनशील तथा कुशलता के द्वारा किये जाने की आवश्यकता है। ब्लाक स्तर पर प्रत्येक 15 दिन में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व अधीक्षक आशावार प्रगति की समीक्षा करें। प्रशिक्षण के दौरान जनपद के प्रत्येक ब्लाक से 1 सीएचओ 1 एएनएम 2 आशा संगिनी तथा 5 आशा कुल 90 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्यत: वीएचआईआर फीडिंग नियमित टीकाकरण की फीडिंग तथा आभा आईडी बनाये जाने के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक पीपीटी तथा वीडियो क्लिप द्वारा बताया गया साथ ही अन्य प्रोग्रामों की रिपोर्टिंग के तरीकों के वारे में भी बताया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा द्वारा भी समस्त निर्देशों का अनुपालन करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षक अतीफ खान मण्डलीय अनुश्रवण एवं मूल्याकन अधिकारी द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षत किया गया।

# नहीं थम रहा वक्फ बोर्ड संबंधी विवाद

**मौदहा,** हमीरपुर। नगर स्थित वक्फ बोर्ड 81 का मामला अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिसमें लम्बे समय तक काबिज रहे दूसरे पक्ष के लोगों की जांच कराने वाले समाजसेवी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए विपक्षियों पर आरोप लगाया है कि वह उन पर कभी भी जानलेवा हमला करा सकते हैं, इस बात की पुष्टि शिकायतकर्ता ने तब की जब विपक्षियों के घरों से दूसरे प्रदेश के अज्ञात दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ शुरू कर दी है।

पूरा मामला नगर के उपरौस मोहल्ले का है जहां स्थित वक्फ बोर्ड 81 में एक पक्ष के सुलेमान आदि लम्बे समय तक सचिव नियुक्त रहे तो तत्कालीन सचिव द्वारा वक्फ बोर्ड में की गई अनियमितताओं की जांच वहीं के समाजसेवी रफीकुद्दीन उर्फ पिंटू ने कराते हुए कमेटी को भंग कराने की सिफारिश करते हुए नई कमेटी गठित कराने की सिफारिश की थी,जिस पर शासन ने तत्कालीन सचिव वक्फ बोर्ड 81 की विशेष कमेटी गठित कर जांच कराई थी तथा अनियमितताओं के घेरे में आने के बाद नयी कमेटी गठित कर दी थी, जिसके बाद से ही अपना वर्चस्व कायम करने की भरपूर कोशिश दोनों पक्षों की ओर से की जाती रही है तथा नये नये तरीकों से एक दूसरे को फंसाने का दौर चलता रहा है। इस मामले में नया मोड़ उस वक्त आ गया जब तत्कालीन सचिव सुलेमान के पुत्र अरशद मुकीम के घर से दूसरे प्रांत के दो अज्ञात युवकों को पुलिस ने दबोच लिया और वह पुलिस को संतोषजनक जवाब नहीं दे सके तभी पीड़ित रफीकुद्दीन ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि उक्त विपक्षियों ने पूर्व में भी पीड़ित को एक साजिश रच कर फंसाने का प्रयास किया था जिसमें विवेचना पर वह निर्दोष साबित हो गया था और उक्त मामले की साज़िश रचने वाले ही मनगढ़ंत कहानी बनाने वाले जांच के दायरे में आकर फरार चल रहे हैं, तथा उनके द्वारा एलानिया पीड़ित का दो तीन दिन में काम तमाम करने की बात कही जा रही है।

# ट्रक लूट कांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में हुआ गिरफ्तार

● **मौके से पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस, 3 खोखा कारतूस और 2500 रुपये भी बरामद**

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**लगभग** तीन माह पूर्व बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर चालक व परिचालक को बंधक बनाकर 40 हजार रुपये समेत ट्रक को लूटे जाने के मामले में पुलिस ने 50 हजार के इनामी घटना के मुख्य आरोपी को मुठभेड़ के दौरान पकड़ा। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी। वहीं, एक पुलिस कर्मी भी घायल हुआ। पुलिस ने मौके से चोरी हुई कार, एक पिस्टल व 2500 रुपये बरामद किए। मुठभेड़ के बाद एसपी भी मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम की सराहना की।

बीती 11 नवंबर को झांसी के चिरगांव से एक ट्रक मूंगफली लादकर फर्रुखाबाद के अल्लागंज अनलोडिंग करने के लिए गया था। ट्रक में चालक मध्यप्रदेश के दतिया निवासी रामकिशोर एवं परिचालक दतिया के गुजर्रा निवासी कल्याण थे। अल्लागंज में ट्रक को खाली कर वह भाड़ा लेकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से वापस झांसी लौट रहे थे। सुबह करीब 4 बजे जब उनका ट्रक छिरिया सलेमपुर के पास किमी संख्या 205 पर पहुंचा। तभी पीछे से आ रहे कार सवार बदमाशों ने कार को ट्रक के आगे खड़ा कर ट्रक को रोककर चालक व परिचालक को बंधे बनाकर कार में डाल लिया। कार में उनकी मारपीट कर भाड़े के 40 हजार रुपये छीन लिए और दोनों को औरैया की ओर पारेन गांव के पास चलती कार से फेंक दिया था। साथ ही बदमाश ट्रक लेकर औरैया की ओर भाग गए थे।

उक्त मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया था। जबकि घटना का मुख्य आरोपी भूरी जाटव उर्फ श्रीकृष्ण निवासी नगला छाता थाना वैदपुरा जनपद इटावा घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। शुक्रवार की सुबह जालौन पुलिस व एसओजी टीम को सूचना मिली कि उक्त आरोपी कार से जालौन से बंगरा की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही बुंदेलखंड एक्सप्रेस के पास एसओजी प्रभारी योगेश पाठक, कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी व पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दी। दोपहर लगभग डेढ़ बजे पुलिस टीम को देखकर कार लेकर आ रहा भूरी कार लेकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की सर्विस लेन पर कोंच की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया तो सर्विस लेन से निकले संपर्क मार्ग पर उसकी कार पेड़ से टकरा गई। कार से निकलकर उसने पुलिस टीम पर फायर किया तो जबाव में पुलिस ने भी फायर किए। जिसमें पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी। वहीं मुठभेड़ के दौरान एक पुलिस कर्मी भी घायल हुआ।

मुठभेड़ की सूचना एसपी डॉ. ईरज राजा को दी गई। जिसके बाद एसपी भी मौके पर पहुंचे। एसपी ने बताया कि उक्त आरोपी पर पहले 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। जिसे कुछ दिन पूर्व बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया गया था। पुलिस ने मौके से पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस, 3 खोखा कारतूस और 2500 रुपये भी बरामद किए।

# कैबिनेट मंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निवेश पर किया मंथन

**संवाददाता।** फतेहपुर

**ग्लोबल** इन्वेस्टर्स समिट निवेश मंथन कार्यक्रम शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने की। उन्होने एमओयू की समीक्षा करते हुए अधिकारियों का आहवान किया कि उद्योग लगने से ही जनपद का विकास संभव है। इसलिए उद्यामियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जाये। मंथन कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि जिले में कुल इंटेंट 2527 करोड़ (112 आवेदन) प्राप्त हुए हैं। जिसमें जनपद में कुल एमओयू 2501 करोड़ के (107 आवेदन) सम्मिलित हैं। जिसमें एमएसई विभाग के कुल इंटेन्ट 850.5 करोड़ के (59 आवेदन) हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद में जिन उद्यमियों ने एमओयू उद्योग लगाने व बढ़ाने के लिए आवेदन किये गए हैं उनके उद्योगों को धरातल पर उतरने के लिए जो समस्याएं आ रही हैं उनके निराकरण के लिए हरसंभव मदद की जाये। उद्योग से ही जनपद का विकास संभव है। उद्योग लगाने के लिए बैंकों से जिन उद्यमियों को ऋण की आवश्यकता है उनका सकारात्मक सहयोग करते हुए नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए ऋण मुहैया कराया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद में औद्योगिक क्षेत्रों में यदि मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, सड़क आदि की आवश्यकता है तो उसका स्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करें। जिससे उन औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया जा सके। औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योग के लिए खाली पड़े प्लाटों को उद्यमियों के लिए आवंटित किया जाए। इस अवसर पर विधायक खागा कृष्णा पासवान, विधायक बिन्दकी जयकुमार जैकी, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक अयाह शाह मौजूद रहे।

# गुब्बारा निजी कंपनियों या अनुसंधान से संबंधित : बाइडन

**● नष्ट की गईं तीन संदिग्ध वस्तुओं के चीनी जासूसी गुब्बारा कार्यक्रम से संबंध का संकेत नहीं**

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने बताया कि अमेरिका और कनाडा के हवाई क्षेत्र में इस महीने नष्ट की गईं तीन संदिग्ध वस्तुओं के चीनी जासूसी गुब्बारा कार्यक्रम से संबंध का कोई संकेत नहीं मिला है और ये वस्तुएं संभवतः निजी कंपनियों या अनुसंधान संस्थानों से संबंधित थीं। साउथ कैरोलाइना में अटलांटिक महासागर के तट पर एक चीनी गुब्बारे को मार गिराए जाने के बाद बाइडन ने व्हाइट हाउस में अपने पहले संबोधन में कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने तीन अन्य वस्तुओं को मार गिराया जिनमें दो को अमेरिका और एक को कनाडा में नष्ट किया गया। चीनी गुब्बारे को मार गिराने के मद्देनजर चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ने बीजिंग के साथ संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। बाइडन ने अमेरिका और कनाडा के हवाई क्षेत्र में इस महीने नष्ट की गईं तीन संदिग्ध वस्तुओं का जिक्र करते हुए कहा, अमेरिका और कनाडा की सेना मलबे को प्राप्त करने का प्रयास कर रही है ताकि वे इन तीन वस्तुओं के बारे में और जान सकें। खुफिया समुदाय अब भी तीनों घटनाओं का आकलन कर रहा है। हम अब तक ठीक से नहीं जानते कि ए तीन वस्तुएं क्या थीं। अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि क्या वे चीन के जासूसी गुब्बारे कार्यक्रम से संबंधित थीं या वे किसी अन्य देश के निगरानी यान थे। बाइडन ने कहा, खुफिया समुदाय का फिलहाल यही अनुमान है कि ए तीन वस्तुएं संभवतः ऐसे गुब्बारे थीं, जिनका संबंध निजी कंपनियों, मनोरंजन या मौसम का अध्ययन करने वाले या अन्य वैज्ञानिक अनुसंधान करने वाले अनुसंधान संस्थानों से था। मैंने शुरुआत से ही कहा है कि हमें चीन के साथ प्रतिस्पर्धा चाहिए न कि संघर्ष। हम नया शीत युद्ध नहीं चाहते। हम प्रतिस्पर्धा करेंगे। हम जिम्मेदारी के साथ इस प्रतिस्पर्धा को अंजाम देंगे ताकि यह संघर्ष में नहीं बदले। बाइडन ने चीनी गुब्बारे को नष्ट किए जाने के मद्देनजर कहा, यह प्रकरण हमारे राजनयिकों और हमारे सैन्य पेशेवरों के बीच खुले संवाद को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करता है। हमारे राजनयिक आगे भी संवाद में शामिल होंगे और मैं भी (चीन के) राष्ट्रपति शी (चिनफिंग) के साथ संवाद बनाए रखूंगा। मैं हमारे खुफिया, राजनयिक और सैन्य पेशेवरों के पिछले कई हफ्तों में किए कार्य के लिए उनका आभारी हूं, जिन्होंने एक बार फिर साबित किया है कि वे दुनिया में सबसे सक्षम हैं। उन्होंने चीनी निगरानी गुब्बारों को जल्द से जल्द मार गिराने का आदेश दिया था, क्योंकि यह सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी था। सेना ने इसके विशाल आकार को देखते हुए इसे जमीनी क्षेत्र के ऊपर मार गिराने से बचने की सलाह दी थी जो कई स्कूल बस के आकार के बराबर था और अगर इसे थल क्षेत्र के ऊपर मार गिराया जाता तो यह जमीन पर मौजूद लोगों के लिए खतरा हो सकता था। इसके बजाय हमने इसकी बारीकी से निगरानी की, हमने इसकी क्षमताओं का विश्लेषण किया और हमने इसके बारे में और जानकारी जुटाई कि यह कैसे काम करता है।

## ताइवान में चीनी गुब्बारा मिलाः ताइवानी रक्षा मंत्रालय



ताइपे, 17 फरवरी (एपी) दुनिया के कई देशों में चीन द्वारा संदिग्ध जासूसी गुब्बारे भेजे जाने के अमेरिका के आरोपों के बीच ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि एक चीनी गुब्बारा उसके एक द्वीप पर मिला है। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि गुब्बारे में चीन के ताइयुआन शहर में एक सरकारी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी का पंजीकृत उपकरण है। उसने बताया कि यह गुब्बारा मत्सु द्वीप के तुंगयिन में चीन के फुजियान प्रांत के तट के पास मिला। गृहयुद्ध के बीच 1949 में चीन से अलग होने के बाद ताइवान ने द्वीपों पर अपना नियंत्रण बनाए रखा और यदि चीन ताइवान को अपने अधीन लाने के लिए हमला करता है, तो ऐसा माना जाता है कि ए द्वीप पहली रक्षा पंक्ति का काम करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि रिपोर्ट में जिस ताइयुआन वायरसेल (रेडियो) फर्स्ट फैक्ट्री लिमिटेड की पहचान की गई है, उसके एक प्रवक्ता लियू ने फोन पर बताया कि कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मुहैया कराए थे, लेकिन उसने गुब्बारा नहीं बनाया।

# आने वाले समय में हिंदी का महाकुंभ बनेगा विश्व हिंदी सम्मेलनः जयशंकर

**भाषा।** नांदी (फ़िजी)



**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने उम्मीद जताई है कि विश्व हिंदी सम्मेलन आने वाले समय में हिंदी का महाकुंभ बनेगा और हिंदी को विश्व भाषा बनाने में लगे हिंदी प्रेमियों को महत्वपूर्ण मंच उपलब्ध कराएगा।

जयशंकर ने यहां आयोजित 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी को विश्व भाषा बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ज़रूरी है कि सभी हिंदी प्रेमी मिलजुल कर काम करें। फ़िजी के इस प्रमुख शहर में 15 से 17 फ़रवरी तक तीन दिन चले सम्मेलन में तीस से अधिक देशों के एक हज़ार से अधिक हिंदी विद्वानों व लेखकों ने भाग लिया। समापन समारोह में फ़िजी के उप प्रधानमंत्री बिमान प्रसाद भी मौजूद थे और उन्होंने सम्मेलन को फ़िजी के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सितवेनी रबूका के नेतृत्व वाली सरकार देश में हिंदी को मज़बूत करने के लिए सभी संभव कदम उठा रही है। अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने टिप्पणी की कि पिछले 10-15 वर्षों में हिंदी को यहां कमजोर करने की कोशिशें की गईं। जयशंकर ने उम्मीद जताई कि विश्व हिंदी सम्मेलन आगामी समय में हिंदी का महाकुंभ बन कर उभरेगा और हिंदी को विश्व भाषा बनाने की कोशिशों में जुटे हिंदी प्रेमियों को महत्वपूर्ण मंच उपलब्ध कराएगा। जयशंकर ने फ़िजी नेतृत्व से बुधवार को हुई चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री रबूका को आश्वस्त किया है कि भारत फ़िजी के साथ सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूती देने के लिए कदम उठाएगा। जयशंकर ने खुलासा किया कि प्रधानमंत्री रबूका ने दोनों देशों के बीच दोस्ती की तुलना के लिए सत्तर के दशक में आई बॉलीवुड की बेहद लोकप्रिय फ़िल्म शोले का जिक्र किया। विदेश मंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री रबूका ने उन्हें बताया कि शोले उनकी सबसे पसंदीदा फिल्म है और उसका गाना ए दोस्ती, हम नहीं तोड़ेंगे .... उन्हें विशेष रूप से प्रिय है।

जयशंकर ने सम्मेलन में भाग लेने वालों का आभार प्रकट करते हुए ट्वीट किया, दुनिया भर से 12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ़िजी आए हिन्दी के विद्वानों और हिन्दी प्रेमियों से मिलकर अच्छा लगा। हिन्दी के प्रति उनका प्रेम और इसके प्रचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उल्लेखनीय है। उन्होंने इस समारोह में शामिल होने के लिए फ़िजी के राष्ट्रपति रातू विलीमे कटोनिवेरी, प्रधानमंत्री सितवेनी रबूका और उप्र प्रधानमंत्री प्रसाद समेत फिजी सरकार का आभार व्यक्त किया।

## जर्मनीः हवाईअड्डा कर्मियों की हड़ताल के कारण हजारों उड़ानें रद्द

**बर्लिन।** जर्मनी में वेतन में वृद्धि की मांग को लेकर कर्मचारियों द्वारा कार्य बहिष्कार किए जाने के बाद हवाई अड्डों पर हजारों उड़ानों को रद्द कर दिया गया। फ्रैंकफर्ट, म्यूनिख और हैम्बर्ग समेत सात जर्मन हवाई अड्डों पर हड़ताल के चलते करीब 300,000 यात्रियों को परेशानी हुई और विभिन्न एयरलाइन को 2300 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। वेर्दी लेबर यूनियन के क्रिस्टीन बेहले ने सरकारी प्रसारक आरबीबी-इंफोरेडियो से कहा कि कर्मचारियों के साथ अर्थपूर्ण समझौता नहीं होने पर जर्मन हवाई अड्डों पर गर्मियों में अस्त-व्यस्त स्थिति हो जाएगी।

## सुसान वोज्स्की का यूट्यूब के सीईओ पद से इस्तीफा नील मोहन होंगे नए प्रमुख

**न्यूयॉर्क।** पिछले नौ वर्षों से वैश्विक ऑनलाइन वीडियो-शेयरिंग और सोशल मीडिया मंच का नेतृत्व करने वाली यूट्यूब की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुसान वोज्स्की ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है और उनका स्थान भारतीय मूल के अमेरिकी नील मोहन लेंगे। वोज्स्की (54) ने अपने ब्लॉग पोस्ट में कहा कि वह परिवार, अपने स्वास्थ्य और व्यक्तिगत जीवन पर ध्यान केंद्रित करेंगी। वोज्स्की गूगल की शुरुआती कर्मचारियों में से थी। वर्ष 2014 में वह यूट्यूब की सीईओ बनी थी।

## जापान ने मिसाइल सेंसर ले जाने वाले नए रॉकेट का प्रक्षेपण रोका

**तोक्यो।** जापान की अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को सहायक बूस्टर इंजन चालू नहीं होने के कारण अगली पीढ़ी के अपने रॉकेट एच3 का प्रक्षेपण रोक दिया। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने कहा कि अवलोकन उपग्रह और मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाने के लिए एक प्रायोगिक सेंसर ले जा रहे रॉकेट का मुख्य इंजन पहले ही शुरू हो चुका था। एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर मसाशी ओकाडा ने एक संवाददाता सम्मेलन में आंसू पोंछते हुए कहा, मुझे पता है कि बहुत से लोग इस दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे। मुझे खेद है। हम भी बहुत दुखी और निराश महसूस कर रहे हैं। ओकाडा ने कहा, हम जितनी जल्दी हो सकेगा, कारण की जांच करेंगे और फिर से प्रयास करेंगे।

## भारत के चार पूर्व थल सेना प्रमुख पहुंचे नेपाल

**काठमांडू।** भारत के चार पूर्व थल सेना प्रमुख नेपाली सेना के 260 वें स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को नेपाल पहुंचे। मीडिया ने यह जानकारी दी। नेपाल की सरकारी समाचार एजेंसी आरएसएस ने खबर दी है कि पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल विश्वनाथ शर्मा, जनरल जोगिंदर जसवंत सिंह, जनरल दीपक कपूर और जनरल दलबीर सिंह सुहाग काठमांडू में है। नेपाली सेना ने कहा है कि पूर्व थल सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे शनिवार को यहां पहुंचेंगे। ए सभी गणमान्य अतिथि शनिवार को नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी की उपस्थिति में टुंडीखेल में आर्मी पैवेलियन में सेना दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

# यूक्रेन युद्धः सामान्य रूसी सैनिक के लिए पिछले 12 महीनों का क्या मतलब है



**भाषा।** ऐबरिस्टविथ (वेल्स)

**अगर व्लादिमीर** पुतिन ने उम्मीद के मुताबिक इस वसंत में यूक्रेन में एक नया हमला शुरू किया, तो इसकी सफलता या असफलता की कुंजी सामान्य रूसी सैनिकों के हाथ में होगी।मास्को ने पिछले 12 महीनों में इन सैनिकों के बारे में बहुत कम विचार किया है। फरवरी 2022 में जिन सैनिकों को यह बताया गया था कि वे नियमित अभ्यास पर जा रहे हैं, उन्होंने खुद को यूक्रेन में युद्ध लड़ते हुए पाया। रूस ने अपने कानूनों को ताक पर रखते हुए बहुत कम प्रशिक्षित रंगरूटों को युद्ध में भेजा। ऐसे नागरिक, जिन्हें बीमारियां थीं और जिन्हें सैन्य सेवा से अयोग्य घोषित दिया जाना चाहिए था, उन्हें बुलाया गया और वर्दी पहना दी गई। और युद्धकालीन सेवा के लिए जुटाए गए लोगों से कहा गया कि वे अपनी चिकित्सा आपूर्ति स्वयं लाएं क्योंकि मोर्चे पर इसकी भारी कमी है। यूक्रेन की सेना ने रूस के सैनिकों की वर्दी में ऐसे भयभीत किशोरों को देखा, जो पकड़े जाने पर रोते हैं, वहीं ऐसे लोग भी थे जो जिनेवा सम्मेलनों की परवाह किए बिना नागरिकों और युद्ध के कैदियों को क्रूरतापूर्वक यातना देते हैं, बलात्कार करते हैं और मारते हैं। रूस के सैनिक दुर्जेय लड़ाकू बल से बहुत अलग हो गए हैं, जिसकी कई लोगों ने एक साल पहले उम्मीद की थी।बेशक, जनशक्ति की गुणवत्ता और मात्रा उन कई कारकों में से एक है जो रूस को इस युद्ध को जारी रखने के तरीके को आकार देगा, जिसमें इसके कमांडरों की यूक्रेन के पश्चिमी समर्थकों द्वारा उसे दिए जा रहे हथियारों की अधिक रेंज और मारक क्षमता की भरपाई करने के लिए अपनी रणनीति को समायोजित करने की क्षमता भी शामिल है। अपनी स्वयं की आपूर्ति, विशेष रूप से गोला-बारूद की भरपाई करने में रूस की सफलता की डिग्री भी उन हमलों की तीव्रता को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होगी जो मास्को यूक्रेनी नागरिकों और सैनिकों के खिलाफ समान रूप से बनाए रखने में सक्षम है।हालाँकि, सितंबर 2022 में सशस्त्र बलों के लिए 300,000 पुरुषों की आंशिक लामबंदी की घोषणा से पता चलता है कि रूस युद्ध में अपने पारंपरिक लाभों में से एक पर बहुत अधिक भरोसा करने की योजना बना रहा है और वह लाभ है युद्ध में भारी संख्या में सैनिकों को झोंककर प्रतिद्वंद्वी को हैरान करने की क्षमता। लेकिन सवाल यह है कि क्या रूस इस घातक युद्ध में लड़ने के लिए बड़ी संख्या में अपने लोगों को जुटाना जारी रख पाएगा? हाल के अमेरिकी अनुमान बताते हैं कि पिछले एक साल में लगभग 200,000 रूसी सैनिक यूक्रेन में मारे गए या घायल हुए हैं।

### सैन्य सेवा के प्रति दृष्टिकोण

एक स्वतंत्र और अत्यधिक सम्मानित रूसी अनुसंधान संगठन, लेवाडा सेंटर द्वारा नवंबर 2022 में किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि सर्वेक्षण में शामिल 49ः रूसी इस बात से सहमत हैं कि हर खालिस आदमी को सेना में सेवा करनी चाहिए। ओपिनियन पोल कभी भी इस बात की सही समझ नहीं देते हैं कि लोग वास्तव में क्या सोचते हैं, और रूस में सर्वेक्षण के बारे में सतर्क रहने के कई कारण हैं क्योंकि यूक्रेन में युद्ध के खिलाफ विरोध करना या सेना को बदनाम करना अवैध हो गया है। हालांकि, लेवाडा केंद्र 1997 से नियमित रूप से इस सर्वेक्षण का आयोजन कर रहा है और परिणाम उल्लेखनीय रूप से स्थिर रहे हैं। पिछले 25 वर्षों में इन परिणामों की निरंतरता से पता चलता है कि पुतिन शक्तिशाली सांस्कृतिक मान्यताओं और सामाजिक मानदंडों का दोहन कर रहे हैं, जब उन्होंने रूस के सैकड़ों हजारों लोगों को यूक्रेन में लड़ने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने का आह्वान किया।

# तुर्किए का अंताक्या पहले भी शक्तिशाली भूकंपों से उजड़ा और फिर बसा है

**भाषा।** नॉक्सविल (अमेरिका)

**छह फरवरी, 2023** को अंताक्या में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप के बाद दक्षिणी तुर्की और उत्तरी सीरिया में हजारों लोग मारे गए हैं और लाखों लोग बेघर हो गए हैं। लेकिन रोमन और मध्ययुगीन काल में एंटिओक के रूप में पहचाने जाने वाले इस शहर में पहले भी ऐसा हुआ है।

चौथी शताब्दी के अंत में रोमन दुनिया में, एक शक्तिशाली भूकंप ने तुर्किए और सीरिया की सीमा को हिला दिया था। भूकंप के दो दिन बाद ईसाई उपदेशक जॉन क्राइसोस्टॉम ने अपने उजड़े हुए शहर एंटिओक के डरे-सहमे लोगों को एक उपदेश दिया, जो हालिया भूकंप में अपना सब कुछ गंवाने वाले लोगों जैसे ही विचलित थे। उन्होंने कहा ̎आपकी रातों की नींद उड़ चुकी है, और आपका घरबार एक मकड़ी के जाले से भी ज्यादा आसानी से टूट चुका है। ... थोड़े समय के लिए आप मनुष्य के बदले देवदूत बन गए हो। बाद की रोमन दुनिया में ईसाई धर्म के एक इतिहासकार के रूप में, एंटिओक के ईसाईकरण पर मेरा शोध मुझे 2006, 2008 और 2010 में इस क्षेत्र में ले गया, और मेरा दिल उस क्षेत्र की हालत देखकर टूट रहा है जहां उस समय लोगों ने इतनी उदारता से मेरा स्वागत किया था। हालांकि, यह अंतक्या के समृद्ध इतिहास और इसके लोगों के लचीलेपन और साहस को जानने में मदद करता है, जिन्होंने पहले भी शहर का पुनर्निर्माण किया है। समय की तहें : शहर ने अपने लंबे इतिहास और उल्लेखनीय धार्मिक विविधता में कई शासकों को जाना है। यहूदी, ईसाई और मुस्लिम समुदायों ने प्राचीन काल से लेकर आज तक अंताक्या को अपना घर कहा है। नए परिवेश में, अंताक्या वह स्थान है जहाँ ईशु के अनुयायियों को सबसे पहले ̎क्रिश्चियंस̎ कहा गया था। रोमन सम्राट अक्सर समशीतोष्ण महानगरों में सर्दियाँ बिताते थे।

## ब्रिक्स देशों के बीच सद्भावना का पैमाना है दक्षिण अफ्रीका से चीतों को भारत भेजा जानाः अधिकारी

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**दक्षिण अफ्रीका** से ऐतिहासिक रूप से 12 चीते भारत भेजे जाना इन दोनों ब्रिक्स देशों के बीच सद्भावना का एक पैमाना है। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह बात कही है। भारत ने मूल रूप से 2022 के मध्य तक चीतों को देश में लाने की योजना शुरू की थी, लेकिन दोनों सरकारों के बीच एक सहमति पत्र को अंतिम रूप देने में देरी के कारण ऐसा नहीं हो पाया। फिलहाल इन चीतों को लिंपोपो प्रांत में एक रिजर्व में पृथक रखा गया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के महानिरीक्षक डॉ. अमित मलिक ने कहा, यह एक ऐतिहासिक सहमति पत्र (एमओयू) है।

# उ.कोरिया ने द.कोरिया-अमेरिका के सैन्य अभ्यास का अप्रत्याशित जवाब देने की धमकी दी

**भाषा।** सियोल

**दक्षिण कोरिया** और अमेरिका द्वारा संयुक्त सैन्य अभ्यास की घोषणा किए जाने के कुछ ही देर बात उत्तर कोरिया ने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अप्रत्याशित कड़ी कार्वाई करने की शुक्रवार को धमकी दी। इससे पहले दक्षिण कोरिया ने घोषणा की कि वह और अमेरिका, उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु हथियारों के संभावित इस्तेमाल की स्थिति में अपनी संयुक्त प्रतिक्रिया पर विचार करने के लिए सैन्य अभ्यास करेंगे। उत्तर कोरिया ने एक जनवरी को कम दूरी की मिसाइल के परीक्षण के बाद से हथियार परीक्षण की कोई गतिविधि नहीं की है, लेकिन 2022 में उसने 70 से अधिक मिसाइल का परीक्षण किया था। यह किसी एक साल में उत्तर कोरिया द्वारा प्रक्षेपित की गई मिसाइल की रिकॉर्ड संख्या है। उत्तर कोरिया द्वारा शुक्रवार को दी गई चेतावनी का अर्थ है कि वह अपनी परीक्षण गतिविधियों को अपने प्रतिद्वंद्वियों के सैन्य अभ्यास के बाद फिर से आरंभ कर सकता । उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि यदि अमेरिका और दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यास की अपनी पहले से घोषित योजना को अमल में लाते हैं, तो उत्तर कोरिया उसके जवाब में अप्रत्याशित, लगातार एवं कड़ी प्रतिक्रिया देगा। बयान में दावा किया गया है कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका 20 से अधिक दौर के सैन्य अभ्यास की योजना बना रहे हैं। इसने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बारे में कहा कि वे क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता को बाधित करने वाले कट्टर-अपराधी हैं। दक्षिण कोरिया और अमेरिका का कहना है कि उसके सैन्य अभ्यास रक्षात्मक होते हैं। इससे पहले दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय रक्षा नीति के उप मंत्री हेओ ताए-क्यून ने कहा कि सियोल और वाशिंगटन मार्च के मध्य में एक वार्षिक कंप्यूटर-सिम्युलेटेड संयुक्त अभ्यास करेंगे।

# वैश्विक मंच पर नेतृत्व करने की अमेरिकी क्षमता को लेकर आशान्वित हूंः रिचर्ड वर्मा

**भाषा।** वाशिंगटन



**भारतीय** मूल के अमेरिकी एवं भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा ने कहा है कि दुनिया में आज चुनौतियों की कमी नहीं है और वह वैश्विक मंच पर नेतृत्व करने की अमेरिका की क्षमता को लेकर आशान्वित हैं। वर्मा (54) ने प्रबंधन एवं संसाधन के लिए अमेरिका के उप विदेश मंत्री पद पर अपनी नियुक्ति की पुष्टि संबंधी सुनवाई के दौरान सीनेट की विदेश मामलों की समिति के सदस्यों के समक्ष बृहस्पतिवार को यह कहा। यदि इस पद के लिए वर्मा के नाम की पुष्टि हो जाती है, तो वह विदेश मंत्रालय में सबसे ऊंचे ओहदे वाले भारतीय अमेरिकी होंगे। प्रबंधन एवं संसाधन के लिए अमेरिका के उप विदेश मंत्री को विदेश मंत्रालय के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के रूप में भी जाना जाता है। वर्मा ने कहा, दुनिया के सामने आज चुनौतियों की कमी नहीं है। यूक्रेन में युद्ध से लेकर, महाशक्ति बनने को लेकर नए सिरे से प्रतियोगिता और अंतरराष्ट्रीय खतरों के बदलते स्वरूपों तक कई चुनौतियां हैं। इनसे कोई भी आसानी से हतोत्साहित हो सकता है, लेकिन उम्मीद की एक किरण है। मैं वैश्विक मंच पर नेतृत्व करने की अमेरिका की क्षमता को लेकर वास्तव में बहुत आशावान हूं। वर्मा ने सांसदों से कहा कि वह करदाताओं के डॉलर का लगातार प्रबंधन और निगरानी करेंगे। सीनेटर बेन कार्डिन ने वर्मा का परिचय कराते हुए समिति से कहा, रिचर्ड के पिता प्रोफेसर कमल वर्मा, जो हमारे साथ आज यहां है, वह एक अमेरिकी प्रवासी की सफलता का सटीक उदाहरण हैं। वह 1963 में 14 डॉलर और बस का एक टिकट लेकर अमेरिका आए थे। उनके पास और कुछ नहीं था। परिवार नहीं था। किसी की मदद नहीं थी। इसके बावजूद वह जॉनस्टाउन स्थित पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बने, जहां उन्होंने अंग्रेजी और दक्षिण एशियाई साहित्य के विद्वान के रूप में 43 वर्षों तक पढ़ाया।

# नर व्हेल ने मादा से अपने मिलाप की रणनीति में किया बदलाव

**● ऑस्ट्रेलियाई हंपबैक व्हेल कम गा रही हैं और अधिक लड़ रही हैं। क्या हमें चिंतित होना चाहिए?**

**भाषा।** ब्रिस्बेन



**पूर्वी ऑस्ट्रेलियाई** हम्पबैक व्हेल की आबादी पिछले कुछ वर्षों में ठीक हो गई है। नए शोध में पता चला है कि नर व्हेल ने मादा से अपने मिलाप की रणनीति को अत्यधिक रणनीतिक तरीके से अनुकूलित किया है। मैंने 1997 से 2015 तक एकत्र किए गए ऑस्ट्रेलियाई हम्पबैक (मेगाप्टेरा नोवाएंग्लिया) पर 123 दिनों के डेटा का विश्लेषण किया, और पाया कि व्हेल की आबादी जैसे जैसे बढ़ रही है अब नर हंपबैक कम गाते हैं और अधिक लड़ते हैं। हमें लगता है कि व्यवहार में यह बदलाव इसलिए है क्योंकि नर व्हेल नहीं चाहते कि उनकी साथी किसी अन्य नर को आकर्षित करे, कम्युनिकेशंस बायोलॉजी में आज प्रकाशित शोध में हमने इसके बारे में बताया है। तेजी से विकास, तेजी से अनुकूलन 1965 के बाद से हंपबैक की आबादी शानदार तरीके से बढ़ी है, जब प्रजातियां विश्व स्तर पर संरक्षित हो गईं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर इनकी आबादी 1960 के दशक में 500 से कम थी और आज इसके कम से कम 30,000 होने का अनुमान है। इस आबादी ने विशेषज्ञों को एक समृद्ध डेटासेट प्रदान किया है। विशेष रूप से नर व्हेल ने अपने आकर्षक गायन के कारण इसमें बड़ा योगदान दिया है। 90 के दशक में यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड के प्रोफेसर माइकल नोअद द्वारा शुरू किए गए काम को आगे बढ़ाते हुए, हमने यह जांच करने का निर्णय किया कि पूर्वी हंपबैक ने बढ़ी हुई संख्या के प्रति खुद को कैसे अनुकूलित किया है। हमारे लिए अच्छी बात यह थी कि ए व्हेल समुद्र तट के करीब प्रवास करती हैं, इसलिए हम सनशाइन तट पर एक छोटे से तटीय शहर, पेरेजियन बीच पर एक भूमि-आधारित अवलोकन स्टेशन स्थापित करने में सक्षम थे। किनारे पर स्वयंसेवकों ने अलग-अलग व्हेल को ट्रैक करने में हमारी मदद की, क्योंकि वे तट से आगे चली गईं, जबकि एक ध्वनिक सरणी ने अपतटीय व्हेल के गीत को रिकॉर्ड किया और गायन व्हेल को ट्रैक किया। इस पद्धति (जिसे प्रोफेसर नोअद ने सबसे पहले स्थापित किया) ने हमें वास्तविक समय में एक विशेष व्हेल के सटीक स्थान को इंगित करने में मदद दी। एक प्रवृत्ति तब उभरी जब हमारे डेटा को प्रोफेसर नोअद की टीम द्वारा एकत्र किए गए डेटा के साथ जोड़ा गया। जैसे-जैसे पूर्वी हंपबैक व्हेल की आबादी बढ़ती गई, वैसे-वैसे नर व्हेल उतना नहीं गाते थे जितना पहले गाया करते थे। इसके बजाय वे तेजी से चुपचाप एक मादा को साथी के साथ ढूंढने, या अन्य पुरुष प्रतियोगियों से लड़ने में व्यस्त थे। खास बात यह रही कि गीत गाने वाले नर व्हेल का अनुपात 2003-2004 में दस में दो से घटकर 2014-2015 तक दस में केवल एक हो गया। 2003-2004 के डेटा से यह भी पता चलता है कि ऐसे मौके पर नर व्हेल के गाने की संभावना कम थी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Wahida Parveen, W/o. Asad Hussain, R/o. B-28/7, Shaheen Bagh, Okhla, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have declared that my name has been wrongly mentioned in my School record as Vahida Perveen instead of Wahida Parveen.
PD(90271)A

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती रजनी देवी ने गोकलपुरी के आबादी के पास ग्राम जियाउद्दीनपुर, इलाका शाहदरा, दिल्ली में स्थित प्लॉट नंबर 16-ए, ब्लॉक-सी, एरिया परिमाप 100 वर्ग गज, खसरा नंबर 1/80 में से, नोटरीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 29.09.1981 और पंजीकृत पर्ची दिनांक 29.09.1981 (दस्तावेज सं.-17220) बिक्री और वसीयत के नोटरीकृत समझौते के साथ, SROIV दिल्ली में पंजीकृत के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री संदीप कुमार और श्री पंकज उपरोक्त संपत्ति को पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से श्रीमती रजनी देवी से खरीद रहे हैं। और वे उक्त संपत्ति को फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के पास गिरवी रख रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7,बेसमेंट,प्लॉट नंबर सी 78,सेक्टर 2,नोएडा यूपी 201301,ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client i.e Yes Bank Ltd. that Mrs. Kanta Gogia and Mrs. Mitali Gogia are the owners of Residential Property Bearing No. 414 on Plot No.11-12 admeasuring 50 Sq., yds., out of total admeasuring 200 Sq., Yds., situated at Kashmere Bagh Near Chander Shekar Azad Colony Kishan Ganj Delhi by virtue of Sale Deed dated 25.10.2018 (Doc No. 12521). All persons are hereby informed that above mentioned owners want to mortgage the said property and intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its Sale/Mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE

My client, SMT. REKHA W/O GAJENDER SINGH R/O A-3/74 S.S.S Johripur Village Delhi, is owner of property situated in Khasra No. 458 min., village Bahta Hazipur, Pargana and Tehsil Loni, District Ghaziabad vide registered sale deed executed by SH. MAHESH dated 26.07.2019 vide doc. no. 10236 at sub registrar office Loni Ghaziabad. Last chain document of the property i.e. general power of attorney dated-28.12.2017 executed by SH. SURESH S/O LATE SH. VIJAY SINGH in favour of SH. MAHESH S/o SH. SATPAL vide reg no 6037 dated-28.12.2017 SR-IV Sadar Ghaziabad has been lost and in this regard NCR NO. LR NO:157824/2023 has been registered. This property is morgaged with IIFL Home Finance Limited. Any Person/Bank/ Financial Institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the Undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered a/d within 10 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.
Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No. 9811215181

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार पंकज कुमार, प्लाट संख्या-64 क्षेत्र 75 वर्ग गज खसरा संख्या-28/15/2,16/1,25/2गोंछी बल्लभगढ़ फरीदाबाद हरियाणा को लोक नाथ सिंह से खरीद रहे है श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के साथ बंधक रख रहे है. तथा लोक नाथ सिंह के पास प्रापर्टी से संबंधित मूल कागजात 1. बिक्री विलेख सं.9640,डेटेड 28.11.1983,2.बिक्री विलेख संख्या 11376, डेटेड 2.11.1984,3.तपेश्वरी देवी के पक्ष में जीपीए,एटीएस और विल 4.विक्रय विलेख सं. 7208, डेटेड 14.10.1986, तथा उक्त संपत्ति के संबंध सम्पूर्ण बैंक चेन, यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय पंकज कुमार और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति ने उक्त विलेख को पाया है तथा किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे.तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे
एडरेम लिगल सल्यूशन
चैंबर न. ७६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०, द्वारका,नई देहली-७५. म. ९८९९०१३९१८

Public Notice

This is to inform general public that Sh. Kuldeep Singh Memorial Public School & Smt. Bala Dhankhar are the owners of Agriculture Land area measuring 10 Kanal 04 Marla Out of Out of Khasra No. 292/6, 293/1/1 293/10/3 Khasra No. Khewat No. 3623, Khata No. 5/94, Mustatil No. 265 Killa No. 24/1, 24/2, 25/1 Khewat No. 1297 Khata No. 632 Mustil No. 292 Killa No. 5/2, 6 Min North Khewat No. 527, Khata No. 659 Killa No. 292/6 Situated at Under Municipal Corporation Jhajjar Tehsil- Jhajjar Haryana vide Sale Deed dated 12.02.2004, Doc No. 3683 and Sale Deed dated 15.10.1996 Doc. No. 478 and Sale Deed 01.03.1993 Doc No. 2096 and Sale Deed dated 26.04.1995, Doc No. 175.Above said owners have misplaced the Original Sale Deed executed by Sh. Lal Singh, Sh. Dhan Singh & Sh. Om Prakash in favour of Smt. Bala Dhankhar in respect of the Land area measuring 6 Kanal 9 Marla Out of Khasra No. Khewat No. 3623, Khata No. 5/94, Mustatil No. 265 Killa No. 24/1, 24/2, 25/1 Khewat No. 1297 Khata No. 632 Mustil No. 292 Killa No. 5/2, 6 Min North. Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of M/s. Avanse Financial Services Ltd having its office at Building No - 35, First Floor, Motia Khan, Rani Jhansi Road Jhandewalan, Delhi-110055.Above said owners are availing loan on above said property from M/s. Avanse Financial Services Ltd by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री धर्मेंद्र शर्मा ने ग्राम सीलमपुर, गली नंबर 5 की आबादी में, धरमपुरा, गांधी नगर, इलाका शाहदरा, दिल्ली में स्थित छत के अधिकार के साथ, प्लॉट नंबर सी-54, संपत्ति सं. IX-3235, एरिया परिमाप 67 वर्ग गज, खसरा नंबर 126 में से, पंजीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 17.12.2002 (दस्तावेज सं.-47199,) बिक्री और वसीयत के समझौते के साथ, एसआरओ दिल्ली मे पंजीकृत, के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री बलविंदर सिंह और श्री गुरदीप सिंह उपरोक्त संपत्ति को पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से श्री धर्मेंद्र शर्मा से खरीद रहे हैं। और वे उक्त संपत्ति को फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के पास गिरवी रख रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7,बेसमेंट,प्लॉट नंबर सी 78,सेक्टर 2,नोएडा यूपी 201301,ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE

"Notice is hereby given to the public that the medical records, of patients admitted between January, 2014 and December 2015, containing original copy of patients' files that includes investigations, treatment and discharge papers shall be destroyed as per **INDIAN MEDICAL COUNCIL Chapter 1.3** ( Professional Conduct, Etiquette and Ethics Regulations, 2002-amended in December -2009) during condemnation process by 1st April,2023. All persons are hereby informed to take their respective records, if required. If anyone requires these medical records, then the concerned person has to inform the Medical Superintendent in writing at Sahara Hospital within 15 days from publication of this notice".

24x7 helpdesk:
0522-6780001
Viraj Khand, Gomti Nagar, Lucknow

SAHARA HOSPITAL
Curing Through Care
www.saharahospitals.com

# मेघालय में शासन करने वाले दो परिवारों ने गरीबों के पैसे से अपनी तिजोरियां भरीं: शाह

**भाषा।** दालु (मेघालय)

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह** ने शुक्रवार को यहां आरोप लगाया कि मेघालय में लंबे समय तक शासन करने वाले दो परिवारों ने राज्य के लिए कुछ नहीं किया और गरीबों पर खर्च की जाने वाली राशि से अपनी तिजोरियां भर ली। शाह ने वेस्ट गारो हिल्स के दालु प्रखंड में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि समय आ गया है कि मेघालय को इन दो परिवारों से मुक्त किया जाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता में लाया जाए। उन्होंने कहा, वर्षों से, दो परिवारों ने मेघालय में राज किया है। मुकुल संगमा ने कई वर्षों तक राज्य में शासन किया, वहीं कोनराड संगमा का परिवार भी वर्षों



तक सत्ता में रहा। राज्य में कुछ भी नहीं हुआ। इन दोनों परिवारों ने क्या किया?

शाह ने आरोप लगाया, भ्रष्टाचार में शामिल इन दोनों परिवारों ने गरीबों के पैसे से अपनी तिजोरियां भर ली। समय आ गया है कि मेघालय को इन दो परिवारों से मुक्त किया जाए और भाजपा को सरकार में लाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के विकास के लिए केंद्र की ओर से भेजी जा रही राशि कोनराड संगमा सरकार रोक रही है। उन्होंने रैली में मौजूद लोगों से कहा, क्या आपको नहीं लगता कि उन्होंने सालों तक जो भ्रष्टाचार किया, उसकी जांच होनी चाहिए?

असम में भाजपा सरकार द्वारा की गई विकास पहलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अगर भाजपा मेघालय में सत्ता में आती है तो यहां भी वैसा ही विकास होगा। भाजपा राज्य में कोनराड संगमा नीत गठबंधन सरकार का हिस्सा थी और उसने चुनाव से पहले गठबंधन तोड़ दिया और वह विधानसभा की सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। शाह ने लोगों से सरकार बदलने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा राज्य में समृद्धि और विकास सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा, मुकुल संगमा, जो पहले कांग्रेस में थे, अब तृणमूल कांग्रेस को यहां लाए हैं। तृणमूल का पश्चिम बंगाल में शासन है, जहां कट-मनी, सीमा पार घुसपैठ और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। आप बांग्लादेश की सीमा के पास रहते हैं, मुझे बताएं कि क्या तृणमूल यहां आएगी तो घुसपैठ बढ़ेगी या घटेगी? उन्होंने कहा, अगर आप घुसपैठ पर काबू चाहते हैं तो यहां भी भाजपा सरकार लाएं। मेघालय में कोई घुसपैठिया कदम नहीं रख सकेगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने भी रैली को संबोधित किया। मेघालय विधानसभा के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा और मतों की गिनती दो मार्च को होगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को ईशा महाशिवरात्रि सहारोह में हिस्सा लेंगी

**बेंगलुरू।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 फरवरी को कोयंबटूर में ईशा योग केंद्र में महाशिवरात्रि 2023 समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू की तमिलनाडु की यह पहली यात्रा होगी। ईशा फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, कोयंबटूर में वृहद समारोह में राष्ट्रपति की शिरकत को सुगम बनाने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यह समारोह 18 फरवरी को शाम 6 बजे शुरू होगा और सुबह 6 बजे तक चलेगा। इस दौरान सदगुरू जग्गी वासुदेव उपस्थित रहेंगे। महाशिवरात्रि समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग (सजीव प्रसारण) आनलाइन माध्यम से 16 भाषाओं में की जाएगी। इसके अलावा अंग्रेजी, तमिल, हिन्दी, तेलुगू,कन्नड़, मराठी सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में महत्वपूर्ण टेलीविजन नेटवर्क पर इसका प्रसारण होगा।




बंगलुरू में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश करने के लिए जाते हुए

## महाराष्ट्र विस के आगामी चुनाव में 150 सीट जीतने पर काम कर रहे हैं: फड़णवीस

**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा ने 2024 में होने वाले राज्य के विधानसभा चुनाव में 150 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। भाजपा की नागपुर इकाई के कार्यकारी निकाय की बैठक में उन्होंने आरोप लगाया कि उद्धव ठाकरे की महा विकास आघाड़ी सरकार घर से काम करती थी और भ्रष्टाचार में लिप्त थी। भाजपा मुख्यमंत्री रहते ठाकरे पर नियमित रूप से आरोप लगाती रही कि वह कोविड -19 महामारी, उसके बाद लागू लॉकडाउन और किसानों को भारी बारिश से होने वाली परेशानियों को लेकर दबाव डालने के बावजूद, शायद ही कभी मुंबई से बाहर निकले। फडणवीस ने दावा किया कि हालांकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने महामारी के दौरान लोगों से मिलना जारी रखा और पिछले साल जून में सरकार बदलने से राज्य में विकास को गति मिली है। हम विधानसभा चुनाव में (288 सीटों में से) 150 से अधिक सीटें जीतने के लिए काम कर रहे हैं।

## एपीपीएससी पेपर लीक को लेकर दिन भर के बंद के कारण ईटानगर में जनजीवन प्रभावित

**भाषा।** ईटानगर

**अरुणाचल प्रदेश** की राजधानी में शुक्रवार को आहूत दिनभर के बंद के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एपीपीएससी) के प्रश्नपत्र के कथित रूप से लीक होने के संबंध में पैन-अरुणाचल ज्वाइंट स्टीयरिंग कमेटी-एपीपीएससी की 13 सूत्री मांगों को लेकर यह बंद आयोजित किया गया था। बंद सुबह पांच बजे शुरू हुआ था और इसमें नाराज परीक्षार्थी एवं उनके अभिभावकों समेत हजारों लोग शामिल हुए, जो शुक्रवार शाम को एपीपीएससी के नए अध्यक्ष के निर्धारित शपथ ग्रहण को रद्द करने की मांग को लेकर सुबह-सुबह ईटानगर की सड़कों पर उतर आए। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पोस्टर को भी नुकसान पहुंचाया जो दो दिवसीय दौरे पर 20 फरवरी को पूर्वोत्तर राज्य आने वाली हैं।

अधिकारियों ने बताया कि कई प्रदर्शनकारी एवं पुलिसकर्मी झड़प में घायल हो गए और पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा एवं आंसूगैस के गोले दागने पड़े। उन्होंने बताया कि पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर थे, हालांकि स्थिति फिर भी तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बताई जा रही है। बंद के दौरान राजधानी में कई कारोबारी संस्थान, बाजार, बैंक, शिक्षण संस्थान, सरकारी और निजी कार्यालय बंद रहे और सड़क पर वाहन भी नहीं दिखे। स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू को पैन-अरुणाचल ज्वाइंट स्टीयरिंग कमेटी-एपीपीएससी को उनकी मांग पर चर्चा करने के लिए 11 बजे सचिवालय में बुलाना पड़ा। उन्होंने उससे प्रदर्शन बंद कर देने की भी अपील की और कहा कि सरकार घायलों के इलाज का खर्च उठाएगी।

उन्होंने कहा, हमारा इरादा आयोग में आमूलचूल बदलाव करना एवं उन निर्दोष अभ्यर्थियों को राहत प्रदान करना है जो दुर्भाग्य से इस पेपर लीक घोटाले के शिकार हो गए। इसी सोच के साथ हमने एपीपीएससी अध्यक्ष एवं उसके सदस्यों के पदों को भरने के लिए विज्ञापन दिया तथा आयोग को यथाशीघ्र क्रियाशील करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया। कमेटी मांग कर रही है कि एपीपीएससी द्वारा आयोजित वे सभी परीक्षाएं जिनके प्रश्नपत्र लीक हुए थे, को अमान्य घोषित किया जाए, पूर्व आयोग के अध्यक्ष, सचिव, सदस्यों और अन्य अधिकारियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए, मामले में अदालत की निगरानी में और प्रवर्तन निदेशालय से जांच कराई जाए तथा इसमें (पेपर लीक में) शामिल राज्य सरकार के अधिकारियों की तत्काल बर्खास्त किया जाए।

## जिला अदालत ने केन्द्रीय मंत्री शेखावत को राहत दी

**जयपुर।** जयपुर की एक जिला अदालत ने निचली अदालत के उस फैसले को शुक्रवार को बरकरार रखा जिसमें उसने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का वॉयस सैंपल लेने की इजाजत देने से इनकार कर दिया था। शेखावत की ओर से हाजिर हुए अधिवक्ता वी आर बाजवा ने बताया कि एसीबी ने निचली अदालत के फैसले को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में चुनौती दी। अदालत ने एजेंसी की याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया।

यह मामला 2020 में राजस्थान में राजनीतिक संकट से जुड़ा है जब तत्कालीन मुख्य सचेतक महेश जोशी ने 10 जून 2020 को एसीबी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राजस्थान में चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार को गिराने का प्रयास निर्दलीय विधायकों को प्रलोभन देकर किया जा रहा है। इस संबंध में जोशी ने एक पेन ड्राइव एसीबी को सौंपा। इस पेन ड्राइव में तत्कालीन विधायक और अब दिवंगत भंवरलाल शर्मा, संजय जैन और गजेन्द्र सिंह के बीच बातचीत बताई गई। इसमें इस बातचीत में तीनों कथित तौर पर सरकार गिराने और पैसे के लेन-देन की बात कर रहे हैं।

बाद में एसीबी ने संजय जैन को गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने अदालत से जैन की आवाज का नमूना लेने का आदेश के प्राप्त कर लिया, लेकिन जैन ने नमूना देने से इनकार कर दिया। बाद में जांच अधिकारी आलोक शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री शेखावत की आवाज का नमूना लेने की इजाजत देने के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में याचिका लगाई। जयपुर महानगर मजिस्ट्रेट ने इसे खारिज कर दिया और आवाज का नमूना लेने की अनुमति नहीं दी। इस आदेश के खिलाफ एसीबी ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में निगरानी याचिका लगाई थी।

## क्विक न्यूज

### कर्मचारियों की डीए संबंधी मांग पर ममता ने कहा : मैं कोई जादूगर नहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों की महंगाई भत्ते (डीए) में बढ़ोतरी की मांगों के बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि वह कोई जादूगर नही हैं जो सभी इच्छाओं को पूरा कर दें। ममता ने जोर दिया कि उनकी सरकार सभी की जरूरतों के बीच संतुलन के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, मै कोई जादूगर नही हूं कि पैसा आसमान से नीचे आ जाएगा, जैसा कि गूपी गाइन बाघा बाइन (फिल्म) में हुआ था...पैसा एकत्र करना होगा। मुख्यमंत्री 1969 में प्रदर्शित हुई सत्यजीत रे की फंतासी फिल्म गूपी गाइन बाघा बाइन का जिक्र कर रही थी जिसमें आसमान से मिठाइयां आती थी। ममता ने बांकुड़ा जिले में सरकारी सेवाओं से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, केंद्र द्वारा पैसे नही दिए जाने के बावजूद हमने तीन प्रतिशत डीए दिया है। वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने 15 फरवरी को बजट पेश करते हुए सरकारी कर्मचारियों और अन्य के लिए तीन प्रतिशत डीए की घोषणा की थी। भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए बनर्जी ने दावा किया कि वह 100 दिन की मनरेगा योजना के लिए भी पैसे उपलब्ध नही करा रहा है। उन्होने कहा, जिन लोगों ने इस योजना के तहत काम किया है, उन्हें भी योजना के तहत मजदूरी नही दी जा रही है। उन्होंने केंद्र पर हमला करते हुए कहा, ऐसा लगता है जैसे वे अपना पैसा दे रहे हैं। यह हमारा पैसा है जो वे कर संग्रह के नाम पर ले रहे है और राज्य सरकारें अपने हिस्से का हकदार है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग अपना अधिकार चाहते है ना कि कोई खैरात।

### प्रधानमंत्री ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से नवाजे गए कलाकारों को बधाई दी और उन्हे सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। संगीत नाटक अकादमी ने 102 कलाकारों को 15 फरवरी को वर्ष 2019, 2020 और 2021 के बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से नवाजा था। इसे लेकर संगीट नाटक अकादमी की ओर से किए गए एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभावान युवाओं को बधाइयां। उनके बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं। आप भारतीय संस्कृति और संगीत को आने वाले समय में लोकप्रिय बनाते रहें, यह कामना करता हूं। चालीस वर्ष से कम आयु के कलाकारों को दिए जाने वाले उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार की शुरुआत प्रदर्शन कला के विभिन्न क्षेत्रो मे उत्कृष्ट युवा प्रतिभाओ की पहचान करने और उन्हे प्रोत्साहित करने तथा उन्हे अपने जीवन की शुरुआत में ही राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से 2006 में की गई थी।

### एयरो इंडिया के आखिरी दिन एचएएल के प्रदर्शन विमान पर हनुमान की तस्वीर

**बेंगलुरु।** एयरो इंडिया-2023 के आखिरी दिन यहां सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रदर्शनी विमान के मॉडल के वर्टिकल स्टेबलाइजर पर भगवान हनुमान की एक तस्वीर नजर आई। इस तस्वीर मे हनुमान को गदा के साथ देखा गया और स्टिकर के नीचे कैप्शन मे लिखा था, तूफान आ रहा है। नाम न छापने की शर्त पर एचएएल के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जैसा आदेश मिला, उन्होने वैसा ही किया। एचटीएफटी-42 प्रशिक्षण विमान को पांच दिवसीय विमानन प्रदर्शनी मे यहां एचएएल के हॉल-3 मे रखा गया है। तीन दिन पहले, मंडप में डिस्प्ले के प्रदर्शन से दर्शकों के बीच जिज्ञासा पैदा होने लगी। जैसे ही यह सुर्खियों में आया, रक्षा पीएसयू ने बिना कोई विशेष कारण बताए इसे हटा दिया।

### महाराष्ट्र : फार्मा कंपनी के रिएक्टर में हुए धमाके से एक की मौत, दो अन्य घायल

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले मे स्थित एक फार्मास्यूटिकल कंपनी मे शुक्रवार सुबह हुए धमाके की चपेट मे आने से एक कर्मचारी की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिला आपदा प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि धमाका बोईसर स्थित फैक्टरी के रिएक्टर मे पूर्वाह्न करीब 10 बजे हुआ। उन्होंने बताया कि हादसे के समय परिसर में करीब 50 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिनमे से तीन गंभीर रूप से घायल हुए। कदम ने बताया कि घायलो को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां एक कर्मी की इलाज के दौरान मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय अग्निशमन और बचाव कर्मी धमाके से लगी आग को बुझाने मौके पर पहुंचे और उसपर काबू पाया। उन्होने बताया कि धमाके की वजहो का पता लगाया जा रहा है।

## पॉक्सो के तहत 16-18 आयु वालों की आपसी यौन सहमति को वैधता पर केंद्र से रुख पूछा

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली उच्च न्यायालय** ने आपसी सहमति से यौन संबंध स्थापित करने के लिए 16-18 साल के किशोरों द्वारा दी गई सहमति को वैध करार देने की मांग संबंधी एक याचिका पर केंद्र सरकार का जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता की अगुवाई वाली पीठ ने 21 वर्षीय एक व्यक्ति की याचिका पर नोटिस जारी किया है। इस व्यक्ति पर एक नाबालिग लड़की के साथ कथित सहमति से रोमांटिक संबंध स्थापित करने को लेकर पोक्सो कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि उसने और पीड़िता ने परस्पर मर्जी से यौन संबंध बनाया और इसमें बल प्रयोग का कोई साक्ष्य नहीं है एवं प्राथमिकी बस लड़की के परिवार के आदेश पर दर्ज की गई है। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि 16-18 साल के लोग सहमति देने में समर्थ हैं , ऐसे में अपनी महिला साथी की सहमति पर यौन संबंध बनाने पर निर्दोष किशोरों को फटकारना प्राकृतिक न्याय के विरूद्ध है।

उसने तर्क दिया कि इस प्रकार उन्होंने तर्क दिया कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधान जोकि 16-18 वर्ष की आयु के बच्चों की वैध सहमति को मान्यता देने में विफल हैं, को असंवैधानिक घोषित किया जाना चाहिए। अदालत ने इस याचिका पर राज्य का पक्ष भी पूछा है जिसमें याचिकाकर्ता के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत आरोप तय करने के निचली अदालत के आदेश को भी चुनौती दी गई थी। अदालत ने नोटिस जारी करने के आदेश देते हुए केंद्र और राज्य को चार हफ्तों के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। साथ ही इस मामले की अगली सुनवाई 11 अप्रैल को नियत की है।

## गंगा जल लेने आ रहे दो कांवड़ियों की मौत

**रूड़की (उत्तराखंड)।** हरिद्वार जिले के रूड़की में शुक्रवार को एक कार के अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में घुस जाने से उसमें सवार दो कांवड़ियों की मृत्यु हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दुर्घटना का शिकार कांवड़िए महाशिवरात्रि पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए गंगाजल लेने दिल्ली से हरिद्वार आ रहे थे। रूड़की सिविल लाइन्स कोतवाली के अतिरिक्त पुलिस उपनिरीक्षक नरेश गंगवार ने बताया कि हादसा सुबह करीब छह बजे रूड़की-हरिद्वार के बीच ढंढेरी ख्वाजगीपुर स्थित एक ढाबे के पास हुआ। गंगवार ने बताया कि हादसे में दिल्ली के बवाना के रहने वाले किराना व्यापारी मनजीत और नीतू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अंशु गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रूड़की के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

## पृथ्वी शॉ ने मुझे मारा: सपना

**मुंबई।** सेल्फी लेने को लेकर भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार करने को लेकर गिरफ्तार की गई सोशल मीडिया इंफ्लूएंशर सपना गिल ने शुक्रवार को यहां अदालत में दावा किया कि दरअसल यह शॉ ही थे जिन्होंने उनपर प्रहार किया। उसने कहा कि शॉ ने उससे माफी मांगी और पुलिस शिकायत दर्ज नहीं कराने की गुजारिश की। बृहस्पतिवार को गिरफ्तार की गई गिल को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे 20 फरवरी तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया।

बुधवार को उपनगरीय क्षेत्र शांताक्रुज के एक शानदार होटल के बाहर जब शॉ ने गिल के साथ शेल्फी लेने से इनकार कर दिया तब दोनों पक्षों के बीच यह घटना घटी थी। हिरासत पर सुनवाई के दौरान गिल ने अनुरोध किया कि उसे इस घटना के संबंध में अपना पक्ष रखने दिया जिसे मजिस्ट्रेट ने मान लिया। गिल ने कहा कि उसके विरूद्ध लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। उसने कहा, उसने (शॉ ने) मुझे छाती एवं बांह पर मारा।

उसने कहा, हम वहां बस पुलिस की मदद लेने के लिए थे। वे आठ से दस लोग थे और हम बस दो लोग थे। उसने दावा किया कि शॉ और उनके दोस्तों ने उससे पुलिस शिकायत दर्ज नहीं कराने की गुजारिश की और सॉरी भी कहा। इस दावे के बारे में कि, जब उसने शॉ के साथ सेल्फी का अनुरोध किया तब यह घटना घटी, गिल ने कहा, मैं उन्हें नहीं जानती, न ही मैंने उन्हें कभी देखा है। मैंने उनसे कभी सेल्फी खिंचाने के लिए नहीं कहा।

उसने इस आरोप से भी इनकार किया कि उसने मामला रफा-दफा करने के लिए 50000 रुपए मांगे। गिल ने दावा किया, वह पूरी तरह नशे में थे। वह थाने के सामने थे। वह तभी प्राथमिकी दर्ज करा सकते थे, लेकिन वह नशे में थे इसलिए उन्होंने बाद में ऐसा करने की सोची। गिल के अनुसार शॉ के पहुंचने से पहले वह और उनके दोस्त होटल के वीआईपी लॉउंज में पार्टी कर रहे थे। शॉ अपने एक व्यापारी मित्र के साथ होटल में खाना खाने गए थे तब यह घटना घटी थी।

## पृथ्वी शॉ के साथ दुर्व्यवहार को लेकर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर पुलिस हिरासत में भेजी गई

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने सेल्फी लेने को लेकर हुए विवाद के बाद भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के साथ कथित रूप से बुरा बर्ताव करने एवं उनकी कार पर हमला करने को लेकर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सपना गिल को शुक्रवार को 20 फरवरी तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। बुधवार सुबह उपनगरीय क्षेत्र शांताक्रुज के एक शानदार होटल के बाहर जब शॉ ने गिल और उसके पुरूष मित्र के साथ शेल्फी लेने से इनकार कर दिया तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी और फिर कथित हमले की घटना हुई। गिल को गिरफ्तार कर लिया गया था तथा उसके मित्र शोभित ठाकुर एवं छह अन्य के विरूद्ध कथित रूप से दंगा करने एवं जबरन वसूली करने को लेकर छह मामले दर्ज किए गए थे। ठाकुर और गिल होटल में शेल्फी लेने के लिए शॉ के पास पहुंचे थे। शुरू में शॉ मान गए थे लेकिन जब गिल एवं ठाकुर और शेल्फी लेने का दबाव डालने लगे तब शॉ ने इनकार कर दिया।

## दक्षिण अफ्रीकी चीतों से कूनो राष्ट्रीय उद्यान के आसपास रहने वाले लोगों को खतरा बहुत ही कम: अध्ययन

**भाषा।** श्योपुर (मप्र)

**मध्यप्रदेश** के श्योपुर जिले स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में शनिवार को 12 और चीतों के स्वागत का इंतजार किया जा रहा है। इनके पहुंचने पर इस उद्यान में चीतों की संख्या बढ़कर 20 हो जाएगी। एक अध्ययन में कहा गया है कि इन चीतों से आसपास रहने वाले लोगों के लिए खतरा बहुत ही कम है। दक्षिण अफ्रीका से लाए जा रहे 12 चीतों के इस जत्थे में सात नर और पांच मादा चीते हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में चीतों की आबादी को पुनर्जीवित करने की परियोजना के तहत नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को 17 सितंबर को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक मंच से लीवर घुमाकर लकड़ी के पिंजड़ों के दरवाजे खोलकर विशेष बाड़ों में पृथकवास में छोड़ा था, जिनमें पांच मादा एवं तीन नर चीते हैं। भारत में अंतिम चीते की मृत्यु वर्तमान छत्तीसगढ़ के कोरिया



जिले में 1947 में हुई थी और इस प्रजाति को देश में 1952 में विलुप्त घोषित कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीका में चीता मेटापोपुलेशन के समन्वयक विंसेंट वान डेर मेरवे द्वारा लिखित परियोजना की जोखिम प्रबंधन योजना के अनुसार, इन चीतों से मानव पर हमले का कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। इसलिए इन चीतों से कूनो राष्ट्रीय उद्यान के आसपास रहने वाले लोगों के लिए खतरा बहुत ही कम है। दक्षिण अफ्रीका से भारतीय वायुसेना के परिवहन विमान से शनिवार सुबह ग्वालियर पहुंचने के 30 मिनट बाद इन चीतों को वहां से भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों से करीब 165 किलोमीटर दूर कूनो राष्ट्रीय उद्यान ले जाया जाएगा। एक विशेषज्ञ ने बताया था कि दोपहर करीब 12 बजे कूनो राष्ट्रीय उद्यान पहुंचने के बाद इस चीतों को आधे घंटे (दोपहर 12.30 बजे) के बाद पृथक-वास में बाड़ों में रखा जाएगा।मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने बताया, इन चीतों की देखभाल के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## भारत के अमेरिका का साझेदार और रूस से तेल खरीदने में विरोधाभास नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**बाइडन प्रशासन** के एक शीर्ष अधिकारी एवं अमेरिका के ऊर्जा संसाधन मामलों के सहायक विदेश मंत्री ज्योफ्री पैट ने कहा है कि भारत के अमेरिका का एक महत्वपूर्ण साझेदार बने रहने और रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीदने में कोई विरोधाभास नहीं है। पैट की इस टिप्पणी को यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से भारत द्वारा सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीदने को लेकर बाइडन प्रशासन के रुख की अभिव्यक्ति के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका के ऊर्जा संसाधन मामलों के सहायक विदेश मंत्री ज्योफ्री पैट ने पीटीआई-भाषा से विशेष साक्षात्कार में कहा कि न्यूनतम कीमत पर कच्चा तेल खरीदने के लिए रूस के साथ कड़ी सौदेबाजी करके भारत तेल से उसके राजस्व को कम करने की जी7 की नीति को आगे बढ़ा रहा है।

यह पूछे जाने पर कि अगर भारत और रूस द्विपक्षीय कारोबार के लिए रुपया-रूबल तंत्र का उपयोग करते हैं, तो क्या अमेरिका भारतीय बैंकों पर किसी तरह का प्रतिबंध लगाएगा, इस पर अमेरिकी राजनयिक ने किसी तरह का अटकल लगाने से मना किया। उन्होंने हालांकि कहा कि अमेरिकी प्रतिबंध केवल रूस को दंडित करने को लक्षित है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर भारत के साथ सहज है।

अमेरिका के ऊर्जा संसाधन मामलों के सहायक विदेश मंत्री ने कहा, मैं अटकलों पर आधारित स्थितियों में नहीं जाना चाहता हूं, लेकिन स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हमारी नीति रूस को दंडित करने, उसके व्यवहार को बदलने की दिशा में प्रयास करने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, इस प्रयास में हमने किसी तीसरे देश पर प्रतिबंध नहीं लगाया है। इसे मैं यहीं पर छोड़ता हूं। पैट ने कहा कि भारतीय कंपनियां रूसी कच्चे तेल की कीमतों को लेकर बेहद सफलतापूर्वक बातचीत कर रही हैं, जो भारतीय तेलशोधकों को उत्पादों को वैश्विक बाजार में काफी प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक कीमतों पर पेश करने में सक्षम बनाती हैं।

पैट 16 फरवरी से दो दिन की भारत यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन से जुड़े हर विषय में भारत, अमेरिका का महत्वपूर्ण साझेदार है और दोनों पक्ष हरित हाइड्रोजन और असैन्य परमाणु ऊर्जा सहित अपने सहयोग को व्यापक रूप से बढ़ाने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। पैट ने कहा, हमारे विशेषज्ञों का आकलन है कि भारत अभी रूस से कच्चे तेल के आयात पर प्रति बैरल 15 डॉलर की छूट प्राप्त कर रहा है। कड़ी सौदेबाजी से न्यूनतम संभावित कीमत प्राप्त करके अपने हितों को साधने के साथ भारत हमारे जी7 समूह की नीतियों को आगे बढ़ा रहा है। हमारे जी7 समूह के सहयोगी रूसी राजस्व को कम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम इस तरह से चीजों को देखते हैं। भारत सरकार के साथ इन मुद्दों पर हमारी अच्छी बातचीत हुई है।

लेकिन मैं सोचता हूं कि यह समझना सभी के लिए महत्वपूर्ण है कि यह अस्थाई स्थिति नहीं है। जब तक व्लादिमीर पुतिन आक्रामकता को जारी रखते हैं, तब तक रूस के साथ संबंध सामान्य रूप से बहाल नहीं हो सकते। चीन और अमेरिका के बाद भारत कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा आयातक है। रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला किए जाने के बाद भारत सस्ती दरों पर रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है। वहीं, कई पश्चिमी ने कच्चे तेल की सीमा तय कर दी है और रूस से तेल खरीद के बदले 60 डॉलर प्रति बैरल से अधिक भुगतान नहीं करने को कहा है। यूक्रेन में अमेरिका के राजदूत के रूप में काम कर चुके पैट ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने अपने कार्यों के कारण न केवल यूरोप में अपना बड़ा बाजार खो दिया है, बल्कि इसके कारण यूरोपीय देश स्वच्छ एवं सुरक्षित ऊर्जा स्रोतों में अधिक निवेश को तत्पर हुए हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए हम इन मुद्दों पर भारत के साथ काफी सहज हैं, लेकिन इसके साथ ही इस पर हम भारत सरकार के साथ करीबी बातचीत को लेकर मजबूती से प्रतिबद्ध हैं और अपनी बातचीत में इस पर चर्चा जारी रखेंगे। यह पूछे जाने पर कि एक तरफ भारत, अमेरिका का एक महत्वपूर्ण वैश्विक साझेदार है और दूसरी तरफ वह रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीद रहा है, इस पर क्या वह कोई विरोधाभास देखते हैं, तो पैट ने कहा, हम ऐसा नहीं सोचते हैं। कोई विरोधाभास नहीं है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन और सुरक्षा से जुड़े हर विषय में भारत, अमेरिका का महत्वपूर्ण साझेदार है। पैट ने कहा कि वह समझते हैं कि व्लादिमीर पुतिन के कदमों के कारण ऊर्जा सुरक्षा बाधित हुई है और हमें अधिक लचीली व्यवस्था बनाने और मास्को के कार्यों के परिणामों से निपटने के लिए काम करना होगा। इसके कारण उत्पन्न बाधा से वह पूरी तरह से अवगत हैं और इसका प्रभाव न केवल यूरोप पर बल्कि वैश्विक स्तर पर पड़ा है, जिसमें भारत जैसे देश भी शामिल हैं।

# शमी और स्पिनरों ने कंगारुओं को नचाया

● आस्ट्रेलिया को 263 रन पर रोका

● भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में नौ ओवर में बिना किसी नुकसान के 21 रन बनाए

● शमी ने 4, अश्विन व जडेजा ने 3-3 विकेट लिएं

**भाषा।** नई दिल्ली




**भारतीय तेज** गेंदबाज मोहम्मद शमी ने स्पिनरों के साथ मिलकर बेहतरीन गेंदबाजी का नजारा पेश किया तथा उस्मान ख्वाजा और पीटर हैंड्सकांब की दर्शनीय अर्धशतकीय पारियों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन ही शुक्रवार को यहां 263 रन पर आउट कर दिया। भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में नौ ओवर में बिना किसी नुकसान के 21 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा 13 और केएल राहुल चार रन पर खेल रहे हैं। रोहित को नाथन लियोन के दिन के आखिरी ओवर में अंपायर ने शार्ट लेग पर कैच आउट दे दिया था लेकिन निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) का सहारा लेने के बाद भारतीय कप्तान क्रीज पर टिके हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की लेकिन ख्वाजा (125 गेंदों पर 81) और हैंड्सकांब (142 गेंदों पर नाबाद 72) को छोड़कर उसका कोई भी अन्य बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना नहीं कर पाया। कप्तान पैट कमिंस ने 33 रन की पारी खेली। ख्वाजा ने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया जबकि हैंड्सकांब की पारी में नौ चौके शामिल हैं। पिच स्पिनरों के लिए अनुकूल है लेकिन भारत के सबसे सफल गेंदबाज शमी रहे। उन्होंने 60 रन देकर चार विकेट लिए। ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (57 रन देकर तीन) और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा (68 रन देकर तीन) ने उनका अच्छा साथ दिया। कमिन्स ने लगातार दूसरे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ख्वाजा और डेविड वॉर्नर (15) ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। ख्वाजा अधिक विश्वास के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे और उनका फुटवर्क भी अच्छा था लेकिन वॉर्नर को संघर्ष करना पड़ा। मोहम्मद सिराज ने अपने पहले स्पैल में उन्हें काफी परेशान किया। उनकी गेंद वॉर्नर की कोहनी और हेलमेट पर भी लगी। सिराज ने एक तरह से मंच तैयार कर दिया था और ऐसे में रोहित ने दूसरे छोर से फिर से गेंद शमी को सौंप दी। शमी ने इसके बाद जल्द ही भारत को पहली सफलता दिला दी। उनकी कोण लेती गेंद वॉर्नर के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर कोना भरत के दस्तानों में समा गई। ख्वाजा ने अश्विन और जडेजा का डटकर सामना किया। अश्विन ने हालांकि मार्नस लाबुशेन (18) को पगबाधा आउट करके भारत को दूसरी सफलता दिलाई। तब डीआरएस का फैसला भारत के पक्ष में गया था। इसके एक गेंद बाद स्टीव स्मिथ बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए लेकिन इसका पूरा श्रेय विकेटकीपर भरत को जाता है जिन्होंने बहुत ही अच्छे तरीके से कैच लिया जो काफी नीचे था। ऑस्ट्रेलिया ने लंच तक तीन विकेट पर 94 रन बनाए। उसने दूसरे सत्र में भी तीन विकेट गंवाए और इस बीच स्कोर को 199 रन तक पहुंचाया। भारत को दूसरे सत्र में भी पहली सफलता शमी ने दिलाई। श्रृंखला में अपना पहला मैच खेल रहे ट्रेविस हेड (12) ने उनकी गेंद पर दूसरी स्लिप में खड़े राहुल को कैच थमाया। राहुल का मैच का दूसरा कैच बेहतरीन था जिससे ख्वाजा पवेलियन लौटे। यह इस सत्र का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ था। मैदान के दोनों तरफ अच्छी तरह से शॉट खेल रहे ख्वाजा ने पारी के 46वें ओवर में जडेजा की गेंद को रिवर्स स्वीप किया लेकिन राहुल ने एक हाथ से शानदार कैच लेकर उन्हें चलता कर दिया। जडेजा का यह टेस्ट मैचों में 250वां विकेट था। एलेक्स कैरी (शून्य) दूसरे सत्र में आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे। उन्होंने अश्विन की गेंद पर पहली स्लिप में खड़े विराट कोहली को कैच दिया। हैंड्सकांब ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने ख्वाजा के साथ 59 रन जोड़ने के बाद कमिंस के साथ भी इतने ही रन की साझेदारी की। कमिंस ने अपनी पारी में आक्रामक रवैया अपनाया तथा अश्विन पर दो छक्के भी लगाए। जडेजा ने कमिंस को पगबाधा आउट करने के बाद इसी ओवर में टॉड मरफी को बोल्ड किया। शमी ने अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे मैथ्यू कुहनमैन (छह) का विकेट उखाड़ कर ऑस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया। भारत नागपुर में खेले गए पहले टेस्ट मैच में पारी और 132 रन से जीत दर्ज करके चार मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रहा है।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया :** वॉर्नर का श्रीकर भरत बो शमी 15, ख्वाजा का राहुल बो रविंद्र जडेजा 81,लाबुशेन पगबाधा बो अश्विन 18, स्मिथ का श्रीकर भरत बो अश्विन 00,हेड का राहुल बो शमी 12,हैंड्सकोंब नाबाद 72, कैरी का कोहली बो अश्विन 00,कमिंस पगबाधा बो जडेजा 33, मर्फी बो जडेजा 00, लियोन बो शमी 10, कुह्नेमैन बो शमी 06,***अतिरिक्त*** : (बाई 13, नोबॉल 2, लेग बाई1) 16,**कुल :** 78.4 ओवर में सभी आउट : 263 रन,**विकेट पतन** : :1-50, 2-91, 3-91, 4-108, 5-167, 6-168, 7-227, 8-227, 9-246,गेंदबाजी :शमी 14.4-4-60-4, सिराज 10-2-30-0, अश्विन 21-4-57-3,जडेजा 21-2-68-3, पटेल 12-2-34-0

**भारत पहली पारी :** रोहित नाबाद 13, राहुल नाबाद 04,**अतिरिक्त** : (बाई 4) 4,कुल : 9 ओवर में बिना विकेट गंवाए 21 रन,**गेंदबाजी** : पैट कमिंस 3-1-7-0,मैथ्यू कुह्नेमैन 4-1-6-0,नाथन लियोन 2-0-4-0

# गावस्कर ने पुजारा से कहा, 100वें टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनो

**भाषा।** नई दिल्ली



**अपने जमाने** के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि चेतेश्वर पुजारा अपने 100वें टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे और उन्होंने साथ ही कहा कि वह कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के शानदार उदाहरण है। पुजारा आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में मैदान पर कदम रखते ही भारत की तरफ से 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 13वें क्रिकेटर बन गए। भारतीय टेस्ट टीम के मुख्य स्तंभ पुजारा ने टीम के अपने साथियों और परिजनो के सामने गावस्कर से विशेष कैप हासिल की। भारत की तरफ से 125 टेस्ट मैच खेलने वाले गावस्कर ने कहा, आपका 100 टेस्ट मैच के क्लब में स्वागत है और मै प्रार्थना करता हूं कि आप अपने 100वें टेस्ट मैच मे शतक जड़ने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनो और दिल्ली मे एक और जीत की नीव रखो। इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि पुजारा ने भारतीय टीम की खातिर अपने शरीर की भी परवाह नही की। गावस्कर ने कहा, आपने अपने शरीर पर कई गेंदे झेली है और आपने गेंदबाजो को आपका विकेट हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करवाई। आपका प्रत्यक रन भारत के लिए महत्वपूर्ण रहा। आप कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के आदर्श रहे हो।

## भारतीय पिचें तेज गेंदबाजों को हमेशा मदद करती हैं: शमी

**नई दिल्ली।** भारत मे हमेशा स्पिनरो के दबदबा बनाने की उम्मीद होती है लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के शुरूआती दिन यहां सबसे सफल गेंदबाज मोहम्मद शमी रहे जिनका मानना है कि घरेलू परिस्थितियां तेज गेंदबाजो को भी काफी मदद करती है। पारी की शुरूआत मे शमी ने गुडलेथ क्षेत्र को निशाना बनाया जिससे उन्हें डेविड वॉर्नर को आउट करने मे मदद मिली। पारी के अंत मे शमी ने गेंद को रिवर्स कराया और पुछल्ले बल्लेबाज नाथन लियोन और पदार्पण कर रहे मैथ्यू कुहनेमैन के विकेट झटके। शमी ने दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, आपको भारत मे विकेट मे ज्यादा अंतर नही दिखेगा। अगर आपको नई गेंद से मदद मिल सकती है तो आप पुरानी गेंद से रिवर्स भी कर सकते हो। तेज गेंदबाज के तौर पर भारतीय परिस्थितियों मे मुख्य चीज होती है कि आप किस क्षेत्र मे गेंदबाजी करते हो और आपको पूरे समय अपनी रफ्तार बरकरार रखनी होती है। यहां की पिच नागपुर से ज्यादा अलग नही है, हालांकि सुबह के सत्र मे आस्ट्रेलिया ने रन बनाए। लेकिन मैने सही लाइन एवं लेंथ मे गेंदबाजी करने की कोशिश की।

### ज्योति रंधावा पहले दौर के बाद शीर्ष 10 में

**दोहा।** भारत के अनुभवी गोल्फर और पूर्व एशियाई टूर नंबर एक ज्योति रंधावा 25 लाख डॉलर इनामी इंटरनेशनल सीरीज कतर गोल्फ प्रतियोगिता के पहले दौर के बाद संयुक्त नौवें स्थान पर है। पचास वर्षीय रंधावा ने पहले दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया। थाईलैंड के सुरादित योंगचारोएंचाई ने चार अंडर पार 68 का स्कोर बनाकर शानदार शुरुआत की और वह पहले स्थान पर काबिज है।

### ओडिशा, मध्य प्रदेश और हिमाचल की शानदार जीत

**काकिनाडा (आंध्र प्रदेश)।** ओडिशा, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश ने शुक्रवार को यहां 13वी हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर शानदार जीत दर्ज की। पहले मैच मे ओडिशा ने पूल ए मे केरल को 13-0 से शिकस्त दी जबकि मध्य प्रदेश ने पूल जी मे तेलगांना को 36-0 के बड़े अंतर से हराया। तीसरे मैच मे हिमाचल प्रदेश ने गुजरात को 10-1 से हराया।

### खेलों इंडिया विंटर गेम्स में आरिज़ ने जीता कांस्य

**लखनऊ।** लखनऊ के आरिज़ हसन ने गुलमर्ग मे आयोजित खेलों इंडिया विंटर गेम्स प्रतियोगिता में आइसस्टॉक के टीम गेम्स में कांस्य पदक जीता। ये प्रतियोगिता 10 से 14 फरवरी तक गुलमर्ग जम्मूकश्मीर के आइस रिंग में आयोजित की गई। इससे पहले आरिज़ हसन ने नवीं राष्ट्रीय आइसस्टॉक प्रतियोगिता.2023 में एक स्वर्ण सहित 3 पदक जीते थे। आइसस्टॉक एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### लविवि की 16 सदस्य क्रिकेट टीम घोषित

**लखनऊ।** कुरुक्षेत्र हरियाणा में आगामी 23 फरवरी से होने वाली नार्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की 16 सदस्य टीम की घोषणा कर दी गई। दो दिवसीय चयन एवं तीन दिवसीय शिविर के बाद लखनऊ विश्वविधालय एथलेटिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन प्रोफेसर रूपेश कुमार एवं चयनकर्ता ज्ञानेंद्र पाण्डेय और उबेद कमाल की मौजूदगी में की गई। चयनित टीम : पवन सिंह, अमन चौधरी, अली जाफिर मोहसिन, लव तिवारी, कबीर अहमद, नमन तिवारी, आदित्य सिंह, ऋतुराज सिंह, प्रदीप कुमार, अभिषेक चौरसिया, अमन गुप्ता, प्रशांत कुमार यादव, अपूर्व विनायक तिवारी, तुषार वर्मा, कुशाग्र त्रिपाठी, रंजीत गौतम। स्टैंडबाई सुरक्षित खिलाड़ी : कुश तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, अभिषेक कुमार, कुशाग्र प्रताप सिंह, विशाल रावत।

### कूसेडर्स की जीत में सावन और रवि का कमाल

**लखनऊ।** आरईपीएल क्रूसेडर्स ने सावन सिंह-70 और रवि सिंह-58 के उपयोगी प्रदर्शन के सहारे जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में यूपी टिम्बर क्रिकेट क्लब को 88 रन से पराजित किया। आरईपीएल क्रूसेडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में आठ विकेट पर 220 रन का स्कोर बनाया। जवाब में यूपी टिम्बर क्रिकेट क्लब लक्ष्य का पीछा करते हुए 28.2 ओवर में 132 रन ही बना सका ।

### बावुमा दक्षिण अफ्रीका टेस्ट टीम के कप्तान नियुक्त

**जोहानिसबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने तेम्बा बावुमा को टेस्ट क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया।

# आईपीएल 31 मार्च से, गुजरात टाइटंस का सामना सीएसके से




**भाषा।** नई दिल्ली,

**गत चैम्पियन** गुजरात टाइटंस आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के शुरूआती मैच में 31 मार्च को अहमदाबाद में चार बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपना अभियान आरंभ करेगी। हार्दिक पंड्या की अगुआई वाली टाइटंस ने पिछले साल पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) द्वारा घोषित किए गए कार्यक्रम में कुल 52 राउंड रॉबिन मैच होंगे। सत्र के पहले डबल हेडर (एक दिन में दो मैच) में एक अप्रैल को पंजाब किंग्स का सामना मोहाली में कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स की भिड़ंत लखनऊ में दिल्ली कैपिटल्स से होगी। डबल हेडर हर शनिवार और रविवार को होंगे जबकि सोमवार से शुक्रवार तक एक एक मैच होंगे। लीग मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और टाइटंस के बीच बेंगलुरू में होने वाले मुकाबले के साथ 21 मई को खत्म होंगे। पिछले चरण में मुंबई, पुणे और अहमदाबाद में मैच कराए गए थे लेकिन 16वें सत्र में वही घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान वाला प्रारूप वापसी करेगा जिसमें सभी टीमें लीग चरण में सात घरेलू मैच अपने मैदान पर और इतने ही मैच प्रतिद्वंद्वी टीम की सरजमीं पर खेलेगी। बीसीसीआई के अनुसार कुल 70 लीग चरण के मैच 52 दिन में 12 स्थलों पर खेले जाएंगे। आईपीएल 2023 में 18 डबल हेडर होंगे जिसमें दिन के मैच दोपहर साढ़े तीन बजे और शाम के मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होंगे। राजस्थान रॉयल्स अपने पहले दो घरेलू मैच गुवाहाटी में खेलेगी और फिर बचे हुए घरेलू मैच जयपुर में खेलेगी। पंजाब किंग्स अपने पांच घरेलू मैच मोहाली में खेलेगी जबकि दो घरेलू मैच धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होंगे। प्लेऑफ और फाइनल के लिए कार्यक्रम और स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी। फाइनल 28 मई को खेला जाएगा।

## सहवाग के लिए आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं रोहित



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के सर्वश्रेष्ठ कप्तान के तौर पर मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा को चेन्नई सुपर किंग्स के एम एस धोनी पर तरजीह दी क्योंकि पिछले 15 वर्षो मे मुंबई की फ्रेंचाइजी ने पांच ट्राफियां जीती है। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अभी तक चार आईपीएल ट्राफियां जीत पाई है जबकि मुंबई इंडियंस की टीम पांच ट्राफी जीतकर सबसे सफल टीम है। सहवाग ने आईपीएल के 15 साल के जश्न के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा, नंबर आपको सबकुछ बयां कर देते है। देखिए एम एस धोनी को भारतीय टीम की कप्तानी का अनुभव था और फिर वह चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान बने। रोहित शर्मा का कप्तानी का पहला अनुभव मुंबई इंडियंस के साथ था और वही से उनकी सफलता की यात्रा शुरू हुई। उन्होंने कहा, इसलिए वह (रोहित) श्रेय दिए जाने का ज्यादा हक्दार है। ऐसा सौरव गांगुली की तरह ही है, वह भारतीय टीम के कप्तान बने और उन्होने नई और अलग चीजे आजमाई। उनकी कप्तानी में भारत नंबर एक वनडे टीम बना। इसलिए मेरी पसंद रोहित शर्मा है। हालांकि पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने धोनी को आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ कप्तान करार दिया। , मै अपना वोट धोनी को दूंगा क्योंकि पहले ही साल से वह एक ही फ्रेंचाइजी के लिए खेले। उन्होने फ्रेंचाइजी को सफल बनाने में बड़ी भूमिका अदा की। जिस तरह से उन्होंने भारतीय टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी उठाई, वह अद्भुत है।

## स्ट्रेस फ्रेक्चर से उबर रहे प्रसिद्ध कृष्णा आईपीएल से बाहर



**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पीठ की लंबे समय से चल रही परेशानी के कारण इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे नही खेल पाएंगे। कृष्णा ने अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच अगस्त 2022 मे खेला था और वह स्ट्रेस फ्रेक्चर के लिए रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहे है। उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने सूचित किया कि कृष्णा आईपीएल टूर्नामेंट में नही खेल पाएंगे। राजस्थान रॉयल्स ने एक बयान मे कहा, राजस्थान रॉयल्स पुष्टि करना चाहेगा कि 26 वर्षीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा स्ट्रेस फ्रेक्चर सर्जरी और इसके बाद होने वाली रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया के कारण आईपीए के 2023 सत्र मे नही खेल पाएंगे। प्रसिद्ध को लंबर स्ट्रेस फ्रेक्चर है और उन्हे सर्जरी की सलाह दी गई है जिसका अर्थ है कि उन्हे उबरने और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट मे वापसी के लिए और समय की जरूरत होगी। फ्रेंचाइजी ने कहा कि वे कृष्णा की उबरने की प्रक्रिया मे मदद के लिए हर संभव प्रयत्न कर रहे है। बयान के अनुसार, फ्रेंचाइजी आईपीएल 2023 के लिए प्रसिद्ध की जगह शामिल होने वाले खिलाड़ी पर फैसला आने वाले समय मे करेगी।

# चेतन शर्मा ने चयन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया

● एसएस दास हो सक्ते है अंतरिम अध्यक्ष

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत के** पूर्व तेज गेंदबाज चेतन शर्मा ने एक समाचार चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में फंसने के बाद चयन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस स्टिंग ऑपरेशन में शर्मा ने कुछ गोपनीय सूचनाओं का खुलासा किया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, हां, चेतन ने बीसीसीआई के सचिव जय शाह को अपना त्यागपत्र सौंप दिया है और उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है। स्टिंग ऑपरेशन के बाद उनकी स्थिति अस्थिर हो गई थी। उन्होंने स्वेच्छा से इस्तीफा दिया है। उन्हें इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा गया था। चेतन शर्मा बंगाल और सौराष्ट्र के बीच रणजी ट्रॉफी फाइनल के लिए चयन समिति के अन्य सदस्यों के साथ कोलकाता में थे। वह वहां ईरानी कप के लिए टीम के चयन के सिलसिले में गए थे। लेकिन एक बार उनका त्यागपत्र स्वीकार किए जाने के बाद चेतन दिल्ली के लिए रवाना हो गए और उन्होंने हवाई अड्डे पर इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों से बात नहीं की। जी न्यूज के स्टिंग ऑपरेशन में चेतन शर्मा को यह कहते हुए दिखाया गया है कि कई खिलाड़ी 80 से 85 प्रतिशत फिट होने के बावजूद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में जल्द वापसी के लिए इंजेक्शन लेते हैं। भारत के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने यह भी आरोप लगाया कि सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी को लेकर उनके और टीम प्रबंधन के बीच मतभेद थे। उन्होंने इसके साथ ही दावा किया की टी20 टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या, तेज गेंदबाज उमेश यादव और दीपक हुड्डा उनसे मिलने के लिए नियमित तौर पर उनके आवास पर आते हैं। चेतन ने विराट कोहली और रोहित शर्मा के संबंधों पर भी बात की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व कप्तान कोहली और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली के बीच अहं की लड़ाई थी। बीसीसीआई के शीर्ष पदाधिकारियों को चेतन की टिप्पणियां नागवार गुजरी और वर्तमान राष्ट्रीय टीम के सदस्यों का भी उन पर से भरोसा उठ गया। कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या का उन पर से भरोसा पूरी तरह से उठ गया। उनका चयन समिति की बैठक में उनके साथ बैठना संभव नहीं था क्योंकि उन्होंने अपना सम्मान खो दिया। उन्होंने अपने बड़बोलेपन का नुकसान उठाया। चेतन को कथित तौर पर यह कहकर फुसलाया गया था कि एक लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफार्म पर डॉक्यूमेंट्री सीरीज के लिए उनके इनपुट की जरूरत है। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिव सुंदर दास को चेतन की जगह अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है।

### ख्वाजा ने खराब फॉर्म में चल रहे वॉर्नर का समर्थन किया

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का मानना है कि डेविड वॉर्नर की फॉर्म पर सवाल उठाने के लिए महज तीन पारियां ही काफी नहीं होंगी जो यहां दूसरे टेस्ट के पहले दिन मोहम्मद सिराज का बाउंसर सिर पर लगने से थोड़े परेशान दिख रहे थे। वॉर्नर ने अभी तक श्रृंखला में 1, 10 और 15 रन का स्कोर बनाया है जिसमें मोहम्मद शमी ने उन्हें दो बार फुल लेंथ गेंद पर आउट किया है। इससे वॉर्नर की तकनीक पर सवाल उठ रहा है लेकिन 81 रन की पारी खेलने वाले ख्वाजा ने अपने सलामी जोड़ीदार का बचाव किया।

# नागल चेन्नई ओपन के सेमीफाइनल में

**भाषा।** चेन्नई




**भारतीय खिलाड़ी** सुमित नागल की चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में शानदार लय जारी है और उन्होंने शुक्रवार को यहां ब्रिटेन के जे क्लार्क को 6-1, 6-4 से हराकर पुरूष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के 506 नंबर के खिलाड़ी नागल ने एक घंटे 22 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में जीत हासिल की जिससे अब वह अंतिम चार में अमेरिका के निकोलास मोरेनो डे अलबोरान से भिड़ेंगे। अलबोरान ने दूसरे दौर में शीर्ष वरीय चुन सिन सेंग को हराया था। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में एक घंटे 25 मिनट में जापान के उचियामा को 6-3 6-4 से शिकस्त दी। नागल ने पहले सेट में पूरी तरह दबदबा बनाया और 25 साल के इस भारतीय ने तेज हिट करते हुए ब्रिटेन के खिलाड़ी को संतुलन नहीं बनाने दिया। उन्हें एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। दूसरे गेम में हालांकि नागल को क्लार्क से कुछ चुनौती मिलेगी लेकिन एक सर्विस ब्रेक से उन्होंने सेट जीतकर मैच जीत लिया। आस्ट्रेलिया के पुर्सेल ने दूसरे वरीय डकवर्थ को 6-4 4-6 6-4 से शिकस्त दी जिससे अब वह सेमीफाइनल में हमवतन डेन स्वीनी से भिड़ेंगे।

# भारत को इंग्लैंड के खिलाफ गलतियों से बचना होगा

● महिला टी20 विश्व कप

**भाषा।** गेकबेर्हा (दक्षिण अफ्रीका)



**पहले दो** मैचों में दबाव की परिस्थितियां झेलने वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले महिला टी20 विश्व कप के मैच में किसी भी तरह की गलती करने से बचना होगा। विश्व की नंबर दो टीम इंग्लैंड के खिलाफ जीत दर्ज करने पर हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम नॉकआउट चरण में जगह बना लेगी। प्रत्एक ग्रुप से चोटी पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को सात विकेट से जबकि दूसरे मैच में वेस्टइंडीज को छह विकेट से पराजित किया था। इन दो जीत से भारत सेमीफ़ाइनल के लिए क्वालीफाई करने की मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। भारत की तरफ से पहले दोनों मैचों में युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## टी20 विश्व कप : न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 71 रन से हराया

**केपटाउन।** न्यूजीलैंड ने सूजी बेट्स की 81 रन की नाबाद पारी की मदद से शुक्रवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के वर्चुअल नॉकआउट ग्रुप मैच में बांग्लादेश महिला टीम को 71 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें जीवंत रखीं। बेट्स इस पारी से टी20 विश्व कप में 1000 रन तक पहुंचने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गईं। दोनों टीमों को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत थी।

### ब्लंडेल के 138 रन, न्यूजीलैंड की वापसी की उम्मीदें जीवंत

**माउंट मोनगानुई।** न्यूजीलैंड ने टॉम ब्लंडेल (138 रन) की शतकीय पारी के दम पर इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को दिन रात्रि क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 306 रन बनाए। इंग्लैंड ने शुरूआती दिन पहली पारी नौ विकेट पर 325 रन पर घोषित की थी। स्टंप तक इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में दो विकेट गंवाकर 79 रन बना चुकी थी जिससे उसने 98 रन की बढ़त बना ली है। ओली पोप 14 और स्टुअर्ट ब्राड छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इंग्लैंड ने बेन डकेट (25 रन) और जॉक क्राले (28 रन) के विकेट गंवा दिए। डकेट ने पहली पारी में 68 गेंद में 84 रन की पारी खेली थी। दूसरे दिन सुबह न्यूजीलैंड ने तीन विकेट पर 37 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और उसके इंग्लैंड के स्कोर के करीब पहुंचने की जरा भी उम्मीद नहीं लग रही थी लेकिन पहली पारी खत्म करने के बाद वह इंग्लैंड से महज 19 रन से पिछड़ रही थी। डेवोन कॉनवे ने रात की 19 रन की पारी को अर्धशतक में तब्दील किया और 77 रन की पारी खेली।

# सौराष्ट्र ने बंगाल पर शिकंजा कसा

● रणजी: वसावडा का नाबाद अर्धशतक

**भाषा।** कोलकाता



**मध्यक्रम बल्लेबाज** अर्पित वसावडा ने तीन साल पहले बंगाल की रणजी ट्राफी जीतने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया था और शुकवार को वह फिर से यहां इस सत्र के फाइनल के दूसरे दिन नाबाद 81 रन की पारी खेलकर यही भूमिका निभा रहे हैं जिससे सौराष्ट्र की टीम अपने दूसरे खिताब के करीब बढ़ रही है। सौराष्ट्र के उप कप्तान ने राजकोट में 2020 फाइनल में 106 रन की पारी खेलकर मैच विजई पहली पारी की बढ़त दिलाई थी और एक बार फिर उन्होंने बंगाल के लिए मुश्किल खड़ी की। वसावड़ा ने शेल्डन जैक्सन (59 रन) और चिराग जानी (नाबाद 57 रन) के साथ दो अहम साझेदारियां निभा ली हैं। वसावडा और जानी के बीच 113 रन की नाबाद भागीदारी ने सौराष्ट्र को पहली पारी में 143 रन की बढ़त बनाने में मदद की। बंगाल की टीम पहली पारी में 174 रन पर सिमट गई और इसके जवाब में सौराष्ट्र की टीम दूसरे दिन स्टंप तक पांच विकेट गंवाकर 317 रन बना चुकी थी। सेमीफाइनल में कर्नाटक के खिलाफ मैच विजई दोहरा शतक जड़ने वाले वसावड़ा ने इसी फॉर्म को जारी रखते हुए 155 गेंद की नाबाद पारी के दौरान 11 चौके जड़े। जानी भी 10 बार गेंद सीमारेखा के पार कर चुके हैं ।

## सौराष्ट्र के कोच ने कहा, बंगाल को जल्दी बाहर करना चाहेंगे

**कोलकाता।** सौराष्ट्र के मुख्य कोच नीरज ओडेड्रा का कहना है कि वे रणजी ट्राफी के फाइनल के तीसरे दिन लंबे समय तक बल्लेबाजी कर बंगाल को मैच से बाहर करना चाहेंगे। ओडेड्रा ने शुक्रवार को कहा, हमें थोड़े लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी होगी। हम कल लंच तक पहले सत्र तक टिके रहना चाहते है। अगर हम इसे शाम तक बढ़ा सकते है तो यह बेहतर होगा। हम जितने लंबे समय तक बल्लेबाजी करेंगे, उतना ही बेहतर होगा। विकेट भी थोड़ा आसान होगा, यह कल थोड़ा और बेहतर होगा। भारत मे ज्यादातर विकेट ऐसे ही है, जैसे ही नमी कम होती है ऐसा ही होता है। वही बंगाल के कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला पहली पारी की बढ़त गंवाने के बावजूद यह मानने को तैयार नही है कि उनके लिए चीजे खत्म हो गई है।

### मैक्सवेल चोट से उबरने के बाद वापसी के लिए तैयार

**भाषा। मेलबर्न**

**ऑस्ट्रेलिया** के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पैर की चोट से उबरने के बाद अब वापसी के लिए तैयार हैं तथा क्लब क्रिकेट के एक मैच में अपनी फिटनेस का आकलन करने के बाद वह शेफील्ड शील्ड के मैच में खेल सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के नवंबर में आईसीसी टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के कुछ दिन बाद अपने दोस्त की जन्मदिन पार्टी में मैक्सवेल के बाएं पांव में फ्रैक्चर हो गया था। सीमित ओवरों के विशेषज्ञ 34 वर्षीय मैक्सवेल इस सप्ताहांत तीन महीने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। उनके दक्षिण आस्ट्रेलिया के खिलाफ विक्टोरिया की तरफ से शेफील्ड शील्ड मैच में खेलना तय है। मैक्सवेल शनिवार को क्लब टीम फिट्जराय-डॉनकास्टर के लिए खेलेंगे, जिसके बाद उनका फिटनेस टेस्ट होगा। फिटनेस टेस्ट में सफल होने के बाद वह सोमवार को दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जंक्शन ओवल में होने वाले शील्ड मैच में उतरेंगे।